@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 33 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है जल जीवन मिशन : प्रधानमंत्री

सिम्मी कौर बब्बर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जल जीवन मिशन, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि घर पर ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ÷यह एक अच्छा परिदृश्य है कि किस प्रकार से जल जीवन मिशन महिला सशक्तिकरण को विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में आगे बढ़ा रहा है। अपने घर में ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी। इसका लक्ष्य 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल का पानी पहुंचाना था। इसकी शुरुआत के समय, केवल 3.23 करोड़ (17 प्रतिशत) ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, 6 अक्टूबर, 2024 तक, जल जीवन मिशन ने 11.95 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन सफलतापूर्वक प्रदान किए हैं, जिससे कुल कवरेज 15.19 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच गई है, जो भारत के सभी ग्रामीण घरों का 78.58 प्रतिशत है। मिशन ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल कर लिया है, जिसने ग्रामीण लोगों के जीवन को उनके घरों में पीने योग्य पानी तक विश्वसनीय पहुँच प्रदान करके गहरा प्रभाव डाला है।

## कश्मीर के मैदानों में हुई मौसम की पहली बर्फबारी, श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंद

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों और कई अन्य इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी हुई, जबकि ऊंचे इलाकों में मध्यम बारिश हुई। घाटी के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में सुधार हुआ है। शोपियां, पुलवामा और बारामुला के मैदानी इलाकों के साथ-साथ अनंतनाग, बडगाम और बांदीपोरा के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई है। हालांकि, जम्मू और कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में बर्फबारी नहीं हुई है। इसी बीच गुलमर्ग, सोनमर्ग, तंगमर्ग, गुरेज और जोजिला दर्रे के पर्यटक रिसॉर्ट्स सहित घाटी के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार दोपहर से मौसम की स्थिति में सुधार का अनुमान लगाया है। जोजिला दर्रे पर बर्फ जमा होने के कारण श्रीनगर-लेह राजमार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया गया है, जबकि



बांदीपोरा-गुरेज मार्ग और मुगल रोड भी बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने बर्फ हटाने और सड़क यातायात बहाल करने के लिए कर्मचारियों और मशीनों को तैनात किया है। अधिकारियों ने कहा कि 20 दिसंबर तक मुख्य रूप से शुष्क स्थिति बनी रहने की उम्मीद है। इस बीच बादल छाए रहने के कारण श्रीनगर समेत घाटी में रात के तापमान में वृद्धि हुई। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात शून्य से नीचे 3 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर के प्रवेश द्वार शहर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि उत्तरी कश्मीर के कुपवा?ा में न्यूनतम 0.5 डिग्री सेल्सियस और दक्षिणी कश्मीर के कोकरनाग में शून्य से नीचे 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। फडणवीस ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट स्वरूप दी। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर पोस्ट किया, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके बहुमूल्य समय, मार्गदर्शन, आशीर्वाद और महाराष्ट्र के पीछे दृढ़ता से खड़े रहने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। पिछले 10 वर्षों में, आपके समर्थन से महाराष्ट्र लगभग हर क्षेत्र में नंबर 1 है और अब आपके नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकास की इस यात्रा को अगले स्तर पर ले जाने का लक्ष्य है। आप हमेशा हमारे जैसे करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरणा देते रहे हैं। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेन्द्र फडणवीस की यह पहली नई दिल्ली की यात्रा है।

इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की थी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन द्वारा



288 सीटों में से 230 सीटें जीतने के बाद 5 दिसंबर को फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि शिंदे और राकांपा नेता अजित पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन बोले, राहुल गांधी ने भरोसा दिया, आर्थिक मदद नहीं की

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा में मारे गए बिलाल, रूमान, अयान और कैफ के परिजनों ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी से दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद मृतकों के परिजनों ने दावा किया कि उन्हें कोई सहायता राशि नहीं दी गई है। परिजनों के मुताबिक दोनों सांसदों से मुलाकात अच्छी रही। अदनान ने बताया, कल (11 दिसंबर) हम दिल्ली गए थे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने मुलाकात की। दोनों बड़े नेताओं के साथ मुलाकात कर अच्छा लगा। उन्होंने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

## 'हर घर जल गांव' बसाएगी योगी सरकार

नरेश मल्होत्रा

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** योगी सरकार महाकुम्भ-2025 में 'हर घर जल गांव' बसाएगी। पेयजल का समाधान, मेरे गांव की पहचान थीम पर यह 'गांव' 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसेगा। इसमें एक तरफ जहां जल जीवन मिशन बुंदेलखंड में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी सुनाई जाएगी, वहीं दूसरी तरफ महाकुम्भ में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नए गांवों की सफलता की दास्तां से भी श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी परिचित होंगे। योगी सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुम्भ में इसकी तैयारी कर रहा है।

**51 दिन तक चलेगी प्रदर्शनी, होंगे अलग-अलग कार्यक्रम**

कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में योगी सरकार के प्रयास से पेयजल



की समस्या का समाधान हो गया है। सफलता की इस कहानी को लेकर 'पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान' थीम पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 5 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। 51 दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बुंदेलखंड में बदलाव की कहानी बयां करेंगी। बांदा, झांसी, चित्रकूट के जिन गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी, वहां भी योगी सरकार ने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल पहुंचाया। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। वे भी डबल इंजन सरकार के अतुलनीय कार्य को महाकुम्भ में शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को बयां करेंगी।

ललितपुर से सटे मध्य प्रदेश के बॉर्डर के 'बाल विहट' गांव में एक ही कुआं था। इसमें सांप रहते थे, इसके बावजूद यहां के लोग कभी उसी कुएं का पानी पीते थे। मोदी-योगी सरकार ने इस गांव के लोगों को भी शुद्ध पेयजल पहुंचाया। यहां के ग्रामीण भी बदलाव की गाथा बयां करेंगे। महाकुम्भ में देश के विभिन्न राज्यों व हिस्सों से श्रद्धालु, पर्यटक आएंगे। इसलिए प्रदर्शनी में हर जानकारी बहुआयामी भाषाओं में मिलेगी। यहां हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू व मराठी में लोग जल जीवन मिशन के माध्यम से बदले यूपी के बारे में अवगत हो सकेंगे। प्रदर्शनी में जल जीवन मिशन से विंध्य-बुंदेलखंड में आए बदलाव को लेकर सफलता की कहानी का भी संकलन पुस्तक के माध्यम से प्रदर्शित होगा।

## प्रधानमंत्री शुक्रवार को उत्तर प्रदेश का करेंगे दौरा, प्रयागराज को देंगे 6670 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

सौरभ शर्मा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का दौरा करेंगे। इस दौरान वे महाकुंभ-2025 के लिए विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे और 6670 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 दिसंबर को उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। वे प्रयागराज जाएंगे और दोपहर करीब 12¬15 बजे संगम नोज पर पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12¬40 बजे प्रधानमंत्री अक्षय वट वृक्ष पर पूजा करेंगे और उसके बाद हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन और पूजा करेंगे। दोपहर करीब 1:30



बजे वे महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे वे प्रयागराज में 6670 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसमें प्रयागराज में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और निर्बाध संपर्क प्रदान करने के लिए 10 नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) या फ्लाईओवर, स्थायी घाट और रिवरफ्रंट सड़कें जैसी विभिन्न सड़क परियोजनाएं शामिल होंगी। स्वच्छ और निर्मल गंगा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री गंगा नदी की ओर जाने वाले छोटे नालों को रोकने, टैप करने, मोड़ने और उपचारित करने की परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे, जिससे नदी में अनुपचारित पानी का शून्य निर्वहन सुनिश्चित होगा। वे पेयजल और बिजली से संबंधित विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री प्रमुख मंदिर गलियारों का उद्घाटन करेंगे, जिसमें भारद्वाज आश्रम गलियारा, श्रृंगवेरपुर धाम गलियारा आदि शामिल होंगे। ये परियोजनाएं श्रद्धालुओं की पहुंच को आसान बनाएंगी और आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री कुंभ सहायक चैटबॉट भी लॉन्च करेंगे जो महाकुंभ मेला 2025 में श्रद्धालुओं को कार्यक्रमों के बारे में मार्गदर्शन और अपडेट देने के लिए विवरण प्रदान करेगा।

## लोकसभा अध्यक्ष ने कहा-कल्याण बनर्जी की टिप्पणी मर्यादा के अनुकूल नहीं

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस सदस्य कल्याण बनर्जी की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सदस्यों से आग्रह किया कि सहमति-असहमति अपनी जगह है लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी सदन की मर्यादा के अनुकुल नहीं है। लोकसभा में कार्यवाही के प्रारंभ में ही अध्यक्ष बिरला ने सदन को अवगत कराया कि कल्याण बनर्जी ने कल की अपनी टिप्पणी पर माफी मांग ली है और उन्हें लिखित तौर पर भी दे दी है। उन्होंने कहा कि सदन में किसी सदस्य को व्यक्तिगत, जातिगत और लिंग विशेष टिप्पणी से बचना चाहिए। सकारात्मक व्यंग्य हों लेकिन किसी पर इस तरह की




टिप्पणी न हो। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस सदस्य कल्याण बनर्जी के बुधवार को लोकसभा में दिये एक बयान पर विवाद पैदा हो गया था। उनकी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर की गई टिप्पणी पर महिला सांसदों ने आपत्ति जताई थी। भाजपा की महिला सदस्यों ने संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात कर कल्याण बनर्जी की शिकायत भी की थी। लोकसभा में उनके बयान पर हुए हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करने के बाद तीसरी बार दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई थी।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के वक्तव्य पर राज्यसभा में चर्चा की मांग

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज द्वारा दिए गए कथित विवादित बयान का मुद्दा गुरुवार को राज्यसभा में उठया गया। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज द्वारा दिए गए वक्तव्य पर नियम 267 के तहत चर्चा की मांग की। हालांकि सभापति ने इस विषय पर चर्चा की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि नियम 267 के तहत इस पर चर्चा नहीं हो सकती। सभापति ने कहा कि इस संदर्भ में नियम बहुत स्पष्ट है जो कि हम ही लोगों द्वारा बनाया गया है। गौरतलब है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव ने बीते दिनों प्रयागराज में आयोजित विश्व हिंदू परिषद की लीगल सेल के एक कार्यक्रम में यह कथित विवादित बयान दिया था।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को किया ढेर, शव बरामद

**दंतेवाड़ा,।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया। सभी नक्सलियों के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि यह एक संयुक्त ऑपरेशन है, जिसमें सभी बलों ने मिलकर नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान उनके पास से कई ऑटोमैटिक हथियार और नक्सली सामान भी बरामद किया गया है। अभी भी मुठभेड़ जारी है। बस्तर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले यह कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने ट्वीट में कहा, बहादुर जवानों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है।दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय और नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने जानकारी दी है कि अबूझमाड़ के दक्षिणी क्षेत्र में पूर्वी बस्तर डिवीजन और इंद्रावती एरिया कमेटी के 50 से 60 नक्सलियों (माओवादियों) की



मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद 10 दिसंबर को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बस्तर और कोंडागांव जिले की डीआरजी टीम के साथ एसटीएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी को दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना किया गया था। आज गुरुवार सुबह 3 बजे से 4 जिलों का संयुक्त नक्सल ऑपरेशन शुरू हुआ, यह अभी चल रहा है।

## अहमदाबाद के साणंद में एनआईए ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया

**अहमदाबाद।** जिले के साणंद के मदरसा में कार्यरत एक व्यक्ति को उसकी संदिग्ध गतिविधियों को लेकर नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एनआईए की यह कार्रवाई आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के साथ उसके कनेक्शन को लेकर की गई है। एनआईए के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार एनआईए को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के जरिए देश में आतंकी संगठन की जड़ें फैलाने और इसके माध्यम कट्टरपंथियों को जोड़ने की जानकारी मिली थी। इसके बाद गुरुवार को एनआईए ने अहमदाबाद के निकट साणंद के एक मदरसा में नौकरी कर रहे आदिल को हिरासत में लिया है। सेंट्रल जांच एजेंसी को इस संबंध में इनपुट मिला था कि आदिल सोशल प्लेटफार्म पर आतंकी गतिविधियों से जुडकर देशविरोधी कामों में लिप्त है। फिलहाल एनआईए इस संबंध में पूछताछ कर विस्तृत जानकारी एकत्रित करने में जुटी है।कार्रवाई के दौरान एनआईए के साथ अहमदाबाद जिले की पुलिस भी साथ थी। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से आतंकी संगठन की जड़ें सोशल मीडिया के विभिन्न




प्लेटफार्म के जरिए फैलने में लगी हैं। इसके तहत सोशल मीडिया पर कई ग्रुप बनाकर लोगों को इसमें जोडा जा रहा है। इसके बाद इस ग्रुप में अलग-अलग मॉड्यूल में इस्लामिक कट्टरपंथी विचारधारा के साथ जोडकर उन्हें आतंकी संगठनों के विचारधारा से परिचित कराया जाता है। इस संबंध में सेंट्रल जांच एजेंसियों को कई इनपुट मिले थे।

## मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति व वक्फ संशोधन कानून को लेकर सांसदों से सम्पर्क कर रही विहिप

**लखनऊ।** वक्फ कानून में संशोधन और मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) देश के सभी दलों के सांसदों से सम्पर्क कर रही है। सम्पर्क के दौरान विहिप के पदाधिकारी सांसदों को वक्फ कानून,मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति व संगठन की उपलब्धियों का पत्रक सौंप रहे हैं। सांसद सम्पर्क अभियान तीन चरणों में सम्पन्न होगा। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद केन्द्रीय विशेष सम्पर्क प्रमुख अम्बरीश ने दी। अम्बरीश ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि सांसद सम्पर्क अभियान 20 दिसम्बर तक तीन चरणों में चलेगा। प्रथम चरण में दक्षिण भारत के राज्यों जिसमें कर्नाटक,केरल,तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश,तेलंगाना,उड़ीसा,पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों से सम्पर्क हो चुका है। इस समय दूसरे चरण के



सम्पर्क अभियान में मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़,गुजरात,राजस्थान,दिल्ली,हरियाणा पंजाब,हिमाचलप्रदेश और जम्मू कश्मीर के सांसदों से सम्पर्क विहिप के कार्यकर्ता कर रहे हैं। अम्बरीश ने बताया कि सम्पर्क कार्यक्रम का तीसरा और अंतिम चरण आगामी 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक चलेगा। अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश,उत्तराखण्ड,बिहार और असम समेत पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के सांसदों से सम्पर्क की योजना बनी है। विभिन्न प्रान्तों के सांसदों से सम्पर्क उस प्रदेश के विहिप पदाधिकारी दिल्ली पहुंचकर कर रहे हैं। अम्बरीश ने कहा कि विहिप के कार्यकर्ता सभी दलों के सांसदों से सम्पर्क कर रहे हैं। अब तक 260 सांसदों से सम्पर्क हो चुका है। इस दौरान वक्फ कानून संशोधन और मंदिरों को स्वायत्तता देने के लिए विहिप द्वारा तैयार किये गये प्रारूप की प्रति सौंप रहे हैं। अम्बरीश ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि सम्पर्क के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का समर्थन करने की अपील सांसदों से की जा रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने का यह उत्तम समय है।

## बांग्लादेश पर कब्जा कर हिंदू देश बनना चाहिए: आरडी बख्शी

**जबलपुर।** रिटायर्ड मेजर जनरल आरडी बख्शी ने कहा कि अब पाकिस्तान के चार टुकड़े करने का समय आ गया है। बांग्लादेश हेकड़ी दिखा रहा है। सिलीगुड़ी (बंगाल) के पास बांग्लादेश के हिस्से पर कैप्चर कर लेना चाहिए। यहां विस्थापित हिंदुओं को बसाकर हिंदू देश बनना चाहिए। रिटायर्ड मेजर जनरल बख्शी बुधवार देर शाम जबलपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। वे यहां पराक्रम फाउंडेशन के कार्यक्रम में पहुंचे। फाउंडेशन की ओर से उनका सम्मान कार्यक्रम रखा गया था। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति बहुत ही चुनौतीपूर्ण है। 1971 में जब हमने युद्ध किया था, तो दक्षिण एशिया की स्थिति का कायापलट कर दिया था। आज स्थिति दूसरी है। अमेरिका की सीआईए (केंद्रीय खुफिया एजेंसी) ने पाकिस्तान की आईएसआई (इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस) के साथ मिलकर बांग्लादेश में तख्तापलट कर दिया। उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश में हालात ऐसे बन गए हैं कि हिंदुओं को प्रताड़ित कर रहे हैं, उनकी हत्या कर रहे हैं, महिलाओं के साथ बलात्कार कर रहे हैं, मंदिर तोड़ रहे हैं। अब तो बांग्लादेश यहां तक कह रहा है कि हम दिल्ली में आगमन करेंगे। हमारी पीढ़ी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े किए थे। आज की युवा पीढ़ी के लिए चुनौती का समय है। चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश के साथ घर के भेदियों से भी लड़ना है। रिटायर्ड मेजर जनरल बख्शी ने महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती के लिए कहा कि आस्तीन का सांप पूरे देश में अगर कोई जीती जागती मिसाल है, तो वह है इल्तिजा महबूबा मुफ्ती।

## केंद्रीय कैबिनेट ने 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े विधेयक को दी मंजूरी

तेजिन्दर कौर बब्बर

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकार इसे अगले सप्ताह संसद में पेश कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में आज इसे मंजूरी प्रदान की गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान की थी। समिति ने देश में केन्द्र, राज्यों और स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने से जुड़ी व्यवस्था पर अपनी सिफारिशें प्रदान की थीं। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने उस समय जानकारी दी थी कि सरकार इस विषय पर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी और समय आने पर इस पर संविधान संशोधन विधेयक लाया जाएगा। उन्होंने कहा था कि विभिन्न राजनीतिक दलों और बड़ी संख्या में पार्टियों के नेताओं ने वास्तव में एक देश एक चुनाव पहल का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि देश में 1951 से 1967 तक एक साथ चुनाव होते रहे हैं। वर्ष 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि पांच साल में लोकसभा और सभी विधानसभाओं का एक चुनाव होना चाहिए ताकि देश में विकास होता रहे। संसदीय समिति ने 2015 में अपनी 79वीं रिपोर्ट में सरकार से दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के तरीके सुझाने को कहा था। मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और पिछली सरकार के दौरान ही अपनी सिफारिशें दीं। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव करायें जायें। केन्द्र और राज्यों में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जायें।

## एनएचआरसी ने कोलकाता में सात माह की बच्ची से यौन उत्पीड़न की घटना का स्वतः संज्ञान लिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कोलकाता में सात महीने की बच्ची को फुटपाथ से अगवा कर उसका यौन उत्पीड़न करने की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बच्ची एक बेघर दंपति की बेटी है। कुछ लोगों ने घटना के बाद उसे फुटपाथ पर पड़ी हुई पाया और पुलिस को सूचना दी।आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में एफआईआर की स्थिति, पीड़ित बच्ची का स्वास्थ्य और पीड़ित परिवार को दिए गए मुआवजे (यदि कोई हो) की जानकारी भी मांगी गई है। आयोग का कहना है कि 5 दिसंबर को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित बच्ची का कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## ब्रिक्स राइटर्स और जर्नलिस्ट फोरम ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर रामदरश मिश्र के लिए की पद्मश्री की मांग

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स राइटर्स और जर्नलिस्ट फोरम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर शती साहित्यकार रामदरश मिश्र के लिए पद्मश्री की मांग की है। मिश्र देश के एकमात्र जीवित साहित्यकार हैं, जिन्होंने शिक्षक, कवि, कथाकार, समीक्षक, गजलकार और निबंधकार के रूप में पिछले 75 वर्षों से अपनी कलम से साहित्य की निरंतर सेवा कर रहे हैं। 1924 में उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव में जन्मे हिंदी साहित्य के शिखर पुरुष प्रोफेसर रामदरश मिश्र की रचनाओं में उनकी ग्रामीण पृष्ठभूमि और परिवेश जीवंत हो उठते हैं। टेक्नोलॉजी के अभाव से टेक्नो युग तक उनकी रचनाशीलता अविरल बहती रही है। ब्रिक्स राइटर्स और जर्नलिस्ट फोरम के अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सुधांशु ने कहा कि रामदरश मिश्र न केवल रचनात्मकता के लिए बल्कि अपनी जीवटता के लिए भी भारत के लिए धरोहर हैं। उन्होंने अपनी रचना यात्रा कविता से शुरू की किंतु कहानी और उपन्यास के क्षेत्र में भी उनकी उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। छठे और सातवें दशक में मिश्र का प्रथम कविता संग्रह 'पथ के गीत'(1951), प्रथम उपन्यास पानी के प्राचीर (1961) और पहला कहानी संग्रह 'खाली घर' (1968) प्रकाशित होते हैं। रामदरश मिश्र मूलतः अभिशप्त जीवन के पक्षधर लेखक हैं।

## महिला हेल्पलाइन में अबतक 81.64 लाख से ज़्यादा महिलाओं को दी गई सहायता

**नई दिल्ली।** महिला हेल्पलाइन के माध्यम से देश भर में अबतक 81.64 लाख से ज्यादा महिलाओं की मदद की गई है। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्रीसावित्री ठाकुर ने बुधार को एक प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा में दी। उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन का लक्ष्य सार्वजनिक और निजी दोनों जगहों पर महिलाओं को 181 नंबर के माध्यम से साल भर, चौबीसों घंटे आपातकालीन और गैर-आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि महिला हेल्पलाइन योजना 1 अप्रैल, 2015 को शुरू की गई थी। यह मिशन शक्ति के तहत संबल वर्टिकल का एक घटक है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक और निजी दोनों जगहों पर महिलाओं को पुलिस, वन स्टॉप सेंटर, अस्पताल, कानूनी सेवा प्राधिकरण आदि जैसे उपयुक्त अधिकारियों से जोड़कर टेलीफ़ोनिक शॉर्ट-कोड 181 के ज़रिए 24×7×365 आपातकालीन और गैर-आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, यह महिला कल्याण योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। वर्तमान में महिला हेल्पलाइन 35 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत है। पश्चिम बंगाल सरकार ने इस सुविधा को लागू नहीं किया है।

## प्रधानमंत्री ने महान तमिल कवि सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन किया। उनके संपूर्ण कार्यों का 23 खंडों का संग्रह सीनी विश्वनाथन द्वारा संकलित और संपादित किया गया है और एलायंस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसमें सुब्रमण्य भारती के लेखन के संस्करणों, स्पष्टीकरणों, दस्तावेजों, पृष्ठभूमि की जानकारी और दार्शनिक प्रस्तुति आदि का विवरण शामिल है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती की रचनाओं के संकलन का विमोचन करते हुए वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत और प्रत्येक व्यक्ति के सशक्तीकरण के लिए सुब्रमण्य भारती का दृष्टिकोण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

# युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद में कहा कि आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवा इनोवेटर के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का अलग नजरिया है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते हैं। ऐसे में जब आपको नई चुनौतियां मिलती हैं तो उनके नये और अनोखे समाधान खोजकर दिखाते हैं उन्होंने कहा कि वह पहले भी हैकथॉन में भाग ले चुके हैं और युवा इनोवेटर्स ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। उन्होंने मनोबल बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस



नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए लगातार नए-नए समाधानों की ज़रूरत होती है। इनोवेटर्स की टीम के समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने साइबर सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिस समाधान पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के फ्यूचर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसके विपरीत देश के दुश्मन, भारत में हथियारों और ड्रग्स के तस्करी में ड्रोन का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि युवा इनोवटर्स सभी, ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं।केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में स्टार्टअप की संख्या सैकड़ों में होती थी वो आज डेढ़ लाख तक पहुंच गई है। यूनिकॉर्न हमारे देश में बन रहा है। देश के सभी केंद्र शासित प्रदेशों के 10 हजार से अधिक विद्यार्थी इस फिनाले में हिस्सा ले रहे हैं। हैकाथॉन में 51 केंद्रों से 1300 विद्यार्थियों की टीम हिस्सा ले रही हैं।

## बुज़ुर्गों की देखभाल में निजी क्षेत्र की भागीदारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग आम समस्याओं के अनोखे और अभिनव समाधानों को बढ़ावा देने के लिए सीनियर-केयर एजिंग ग्रोथ इंजन (एसएजीई) योजना चला रहा है। इस योजना के तहत, बुजुर्गों के कल्याण के लिए उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं के लिए अभिनव स्टार्ट-अप की पहचान की जाती है और उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। स्टार्ट-अप का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है और सामूहिक निवेश के रूप में राशि प्रदान की जाती है, बशर्ते कि सरकारी निवेश फर्म के कुल निवेश का 49 प्रतिशत से अधिक न हो। यह जानकारी केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने आज राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि यह पहल विभाग के परामर्श से आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड (निवेश प्रबंधक) के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। पिछले तीन वर्षों के दौरान विभाग द्वारा कुल 14 स्टार्ट-अप को वित्त सहायता दी गई है। इसके अलावा विभाग, वरिष्ठ नागरिक गृहों (वृद्धाश्रम) और सतत देखभाल गृहों आदि के संचालन तथा रखरखाव के लिए गैर-सरकारी तथा स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान सहायता भी प्रदान कर रहा है। इन जगहों पर निर्धन वरिष्ठ नागरिकों को आश्रय, पोषण, चिकित्सा और मनोरंजन जैसी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) के अंतर्गत राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के घटक के लिए तीसरे पक्ष द्वारा मूल्यांकन अध्ययन किया गया है।

## ग्राम पंचायतों में इंटरनेट और वाई-फाई सुविधा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। इसके अलावा सरकार ने भारतनेट चरण- I और चरण- II के मौजूदा नेटवर्क के उन्नयन, शेष ग्राम पंचायतों में नेटवर्क के निर्माण के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को मंजूरी दी है। संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासनी चंद्रशेखर ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम मांग के आधार पर शेष गैर-ग्राम पंचायतों वाले गांवों (लगभग 3.8 लाख) को ऑप्टिकल फाइबर (ओएफ) कनेक्टिविटी भी प्रदान करता है। कई ग्राम पंचायतों में स्थापित उपकरणों द्वारा वाई-फाई सेवा का समर्थन किया जाता है। एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि भारत 6जी एलायंस ने कार्य समूहों में से एक के रूप में हरित और स्थिरता समूह का गठन किया है। इस कार्य समूह ने टिकाऊ और हरित 6जी को आगे बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा की सिफारिश की है। यह रूपरेखा विशेष रूप से भारतीय दूरसंचार क्षेत्र के लिए तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य इस उद्योग के हर पहलू में स्थिरता लाना है। इस रूपरेखा में पांच प्रमुख चालक यानी एकीकृत टिकाऊ शासन, हरित नेटवर्क अवसंरचना, परिपत्र अर्थव्यवस्था एवं ई-कचरा प्रबंधन, नवाचार एवं क्षमता निर्माण और नीति वकालत एवं सहयोगात्मक शासन शामिल हैं, ताकि सामूहिक रूप से टिकाऊ परिपाटी को नियंत्रित किया जा सके और उन्हें बढ़ावा दिया जा सके।

# राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में सतत और समावेशी विकास के विषयों में उनके अनुकरणीय योगदान को मान्यता देते हुए विभिन्न श्रेणियों में चुने गए 45 पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की लगभग 64 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। इसलिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों और ग्रामीणों का विकास और सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पिछले एक दशक में सरकार ने पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए गंभीर प्रयास किए हैं, जिसका उद्देश्य ठोस परिणाम प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीय निकायों के आधार पर ही विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। पंचायतों को अपने राजस्व के स्रोत विकसित करके आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। यह आत्मनिर्भरता ग्राम सभाओं को




आत्मविश्वास और देश को ताकत देगी। राष्ट्रपति ने 'राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार' के सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनके समर्पण और प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मान उन्हें और भी बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और अन्य ग्राम पंचायतों को भी गांव के विकास के लिए सार्थक प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बना रही हैं। यह खुशी की बात है कि महिला प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने उनसे पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्भीकता और पूरी दक्षता के साथ निर्वहन करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महिला पंचायत प्रतिनिधियों के परिवार के सदस्यों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रवृत्ति अभी भी कुछ स्थानों पर मौजूद है। उन्होंने महिला प्रतिनिधियों से कहा कि वे ऐसी प्रथाओं को खत्म करें और खुद को स्वतंत्र नेता के रूप में स्थापित करें। राष्ट्रपति ने कहा कि चुनाव जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि पंचायत चुनाव समय पर और निष्पक्ष तरीके से हों। उन्होंने चुनाव के दौरान और उसके बाद भी चुनावी हिंसा की घटनाओं की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया हमेशा सौहार्द्रपूर्ण माहौल में होनी चाहिए। यह याद रखना चाहिए कि गांव के लोग अपने बीच से ही अपने हित के लिए अपने प्रतिनिधि चुन रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जवाबदेह बनाना तथा प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाना है।

## भारत-नेपाल ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर जताई चिंता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नेपाली सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल अशोक राज सिगडेल ने भारत की आधिकारिक यात्रा के दूसरे दिन कई उच्च स्तरीय बैठकें कीं। भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ गहन बातचीत में उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके वीरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने साउथ ब्लॉक में एक शानदार गार्ड ऑफ ऑनर का भी निरीक्षण किया।

जनरल अशोक राज सिगडेल ने आज के दिन की शुरुआत नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के साथ की। जनरल सिगडेल ने देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। स्मरण का यह क्षण दिन के कार्यक्रमों की एक मार्मिक शुरुआत थी, जो साहस और बलिदान के साझा मूल्यों का सम्मान करने के लिए नेपाल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जनरल सिगडेल को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में यह औपचारिक समारोह दोनों देशों के



बीच स्थायी मित्रता का प्रतीक था। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद भारतीय सेना के सीओएएस जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जनरल सिगडेल का साउथ ब्लॉक में स्वागत किया। जनरल सिगडेल दोनों सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल हुए। उन्होंने भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ गहन बातचीत में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नेपाल को फील्ड अस्पतालों से संबंधित एक टारगेट प्रैक्टिस ड्रोन और चिकित्सा उपकरण सौंपने की घोषणा की। बाद में जनरल सिगडेल को भारत के सुरक्षा परिप्रेक्ष्य और सेना डिजाइन ब्यूरो के साथ आपसी हितों के मामलों पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने जानकारी दी। उन्हें भारत की वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा रणनीतियों के बारे में जानकारी दी गई और दोनों देशों के बीच संभावित सहयोग पर प्रकाश डाला गया।

## सफदरजंग अस्पताल में स्तनपान प्रबंधन यूनिट की शुरुआत, 2000 से अधिक नवजात शिशु होंगे लाभान्वित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में स्तनपान प्रबंधन यूनिट (एलएमयू) की शुरुआत की गई। यह केन्द्र सालाना 2000 नवजात शिशुओं को लाभान्वित करेगा, जो सफदरजंग अस्पताल के मदर न्यूबॉर्न इंटेंसिव केयर यूनिट (एमएनआईसीयू ) में भर्ती होंगे। इस केन्द्र की शुरुआत के अवसर पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने इसे महत्वूपर्ण उपलब्धि बताते हुए समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि अध्ययनों से पता चला है कि स्तनपान भारत की अर्थव्यवस्था में 626 मिलियन अमेरिकी डालर जोड़ सकता है। स्तनपान प्रबंधन यूनिट की सुविधा सफदरजंग अस्पताल में नवजात मृत्यु दर और रुग्णता को काफी हद तक कम करेगी। मदर न्यूबॉर्न इंटेंसिव केयर यूनिट की प्रभारी डॉ. सुगंधा आर्य ने बताया कि देश में प्रति वर्ष 27 मिलियन बच्चे जन्म लेते हैं। इनमें पैदा हुए औसतन प्रति 1,000 जीवित बच्चों के मुकाबले 20 नवजात की मृत्यु हो जाती है। नव स्थापित 40 बिस्तरों वाला यह केन्द्र माताओं और शिशुओं के लिए वरदान साबित होगा। नवजात



शिशुओं के लिए मां का दूध सबसे अच्छा भोजन है। इस केन्द्र से हर छोटे और बीमार नवजात को मां का अपना दूध उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि देश में अधिकांश स्तनपान प्रबंधन इकाइयां एक ही अस्पताल में जन्मे शिशुओं (इंट्राम्यूरल शिशुओं) के लिए काम कर रही हैं। यह केंद्र सरकार के अस्पतालों में रेफर किए गए शिशुओं के लिए पहला एलएमयू है। इस केन्द्र में माताओं को नवजात शिशुओं के साथ भर्ती किया जाता है, जिसमें मां और बच्चे को अलग-अलग नहीं रखा जाता है।


### NAME CHANGE
I, PANKHUDI DEVI spouse of No. GS-192162X Rank- DVRMT-2), Name-MANGLA RAM R/o BOYAL MARG, GRAM JALKHA, JALKHA, JODHPUR, RAJASTHAN-342605, have changed my name from PANKHUDI DEVI to PANKUDI for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### NAME CHANGE
I, AAKANKSHA is daughter of No. GO-5786F Rank- AE (E&M), Name-GYANESHWAR VERMA R/o VILLAGE and POST-MASOOMPUR, DISTRICT BALLIA, UTTAR PRADESH-277303, have changed my name from AAKANKSHA to AAKANKSHA VERMA, and have changed my date of birth from 29092001 to 29/09/2001 for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### NAME CHANGE
I, ADITEE VERMA is daughter of No. GO-5786F Rank- AE (E&M), Name-GYANESHWAR VERMA R/o VILLAGE and POST-MASOOMPUR, DISTRICT BALLIA, UTTAR PRADESH-277303, I have changed my name from ADITEE VERMA to ADITI VERMA, and have changed my date of birth from 30/09/2005 to 30/03/2005 for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### NAME CHANGE
I, KUSHUM LATA spouse of No. GO-5786F Rank- AE (E&M), Name-GYANESHWAR VERMA R/o VILLAGE and POST-MASOOMPUR, DISTRICT BALLIA, UTTAR PRADESH-277303, I have changed my name from KUSHUM LATA to KUSUM LATA for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### NAME CHANGE
I, ARADHANA KARNA spouse of No. GS-185365Y Rank- STENOGRAPHER GRADE-A, Unit- HQ-DGBR, Name-MANIKANT KARNA R/o VILLAGE-SHRIPUR, POST OFFICE- SHRIPUR MAJRAHIYA, VIA-BAHERI, DISTT-SAMASTIPUR, STATE-BIHAR, PIN-847105, I have changed my name from ARADHANA KARNA to ARADHANA KUMARI KARNA for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### NAME CHANGE
I, AMIT KUMAR SINGH is son of No. GO-4104Y Rank- AEE (CIV), Name-RATTAN SINGH R/o HOUSE NO-26, HARPHALI(3), GADPURI, FARIDABAD, HARYANA-121004, have changed my name from AMIT KUMAR SINGH to AMIT KUMAR for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### NAME CHANGE
I, GOURAV KUMAR DAGAR is son of No. GO-4104Y Rank- AEE (CIV), Name-RATTAN SINGH R/o HOUSE NO-26, HARPHALI(3), GADPURI, FARIDABAD, HARYANA-121004, have changed my name from GOURAV KUMAR DAGAR to GOURAV DAGAR and date of birth from 17/07/1992 to 17/07/1993 for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### NAME CHANGE
. I, SUBHVAYA is daughter of No. GO-3066F Rank- EE (CIV), Name- CHANDRAMA PRASAD R/o VILL & PO-PRADHAN PUR, DISTT-BALLIA, UTTAR PRADESH, PIN-221712, I have changed my name from SUBHVAYA to SHUBHAVYA for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### NAME CHANGE
. I, No. GO-3066F Rank- EE (CIV), Name- CHANDRAMA PRASAD S/O LATE GULAB CHAND, R/o VILL & PO-PRADHAN PUR, DISTT-BALLIA, UTTAR PRADESH, PIN-221712, have changed my minor daughter name from DIYA PRASAD to DIYA for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### NAME CHANGE
I, AMARNANDA PRASAD spouse of No. GO-3066F Rank- EE (CIV), Name-CHANDRAMA PRASAD R/o VILL & PO-PRADHAN PUR, DISTT-BALLIA, UTTAR PRADESH, PIN-221712, have changed my name from AMARNANDA PRASAD to AMARNANDA for all future Purposes. Vide Affidavit dated 12/12/2024 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

### घोषणा
मैं, फैजान हुसैन पुत्र अनवर हुसैन, निवासी जी–140, भागीरथी विहार, दयालपुर, दिल्ली–110094, मेरा आधार संख्या 9873 4608 2096 और पैन संख्या APXPH2010P है, मैं दिनांक 01.12.2024 तक मुस्लिम धर्म का पालन करता था, लेकिन अब मेरा सनातन धर्म के प्रति मेरे झुकाव के कारण, मैंने कहीं से भी किसी भी प्रकार के बल या दबाव के बिना अपनी मर्जी से अपना मुस्लिम धर्म त्याग दिया है और, मैंने 02.12.2024 को अपना धर्म बदल कर सनातन/हिंदू धर्म को अपना लिया है, जिसके लिए मैंने विधिवत आर्य समाज वैदिक विवाह मंडल (पंजीकृत) बी–229, न्यू संजय अमर कॉलोनी, डॉ. हेडगेवार अस्पताल के पास, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली–110032, में पूजा/अनुष्ठान करने के बाद इस आशय के लिए वहाँ से प्रमाण पत्र संख्या 65/24, दिनांक 02.12.2024 प्राप्त किया है। मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम फैजान हुसैन से बदलकर राहुल कर लिया है, मैंने इसे 04.12.2024 के इकोनॉमिक टाइम्स में भी प्रकाशित किया है।

फैजान/राहुल
पुत्र अनवर हुसैन

### NAME CHANGE
I, Bhupender S/O Jaipal R/O -31 , Taimoor Nagar,New Friends Colony South Delhi, Delhi , Delhi -110025,have changed my name and shall hereafter be known as Bhupender Kapasia

### PUBLIC NOTICE
Public notice is hereby given that my client Mr. Pawan Shishodia S/o Mr. Satish Singh Shishodia, R/o 80, Shahpur Bamheta, Ghaziabad, is owner of Residential Double Storey House built-up on Freehold Plot No. 116, area measuring 68 Square Yards i.e. 56.85 Square Meters, out of Khasra No. 2939, situated at Man Sarovar Colony, in the Village Shahpur Bamheta, Pargana Dasna, Tehsil and District Ghaziabad, Uttar Pradesh, vide Sale Deed Dated 15.06.2021, Document No. 4012, Book No. 1, Jild No. 18095, Page No. 155 to 174, registered on 15.06.2021, with SR I, Ghaziabad, executed by Mrs. Kavita W/o Mr. Rakesh Giri, in favour of our client. The prior original Sale Deed 17.03.2021, Document No. 2575, Book No. 1, Jild No. 17986, Page No. 111 to 138, registered on 17.03.2021, with SR I, Ghaziabad, in favour of Mrs. Kavita W/o Mr. Rakesh Giri, has been lost. For the same a Lost Report has been lodged online on 12.12.2024 vide L. A. R. No. 20240000972606. On date, being the absolute owner of the said property, my client Mr. Pawan Shishodia, going to sell to Mrs. Anusuya Devi Rawat S/o Mr. Bishan Singh Rawat. The same is to be financed by Aadhar Housing Finance Ltd., branch Dadri, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh.
If any person(s) has/have found or any objection regarding the above said property, then kindly may submit the same or submit his/her objection within 7 days from the date of this Notice in writing to undersigned or the said Bank/FI. The said objection may be kindly sent to the undersigned/bank by way of the Registered Post on the address given below and by E-mail. Failing which, the claim as per aforesaid shall be treated as null and void in respect of the subject property.

Yours Faithfully,
**[RUPESH KUMAR ROUSHAN]**
Advocate
D-803, Nandgram, Ghaziabad, Uttar Pradesh 201003
roushan.rupesh@gmail.com

### NAME CHANGE
I, hitherto known as VIMLA W/o MOKAM SINGH residing at G-17-A, Ram Chowk, Pappu Colony, Sahibabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201005 have changed my name and shall hereafter be known as BIMLA DEVI.

### PUBLIC NOTICE
TO WHOM SO EVER IT MAY CONCERN
Mrs. Ruchika Chanana W/o Mr. Dinesh Chanana was the absolute owner of Built-up First Floor, upto Ceiling Level, having its Plinth/ Covered area measuring 116.58 Sq. Mtrs., alongwith 1/4th Undivided Share in Stilt Floor For Parking, Built on Property bearing No. 244-A/2, having land area measuring 168 Sq. Yds., (i.e.,140.46 Sq. Mtrs)., Pertaining to Khasra No. 468, situated in the abadi of Shivaji Gali, Pandit Park, in the area of Village Ghondli, Illaqa Shahdara, Delhi-110051 and whereas 1) Mr. Hemant Kumar, 2) Mr. Ved Vyas, 3) Mrs. Indu Chawla, 4) Mrs. Gagan Zadoo, 5) Mrs. Sonia Choudhary, 6) Mrs. Shikha, 7) Mr.
Harish Arora (Deceased on 06.09.2004), 8) Mrs. Parkash Devi & 9) Mrs. Sakshi Arora W/o Late Mr. Harish Arora are the only legal Heirs of Mr. Amar Nat (Died on dated 21.07.1975) and Mr. Harish Arora (Died on dated 06.09.2004) if anybody found above mentioned deed kindly contact on- 9540419009 (Advocate Deepak Malik) within 7 days.
Above Mentioned was published in Newspaper Impressive Times and Qaumi Patrika dated 12/12/2024 whereas no Claim received Till date i.e., 12/12/2024.

**Advocate Deepak Malik**
Off: -Shop no. 2, First Floor Kataria complex, Near Axis Bank, New RailwayRoad
Gurugram-122001

### NAME CHANGE
I, JONY KUMAR S/o PREM CHAND, R/o I-7, Bhagat Singh Park, 66 Foota Road, Siras Pur, North West Delhi, Delhi - 110042 have changed the name of my minor Daughter's name AMAIRA, aged 6 years and she shall hereafter be known as TEJASVI SONI.

### NAME CHANGE
I, Nahida Parveen W/o Mohd Fahim Malik R/o 3896, Top Floor, Sarak Prem Narayan Bazar, Sita Ram Bazar, Delhi-110006 have changed my name to Naheda Parveen.

### NAME CHANGE
I, hitherto known as BINDU KUMARI D/o BHUBNESHWAR NATH residing at M-9, Bishanpura, Sector-58, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201301 have changed my name and shall hereafter be known as RIYA KUMARI.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, MADHULIKA SAHA D/o BANA BIHARI SAHA R/o H.No. - 119, Lok Vihar Apartment, Vikas Puri, West Delhi, Delhi - 110018 declare that name of my Father has been wrongly written as SHRI B B SAHA in my B.ED and as B B SAHA in my CTET Educational Documents. The actual name of my Father is BANA BIHARI SAHA which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, POONAM KUMARI W/o KESHAV R/o H.No. - 4/2234, Street No. - 2, Near Railway Line, Bihari Colony, Shahadra, East Delhi, Delhi-110032 declare that name of my minor son has been wrongly written as BHAVISHAY in my minor son namely BHAVISHAY KUNDALIYA aged 15 year in his school record. The actual name of my minor son is BHAVISHAY KUNDALIYA which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, SUNITA DEVI W/o KARU SINGH, residing at N - 195, Mangolpuri, N Block , Mangolpuri, North West Delhi - 110083, declare that name of my Husband has been wrongly written as ASHOK SINGH in my minor Son namely MANKUSH age 16 years in his school record. The actual name of my Husband is KARU SINGH, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I, hitherto known as SHANTI DEVI W/o PAHLU RAM residing at 1389, Phase - 3, J J Cluster, Madanpur Khadar, Sarita Vihar, Soth Delhi, Delhi - 110076 have Changed my name and shall hereafter be known as PRAKASH DEVI.

### NAME CHANGE
I KRISHAN RATHORE S/O KAMLESH RATHORE R/O C-1/74 WELCOME SEELAMPUR 3RD,NORTH EAST DELHI-110053 HAVE CHANGED MY NAME TO KISHAN RATHORE

### NAME CHANGE
I, PAMMI KUMARI Wife of No-15177362H Rank-HAV (DMT) Name-PRAMOD KUMAR PANDEY Presently residing at VILL-TEKENPURA, PO-KUSUMAHARA, PS-SURYAPURA, DIST-ROHTAS, BIHAR-802218, have changed my name from PAMMI KUMARI to PAMMI PANDEY for all future purposes vide Affidavit dated 12/12/2024 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, Vikram Jeet Upadhyay S/o SH. Ram Tirth R/o House No C-7, Navjeevan Camp, Govind Puri Kalkaji, New Delhi 110019, I have changed my name from Vikramjeet to Vikram Jeet Upadhyay for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Tarun Motwani S/O Bhushan Kumar Motwani R/O - K802 Tower K, Logix Blossom Country, Sector 137 Noida, Gautam Buddha Nagar - UP- 201305 have changed my name to Tarun Kumar Motwani for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, JC-471197Y Rank-SUB Name-SAMPAT SINGH Presently residing at VILL-SHYAMPURA, PO-NUA, DIST-JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333041 have changed my daughter's name from KUMARI SANJANA KARNAWAT to SANJANA KARNAWAT for all future purposes vide Affidavit dated 12/12/2024 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I SONIA W/O VIJAY GUPTA R/O D-1/1, NANEEN SHAHDARA, DELHI-110032 HAVE CHANGED MY NAME TO SONIA GUPTA.

### NAME CHANGE
I, RAHUL KULDIP BEDI S/O LATE DR.KULDIP BEDI R/O A-14, NITI BAGH, NEW DELHI, SOUTH DELHI, DELHI-110049 have changed my name from RAHUL KULDIP BEDI to RAHUL BEDI for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, HIMANI VERMA W/O GAUTAM VERMA R/o H No 403, Sector 14,Near Junior DAV School, Gurgaon Haryana - 122001 have changed my minor daughter name from Shanvi Gurtoo to Shanvi Verma for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Vikash S/o Vishamber Singh R/o H.No-1074/31, Laxman Vihar Phase-2, Gurgaon, Haryana-122001Have Changed My Name To Vikas Khatana For All Future Purpose

### NAME CHANGE
I, Lucky Sharma S/o Krishan Kumar Sharma R/o House No. B-110, Vinay Nagar, Amarnagar, Faridabad, Haryana-121003, declare that my Date of Birth has been wrongly mentioned as 01/01/2005 in my CBSE 10th class Marksheet-cum-Certificate, whereas my actual and correct Date of Birth is 08/01/2006 as per my Aadhaar Card No. 9800 0217 6258.

### NAME CHANGE
I, BRAHAMVATI DEVI Mother of No 16019980K, Rank-NK, Name-MOHIT KUMAR residing at VILL-NIDAWALI, PO-ALIPUR MORNA, PS-HASTINAPUR, TEHSIL-MAWANA, DISTT-MEERUT, U.P-250401 have changed my name from BRAHAMVATI DEVI to BRAHMVATI DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 12/12/2024 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, RAKKAIAH Father No 16126677A, Rank-SPR, Name-RANJITH R residing at VPO-CHOKKANATHAN PUTHUR, TEHSIL-RAJAPALAYAM, DISTT-VIRUDHUNAGAR, TAMIL NADU-626121 have changed my name from RAKKAIAH to RAKKAIYA for all future purposes vide Affidavit dated 12/12/2024 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, P SHYAMALA Mother of No 16132565W, Rank-SPR, Name-P MANOJ residing at 8-232, MUDINDLA PALLI, PO- PARIGI, DISTT-ANANTAPUR, ANDHRA PRADESH-515261, have changed my name from P SHYAMALA to PEDDAYYA GARI SHYAMALA for all future purposes vide Affidavit dated 12/12/2024 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, P GOPAL REDDY Father No 16132565W, Rank-SPR, Name-P MANOJ residing at 8-232, MUDINDLA PALLI, PO- PARIGI, DISTT-ANANTAPUR, ANDHRA PRADESH-515261, have changed my name from P GOPAL REDDY to PEDDAYYA GARI GOPAL REDDY for all future purposes vide Affidavit dated 12/12/2024 before Notary Public, Delhi.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I Rajesh Vinayak S/O Purshottam Vinayak, R/O 30/7, G/F, Patel Nagar West, Central Delhi, Delhi- 110008,declare that name of mine, my father and my mother has been wrongly written as Rajesh Vinaik, Purushottam Vinaik and Kanta Vinaik in my Passport No -B 5060033,The actual name of mine ,my father and my mother are RAJESH VINAYAK ,Purshottam Vinayak and, Kanta Vinayak, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I SABA PARVEEN D/O MOHAMMAD ABBAS R/O 101, TOP FLOOR BACK SIDE, GALI NO.3, NOOR NAGAR EXT. JAMIA NAGAR NEW DELHI-25 ,inadvertently it is mentioned in the school records & Board Documents 01/04/1987.My actual date of birth is 06.07.1987 ,for all purpose, accordingly mention.

### NAME CHANGE
I, Himani Gurtoo W/o-Gautam Verma R/o H No 403, Sector 14,Near Junior DAV School, Gurgaon Haryana -122001 have changed my name from Himani Gurtoo to Himani Verma for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Neelam Chander W/o Ram Paul Chander R/o R-255, Ward No-19, Model Town, Rewari, Haryana--123401 Have Changed My Name To Neelam Bhagwaria Chander For All Future Purposes.

### NAME CHANGE
I, Km Vani Chaudhary W/o Vipin Dagar R/o 29 A and B, Birla Farm, A1-Block, 3rd Floor, Chattarpur, South Delhi, Delhi-110074 Have Changed My Name To Km Vani Chaudhary to Vani For All Future Purpose.

### PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Reshma Devi is claiming to be owner of Part of Property No. RZ-2B/3A, land area measuring 50 sq. yds., (16.1/2ft. x 27.1/2ft.) out of Khasra No. 880/638, situated at Village Nasirpur Delhi state Delhi Abadi known as Gali No. 13, Indra Park Palam Colony New Delhi; vide GPA, ATS Will dated 12.01.2004 executed by Mr. Dhaneshwar Diwvedi. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell First and second floor with roof rights of the above property to a person who wants to obtain a loan from our client against the said property. If, anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property/floors, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

**Kumar & Associates**
**(Advocates & Consultants)**
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi - 15
legal@knalegal.com, PH: 011-41112527-28

## भारत की कामकाजी आबादी का पोषणः इंडस्ट्रियल कैटरिंग का तकनीकी विकास

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आज की तेज़ गति से कामकाज वाली इस दुनिया में, भोजन केवल हमारे शरीर को ऊर्जा देने वाले ईंधन से कहीं बढ़कर है; यह एक रणनीतिक संपत्ति है, जिसका सीधा असर कर्मचारियों के हौसले, कार्यक्षमता और कुल मिलाकर उनकी सेहत पर पड़ता है। भारत में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को, आमतौर पर लंबे समय तक और कठिन शारीरिक मेहनत वाला काम करना पड़ता है, जिनके लिए समय पर पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन की सहज उपलब्धता एक बड़ा बदलाव ला सकती है। इंडस्ट्रियल कैटरर्स को कुछ समय पहले तक सिर्फ़ खान-पान की सेवाएँ उपलब्ध कराने वाले एक सामान्य फूड प्रोवाइडर की तरह देखा जाता था, परंतु आज उन्हें कामकाजी माहौल को अधिक सेहतमंद और ज्यादा सक्षम बनाने में बेहद अहम भागीदार के रूप में पहचाना जाता है। भारत के मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का धीरे-धीरे विस्तार हो रहा है, और ऐसे अवसर पर ये कैटरर्स भी आगे बढ़ रहे हैं तथा कर्मचारियों की सेहत व तंदुरुस्ती के अनुरूप खान-पान संबंधी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। वे अपने कामकाज में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का सहारा लेकर, वे व्यवसाय के संचालन में सुधार के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए भोजन के अनुभव को भी बेहतर बना रहे हैं।

## जुबिलेंट भरतिया समूह लेगी हिंदुस्तान कोका कोला में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली** । कोका-कोला कंपनी ने घोषणा की कि उसने जुबिलेंट भरतिया समूह के साथ हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। भारत में कोका-कोला की सबसे बड़ी बोटलिंग इकाई हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड की यह मूल कंपनी है। कोका-कोला उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और अनुभव प्रदान करने के लिए लंबे समय से प्रतिबद्ध है और भारत में उपलब्ध अवसरों में निवेश करके सतत, दीर्घकालिक विकास को आगे बढ़ा रहा है। भारत में कोका-कोला के स्थानीय स्वामित्व वाले फ्रैंचाइज़ी भागीदार सफल परिणाम देने के लिए तैयार हैं। जुबिलेंट भारतीय समूह द्वारा किया गया निवेश कंपनी की निरंतर सफलता में योगदान देगा और भारतीय बाजार में इसकी स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा। कोका-कोला इंडिया के अध्यक्ष संकेत रे ने कहा, हम भारत में कोका-कोला सिस्टम में जुबिलेंट भरतिया समूह का स्वागत करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अपने विविध अनुभव के साथ, जुबिलेंट दशकों का समृद्ध अनुभव लेकर आया है जो कोका-कोला सिस्टम को गति देने में मदद करेगा, जिससे हम बाजार में जीत हासिल कर सकेंगे और स्थानीय समुदायों और उपभोक्ताओं को अधिक मूल्य प्रदान कर सकेंगे।

## अमेज़न के डिलीवरी बेड़े में 10 हजार से ज़्यादा ईवी शामिल

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेज़न ने भारत में अपने डिलीवरी बेड़े में 10,000 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) शामिल करने का लक्ष्य हासिल करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यह लक्ष्य, तय समय से एक साल से भी पहले यानी अक्टूबर 2024 में ही हासिल कर लिया। ईवी दिल्ली, मुंबई तथा बेंगलुरु में और लेह से गंगटोक तक कुल 500 शहरों में डिलीवरी कर रहे हैं। अमेज़न ने इस लक्ष्य को तय अवधि से एक साल से भी पहले हासिल कर लिया है। पेरिस समझौते के मुकाबले 10 साल पहले यानी 2040 तक अपने परिचालन में नेट-ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की अपनी क्लाइमेट प्लेज (जलवायु प्रतिज्ञा) प्रतिबद्धता को पूरा करने से जुड़े कंपनी के प्रयास के लिहाज़ से यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके ज़रिये कंपनी पारंपरिक डीजल वाहनों का उपयोग न कर कार्बन उत्सर्जन में कमी कर रही है।

## मारुति सुजुकी की वित्त वर्ष 2031 तक 8000 टच प्वाइंट बनने की योजना

**नयी दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज अपने 500वें नेक्सा सर्विस टचपॉइंट शुरू करते हुए वित्त वर्ष 2031 तक अपने सर्विस नेटवर्क की संख्या 8000 करने की योजना बनाई है।कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि 500वां नेक्सा टचपॉइंट मापुसा गोवा में स्थित है। 500वे सर्विस टचपॉइंट को ग्राहकों को समर्पित करते हुए मारुति सुजुकी के एमडी और सीईओ हिसाशी ताकेची ने कहा, मारुति सुजुकी में, हम ग्राहक पहले दर्शन में दृढ़ता से विश्वास करते हैं और हमारा उद्देश्य लगातार अपने ग्राहकों को सुविधा और बेहतर कार स्वामित्व अनुभव प्रदान करना है। एक तरीका हमारे ग्राहकों के करीब पहुंचना है ताकि उन्हें पास में मारुति सुजुकी सर्विस टचपॉइंट मिलने का आश्वासन मिले।

## जिंसों में टिकाव

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।
तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 52 रिंगिट उतरकर 5113 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट गिरकर 42.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

# केंद्र ने थोक और खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं का स्टॉक रखने की सीमा घटाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गेहूं की जमाखोरी रोकने और कीमतों पर नियंत्रण करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। सरकार ने कीमतों में तेजी पर लगाम लगाने के लिए थोक विक्रेताओं, छोटे और बड़े खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं का स्टॉक रखने के मानदंडों को और सख्त कर दिया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि गेहूं की कीमतों को कम करने के निरंतर प्रयासों के तहत सरकार ने 31 मार्च, 2025 तक लागू गेहूं की स्टॉक सीमा को संशोधित किया गया है। संशोधित मानदंडों के अनुसार थोक विक्रेताओं को अब 2,000 टन के बजाय 1,000 टन तक गेहूं का स्टॉक रखने की अनुमति होगी। मंत्रालय के मुताबिक खुदरा गेहूं



विक्रेता प्रत्येक बिक्री केंद्र पर 10 टन के बजाय अब 5 टन का स्टॉक रख सकते हैं, जबकि बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता प्रत्येक बिक्री केंद्र पर 10 टन के बजाय 5 टन गेहूं ही रख सकते हैं। इसके साथ ही प्रसंस्करणकर्ताओं को अप्रैल, 2025 तक शेष महीनों से गुणा करके अपनी मासिक स्थापित क्षमता के 60 फीसदी के बजाय 50 फीसदी को बनाए रखने की अनुमति दी जाएगी।खाद्य मंत्रालय ने कहा कि सभी गेहूं भंडारण संस्थाओं को गेहूं की स्टॉक सीमा को पोर्टल पर पंजीकरण करना और हर शुक्रवार को स्टॉक की स्थिति को अद्यतन करना आवश्यक है। अधिसूचना के मुताबिक यदि संस्थाओं के पास स्टॉक निर्धारित सीमा से ज्यादा है, तो उन्हें इसके जारी होने के 15 दिन के भीतर अपनी मात्रा को निर्धारित स्टॉक लिमिट तक लाना होगा। केंद्र सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा पहली बार 24 जून, 2024 को लगाई गई थी, जिसको बाद में समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए 9 सितंबर को मानदंडों को कड़ा किया गया था। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने और देश में आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं की स्टॉक स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## अमेरिकन एक्सप्रेस ने बेंगलूरू और गुरुग्राम में 'प्रोग्राम वसुंधरा' लांच किया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अमेरिकन एक्सप्रेस ने सेफ वाटर नेटवर्क की साझीदारी में बेंगलूरू और गुरुग्राम में पर्यावरण टिकाऊपन, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई तीन वर्षीय पहल प्रोग्राम वसुंधरा लांच करने की घोषणा की है। अमेरिकन एक्सप्रेस ने आज यहां जारी बयान में कहा कि सेफ वाटर नेटवर्क के गठबंधन में यह समग्र प्रोग्राम स्थानीय समुदायों को सशक्त कर, पारितंत्र बहाल कर और टिकाऊ विकास व्यवस्थाओं को बढ़ावा देकर जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन और टिकाऊपन के भारत के लक्ष्यों को हासिल करने में सहयोग करेगा। प्रोग्राम वसुंधरा के तहत इन दो शहरों में जल संसाधन के प्रबंधन, टिकाऊ खेती, जैव विविधता संरक्षण और अक्षय ऊर्जा को प्राथमिकता दी जाएगी। उसने कहा कि बेंगलूरू के ऐवराखंडपुरा झील के आसपास प्रोग्राम वसुंधरा के तहत 1.8 करोड़ लीटर वर्षा जल संचयन संरचना का निर्माण किया जा रहा है जिससे स्थानीय जल उपलब्धता बढ़ाई जा सके और बाहरी स्रोतों पर निर्भरता घट सके। यह उन समुदायों के बीच लचीलापन को बढ़ावा देते हुए स्थानीय जल की चुनौतियों से निपटने में एक हत्वपूर्ण कदम है। अमेरिकन एक्सप्रेस इंडिया के सीईओ और कंट्री मैनेजर संजय खन्ना ने कहा, हम समुदायों और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने को प्रतिबद्ध हैं। प्रोग्राम वसुंधरा बेंगलूरू और गुरुग्राम में जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलेपन और टिकाऊ पारितंत्र को लेकर हमारे समर्पण की मिसाल पेश करता है।

## ट्रैवल फूड सर्विसेज ने 2000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी किया दाखिल

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** ट्रैवल क्विक सर्विस रेस्टॉरेंट (क्यूएसआर) और एयरपोर्ट लाउंज ऑपरेट करने वाली कंपनी ट्रैवल फूड सर्विसेज (टीएफएस) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सेबी के पास जमा दस्तावेज के मुताबिक मुंबई स्थित ट्रैवल फूड सर्विसेज (टीएफएस) कंपनी इस आईपीओ के जरिए 2,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है।

कपूर फैमिली ट्रस्ट ने एक रुपये अंकित मूल्य वाले 2,000 करोड़ आईपीओ की बिक्री का प्रस्ताव रखा है। भारत और मलेशिया के एयरपोर्ट पर ट्रैवल क्विक सर्विस रेस्तरां और लाउंज व्यवसाय संचालित कंपनी का यह ऑफर बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के जरिए किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध ऑफर का 50 फीसदी से अधिक योग्य संस्थागत खरीदारों को आवंटित नहीं किया जाता है। इसके अलावा शुद्ध ऑफर का 15 फीसदी और 35 फीसदी से कम हिस्सा क्रमशः गैर-संस्थागत तथा खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों को




आवंटित नहीं किया जाता है। मुंबई में स्थित यह कंपनी तेजी से विस्तार करने वाले भारतीय एयरपोर्ट ट्रैवल क्यूएसआर और लाउंज सेक्टर का नेतृत्व करती है, जो क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024 के लिए राजस्व के मामले में शीर्ष स्थान पर है। इसके ट्रैवल क्यूएसआर पोर्टफोलियो में यात्रियों के लिए तैयार खाद्य और पेय (एफएंडबी) अवधारणाओं का विविध चयन शामिल है, जिसमें फास्ट फूड, कैफे, बेकरी, फूड कोर्ट और बार शामिल हैं, जो मुख्य रूप से एयरपोर्ट और कुछ राजमार्ग स्थानों पर स्थित हैं।

कंपनी की भारत में 14 एयरपोर्ट तक उपस्थिति हुई है, जिसमें 30 जून तक दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई के अलावा मलेशिया के तीन एयरपोर्ट शामिल हैं।

# एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.5 फीसदी किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी से घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है।

इसके साथ ही एडीबी ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश के सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ के अनुमान को 7.2 फीसदी से घटाकर सात फीसदी कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसी एडीबी ओर से जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी व्यापार, राजकोषीय तथा आव्रजन नीतियों में बदलाव की वजह से विकासशील एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में वृद्धि प्रभावित हो सकती है और महंगाई बढ़ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के 2024 में 4.9 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो एडीबी के सितंबर में लगाए गए पांच फीसदी के अनुमान से थोड़ा कम है। एडीबी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि निजी निवेश और आवास मांग में उम्मीद से कम वृद्धि की वजह से भारत की आ?र्थिक




वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है। हालांकि, एजेंसी ने पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के सात फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया था। एडीबी ने अगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 7.2 फीसदी से घटाकर सात फीसदी कर दिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले हफ्ते ही चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विकास दर के अनुमान को 7.2 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी को देखते हुए मुद्रास्फीति का अनुमान भी बढ़ाकर 4.8 फीसदी कर दिया था। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर घटकर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 फीसदी पर आ गई थी, जबकि इसके सात फीसदी पर रहने का अनुमान था।

## नीति में स्थिरता और निरंतरता की जरूरतः आरबीआई गवर्नर

**एजेंसी**

**मुंबई ।**भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालने वाले संजय मल्होत्रा ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में नीति में स्थिरता और निरंतरता की आवश्यकता पर जोर दिया लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस गतिशील दुनिया में चुनौतियों का सामना करने के लिए केंद्रीय बैंक को 'सतर्क और चुस्त' रहना होगा। श्री मल्होत्रा ने कहा नीति में स्थिरता बहुत महत्वपूर्ण है। यह कुछ ऐसा है कि मेरी पिछली भूमिका में भी हम नीति में स्थिरता और निरंतरता देने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए, चाहे वह कराधान हो, या राजकोषीय या मौद्रिक नीति, सभी व्यवसायों, सभी लोगों को इस निरंतरता और स्थिरता की आवश्यकता होती है। जबकि स्थिरता महत्वपूर्ण है, हम यह भी जानते हैं कि दुनिया भू-राजनीतिक तनावों, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और दुनिया भर में राजनीतिक अनिश्चितता के साथ गतिशील है। हमें इस तथ्य के प्रति सचेत रहना होगा कि जब हम निरंतरता और स्थिरता बनाए रखते हैं, तो हम उससे चिपके नहीं रह सकते। पूर्व राजस्व सचिव और अब अपनी नयी भूमिका में आये श्री मल्होत्रा ने कहा हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित होने की जरूरत है क्योंकि हम इस अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं और 2047 में विकासशील भारत के सपने को साकार करना है। हमारे पास यह सुनिश्चित करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि इस देश में जो विकास हो रहा है वह जारी रहे।उन्होंने ने कहा कि आरबीआई एक प्रतिष्ठित संस्था है और इसकी विरासत बहुत बड़ी है।

## मोबिक्विक के आईपीओ पर टूट पड़े निवेशक, 100 फीसदी से ज्यादा हुआ सब्सक्राइब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/मुंबई।** ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए खुल गया है। इस आईपीओ के खुलने के साथ ही इसको निवेशकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और यह पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया। इसका रिटेल पोर्शन भर चुका है। हालांकि, इसके लिए बोलियां 13 दिसंबर तक चलेंगी। कंपनी के शेयर 18 दिसंबर को शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे।कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बिपिन प्रीत सिंह ने आज नई दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 265-279 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।




मोबिक्विक की योजना इस आईपीओ के जरिए 572 करोड़ रुपये जुटाने की है। उन्होंने बताया कि कंपनी इश्यू से प्राप्त कुल इनकम का उपयोग अपने वित्तीय सेवा व्यवसाय में जैविक वृद्धि के वित्तपोषण के लिए 150 करोड़ रुपये और भुगतान सेवा व्यवसाय में जैविक वृद्धि के वित्तपोषण के लिए 135 करोड़ रुपये, डेटा एमएल एवं एआई और उत्पाद और प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) निवेश के लिए 107 करोड़ रुपये तथा इसके भुगतान उपकरण व्यवसाय के पूंजीगत व्यय के लिए 70.28 करोड़ रुपये करेगी।

गुरुग्राम स्थित फिनटेक कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम लिमिटेड के को-फाउंडर उपासना टाकू ने बताया कि यह आईपीओ पूरी तरह से एक नया इश्यू है, जिसमें ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने बताया कि निवेशक इसमें न्यूनतम 53 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 53 इक्विटी शेयरों के गुणकों में निवेश के लिए बोली लगा सकते हैं। खुदरा निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश राशि 14 हजार 787 रुपये है।

# वैश्विक चिंताओं को दूर करने के लिए प्रमुख हितधारकों के बीच साझेदारी बनाएंः सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक चिंताओं को दूर करने के लिए प्रमुख हितधारकों के बीच साझेदारी बनाने की जरूरत है। उन्?होंने कहा कि भारतीय उद्योग जगत के वाणिज्यिक विचार अर्थव्यवस्था, राष्ट्र की प्राथमिकताओं और रणनीतिक जरूरतों के साथ मेल खाने चाहिए।वित्त मंत्री ने उद्योग जगत से पिछले दशक में सीखे गए सबक के आधार पर खुद को बदलने का आह्वान किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक आर्थिक नीति मंच (जीईपीएफ) 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्?होंने आगे कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाएं व्यापक होनी




चाहिए, अन्यथा भू-राजनीतिक जोखिम इसे बाधित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग को नई चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर विचार करना होगा। सीतारमण ने कहा कि सरकार इस बात को लेकर सचेत है कि आने वाली पीढ़ियों पर कर्ज का ऐसा बोझ न हो, जिसका प्रबंधन करना मुश्किल हो।

सीतारमण ने अपने संबोधन में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं, नागरिकों और वैश्विक मंचों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों का आह्वान किया। उन्?होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय उद्योग जगत के वाणिज्यिक विचार अर्थव्यवस्था, राष्ट्र की प्राथमिकताओं और रणनीतिक जरूरतों के साथ मेल खाने चाहिए। इस अवसर पर भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी, मालदीव के वित्त मंत्री मूसा जमीर, वित्त सचिव एवं दीपम सचिव और सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी और चंद्रजीत बनर्जी भी उपस्थित थे।

# रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक 1905 के रेलवे बोर्ड अधिनियम और 1989 के रेलवे विधेयक को एकीकृत करेगा। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज विधेयक पर पिछले दिनों हुई चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड और रेलवे से जुड़े विधेयक को एकीकृत करने से रेलवे का विकास और कार्यदक्षता बढ़ेगी। विधेयक के माध्यम से कानूनी ढांचे का सरलीकरण होगा। रेल मंत्री ने विपक्ष को रक्षा और रेलवे को राजनीति से दूर रखने की अपील करते हुए उसके केन्द्रीकरण और निजीकरण से जुड़े आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में रेलवे में विकेन्द्रीकरण का कार्य हुआ है। काम में तेजी आई है। वैष्णव ने कई मुद्दों पर चरणबद्ध तरीके से विपक्ष के प्रश्नों का जवाब



दिया। उन्होंने बताया कि रेलवे में एसी और नॉन एसी कोच का अनुपात लगातार बरकरार रखा गया है। साथ ही नॉन एसी श्रेणी में अमृत भारत ट्रेन लाई गई हैं। आज इनके माध्यम से 400 रुपये में एक हजार किमी की यात्रा की जा सकती है। मंत्री ने विपक्ष के रेलवे सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का भी जवाब दिया। उन्होंने बताया कि यूपीए के कार्यकाल के मुकाबले रेल दुर्घटनाओं में 75 प्रतिशत और पटरी से उतरने की घटनाओं में 78 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने रोजगार पर कहा कि यूपीए के कार्यकाल में 4.11 लाख को रेलवे में नौकरियां दी गई थी। अब प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के दौरान 5.20 लाख लोगों को नौकरियां दी गई हैं। हमने चयन प्रक्रिया को भी कैलेंडर आधारित, सरल और पेपर लीक से मुक्त रखा है। भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम, 1905 के तहत केंद्र सरकार रेलवे के संबंध में अपनी शक्तियों और कार्यों को रेलवे बोर्ड में निवेश कर सकती है। विधेयक 1905 अधिनियम को निरस्त करता है और इन प्रावधानों को रेलवे अधिनियम, 1989 में शामिल करता है।

## डब्ल्यूटीओ में किसानों की आजीविका, खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान चाहता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में कृषि बाजार को और मुक्त बनाने के लिये विकासशील और गरीब देशों पर किसी और दायित्व को स्वीकार करने के लिये कहे जाने से पहले किसानों की आजीविका और गरीबों की खाद्य सुरक्षा जैसे दो ज्वलंत मुद्दों के स्थायी समाधान पर जोर दे रहा है। डब्ल्यूटीओ की 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले संगठन के मुख्यालय जिनेवा में चल चल रही आधिकारिक स्तर की वार्ताओं में कृषि क्षेत्र संबंधी वार्ताओं की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर यहां अधिकारियों ने कहा, हमारे लिये अपने किसानों की आजीविका और आम लोगों की खाद्य सुरक्षा का मुद्दा एक प्रकार की लक्ष्मण रेखा है। इन मुद्दों के सर्वमान्य स्थायी समाधान ढूंढे जाने चाहिए, तभी कृषि व्यापार पर कोई और प्रगति हो सकती है। डब्ल्यूटीओ के 116 सदस्य देशों के मंत्रियों की 14वीं बैठक कैमरून में मार्च 2025 में होने वाली है।अधिकारियों ने कहा, अनाज की सरकारी खदी से जुड़े मुख्य मुद्दों को प्राथमिकता मिलनी ही चाहिये। यह मामला दोहा बैठक (2001) से लंबित है। अधिकारियों ने कहा कि इस शताब्दी के प्रारंभ में दोहा बैठक (2001) में इन मुद्दों के महत्व को स्वीकार किया गया था और इस पर विधिवत बातचीत शुरू की गयी। बाली (इंडोनेशिया) में 2013 में हुई बैठक में भारत और अन्य विकासशील देशों के कड़े रूख से अनाज की सरकारी खरीद के मुद्दे पर शांति उपबंध के रूप में यह सहमति बनी थी ।

# पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली बढ़त

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।आज के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, आईटी, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर में लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बैंकिंग सेक्टर में आज लगातार बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 70 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.32 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.55 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 77 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,096 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,144 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,839 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 113 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,504 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,344 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,160 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।बीएसई का सेंसेक्स आज 58.34 अंक की मजबूती के साथ 81,568.39 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 232.32 अंक उछल कर 81,742.37 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इस सूचकांक ने 126.63 अंक की कमजोरी के साथ 81,383.42 अंक तक गोता भी लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 16.09 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 81,526.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 10.45 अंक की बढ़त के साथ 24,620.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

# सूखे या भिगोए हुए किस तरह अंजीर खाना है अधिक फायदेमंद 2 तरीके से इसका सेवन देगा जबरदस्त लाभ, हाई बीपी, शुगर सब रहेगा कंट्रोल





**अंजीर एक फल है, जिसे सुखाकर सूखा अंजीर बनता है. यह ड्राई फ्रूट में भी शामिल होता है. ड्राई अंजीर को कुछ लोग सूखा खाते हैं तो कुछ पानी या दूध में भिगोकर. यहां जानने वाली बात ये है कि आखिर किस तरह से अंजीर खाना होता है अधिक फायदेमंद**

जीर एक बेहद ही स्वादिष्ट, पौष्टिक और फायदेमंद फल है. विटामिंस और मिनरल्स से भरपूर अंजीर फल को सुखाने से सूखा अंजीर बनता है, जो एक हेल्दी ड्राई फ्रूट में शामिल है. अंजीर में ढेरों पोषक तत्व होते हैं जैसे कैल्शियम, आयरन, पोटैशियम, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन ए, सी, मैग्नीशियम आदि भरपूर होते हैं. इसमें फाइबर होता है, जो पाचन शक्ति को हेल्दी रखता है. कब्ज से बचाता है. अंजीर का फल कुछ लोग खाते हैं तो किसी को सूखे अंजीर अच्छे लगते हैं. लेकिन यहां ये जानना भी जरूरी है कि अंजीर का सेवन कैसे करने से फायदा अधिक होता है. क्या सूखे खाएं या भीगे अंजीर, कैसे खाना है अधिक फायदेमंद?

अंजीर खाने के फायदे (**Figs Health Benefits**)

वेबएमडी में छपी एक खबर के अनुसार, मिनरल्स से भरपूर होता है अंजीर. इस फल को खाने से हाई ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है. हाई बीपी स्ट्रोक, हार्ट डिजीज का कारण बनता है. पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है. कब्ज की समस्या दूर होती है. पेट की समस्याओं से बचाव होता है. कैल्शियम होने के कारण हड्डियां मजबूत होती हैं. बोन डेंसिटी बढ़ती है. ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव होता है. साथ ही फाइबर होने के कारण वजन भी कम हो सकता है.

अंजीर खाने का सही तरीका **(Right way to eat figs)**

अंजीर का फल कोई खाता है तो कुछ लोग ड्राई अंजीर खाना पसंद करते हैं. यदि आप इसे पानी में भिगोकर खाएं या फिर दूध के साथ उबालकर खाते हैं तो फायदे दोगुने मिल सकते हैं. ड्राई फ्रूट की तरह अंजीर खा सकते हैं या फिर इसे पानी में भिगोकर भी खा सकते हैं.

सूखे या भीगे अंजीर कौन है अधिक फायदेमंद? (**Soaked vs Dried Figs Which is Beneficial)**

हर कोई अपने-अपने तरीके से अंजीर खाना पसंद करता है. कोई सूखा अंजीर खाता है तो कोई अंजीर को भिगोकर खाता है. हालांकि, खाने के इन दोनों तरीके में से अधिक फायदेमंद कौन सा तरीका है, ये हर कोई जानना चाहता है. दरअसल, आप चाहे किसी भी तरह से अंजीर खाएं, ये आपको लाभ ही देगा. कई तरह के विटामिंस, मिनरल्स से भरपूर अंजीर डाइट में डेली शामिल कर सकते हैं. हां, जब आप भिगोकर अंजीर खाते हैं तो सूखे अंजीर से अधिक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं और इस तरह ये अधिक फायदेमंद साबित हो सकता है. दरअसल, भीगे अंजीर खाते हैं तो इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर में जाते ही तुरंत एब्जॉर्ब हो जाते हैं. आप इसे दूध में भी भिगोकर खा सकते हैं.

कब और कैसे भिगोएं अंजीर

पानी या दूध में ड्राई अंजीर डालकर रात भर छोड़ दें. आप एक गिलास दूध या फिर पानी में दो अंजीर डाल दें. रात भर इसी में रहने दें. सुबह उठते ही खाली पेट इस अंजीर का सेवन करें और दूध या पानी भी पी जाएं.

# संसद को अप्रासंगिक बनाने धनखड़ और बिरला में होड़

**विपक्ष में रहते भाजपा हमेशा कहती रही है कि %संसद को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की होती है**





विपक्ष में रहते भाजपा हमेशा कहती रही है कि %संसद को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की होती है%, पर दस वर्षों से उसका नज़रिया बदल गया है। अब वह विपक्ष को संसद के ठप होने के लिये जिम्मेदार मानने लगी है। तकरीबन हर सत्र का पैटर्न कुछ इस तरह का हो गया है कि किसी न किसी बात को लेकर सत्ता पक्ष की ओर से शोर-शराबा किया जाता है।अपने प्रदीर्घ राजनीतिक जीवन के अलग-अलग कालखंडों में विधानसभा से लेकर संसद के दोनों सदनों में बैठ चुके राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह सोमवार को जब संसद परिसर में यह कहते हैं कि %मैंने अपने लम्बे राजनीतिक जीवन में ऐसा पक्षपाती सभापति नहीं देखा जैसा कि आज आसीन है%, तो इस पर गम्भीरता से विचार किये जाने की ज़रूरत है। उसे केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जाना चाहिये कि वे विपक्ष में हैं तो ऐसा कहेंगे ही। उन्होंने यह बात शिष्टाचारवश राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को ही लेकर सीमित करके कही है क्योंकि वे उसी सदन के बारे में कह रहे थे, जिसके कि वे सदस्य हैं। वरना उनकी बात दोनों ही सदनों के बारे में एक सी लागू होती है- लोकसभा के बारे में भी जिसके अध्यक्ष ओम बिरला हैं। हालांकि अब यह कहना बड़ा मुश्किल है कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में कौन अधिक सक्रियता और शिद्दत से संसद को अप्रासंगिक बनाने पर तुला है- ओम बिरला या जगदीप धनखड़। वैसे तो बिरला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परम्परा से आते हैं इसलिये उनके लिये ऐसी संवैधानिक संस्थाओं का कोई महत्व नहीं है; और भारतीय जनता पार्टी शासन में ऐसे ही लोगों को ये पद अधिक आसानी से मिलते हैं जो उस आसन को अधिकतम गंदला कर सकें। मटियामेट कर दें। इसलिये अपनी कार्रवाई के दौरान बिरला अक्सर सदस्यों से %बैठ जाओ%, %नो...नो%, %यह नई चलेगा% %आपकी बात रेकार्ड में नहीं जायेगी... जैसे शब्दों में डांट-डपट करते रहते हैं।

आगे-पीछे राष्ट्रपति का चुनाव होना है। साफ है कि उस पद की ओर दोनों तेजी से बढ़ना चाहते हैं। धनखड़ की संघ की पार्श्वभूमि नहीं है। वे सुप्रीम कोर्ट के सफल वकील होने के साथ जनता दल व कांग्रेस में लम्बा समय काटकर आये हैं। उन्हें संविधान का महत्व मालूम होना चाहिये परन्तु व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा की इस होड़ के चलते वे भी लोकतंत्र और जनहित को भंगार कर रहे हैं। इसके कारण पिछले कई सत्रों की भांति ही संसद के मौजूदा सत्र में अब तक कुछ ही घंटे काम हो पाया है। संसद में काम न होने का फायदा हमेशा सत्तारुढ़ दल को होता है। बिरला व धनखड़ मिलकर भारतीय जनता पार्टी को दिलो-जान से लाभान्वित कर रहे हैं। पिछली दोनों व वर्तमान लोकसभाओं और राज्यसभा में विपक्ष को कुचलने और उसकी आवाज को खत्म करने की सुनियोजित योजना के अंतर्गत दोनों ने अपने संवैधानिक पदों का भरपूर दुरुपयोग किया है। किसी भी मुद्दे पर जिस तरीके से ये दोनों सरकार का बचाव करते अथवा पैरवी करते नज़र आते हैं, उससे अधिक शर्मनाक कुछ इसलिये नहीं हो सकता क्योंकि ये दोनों पद पार्टी हितों से बढ़कर जिम्मेदारियों के निर्वहन की अपेक्षा रखते हैं। पूरी संसदीय व्यवस्था इन दोनों पदों के निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से काम करने पर निर्भर है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के बाद दूसरी बार ओम बिरला को जब यह पद मिला तो उससे साफ संदेश गया कि जो भी संसदीय परम्परा को जितना बिगाड़ सकता है वह उतना ही अधिक पुरस्कृत होगा। वरना जब भी मिली-जुली सरकार बनती है तो सत्ताधारी दल यह पद किसी सहयोगी पार्टी को प्रदान करता है। मोदी ने ऐसा नहीं किया। उसके पीछे यही कारण था कि वे इन दोनों के जरिये सम्पूर्ण राजनीतिक एकाधिकार कायम करना चाहते हैं। इसमें वे काफी हद तक सफल होते भी दिख रहे हैं।

विपक्ष में रहते भाजपा हमेशा कहती रही है कि %संसद को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की होती है%, पर दस वर्षों से उसका नज़रिया बदल गया है। अब वह विपक्ष को संसद के ठप होने के लिये जिम्मेदार मानने लगी है। तकरीबन हर सत्र का पैटर्न कुछ इस तरह का हो गया है कि किसी न किसी बात को लेकर सत्ता पक्ष की ओर से शोर-शराबा किया जाता है और जो राई भी नहीं है उसे पर्वत बनाकर सदन को ठप कर दिया जाता है। सरकार से सवाल पूछते ही सत्ताधारी दलों की ओर से विपक्ष पर हमले होते हैं। उस शोर-गुल में संख्या बल के आसरे दोनों सदनों के संचालकगण सरकार की ओर से रखे जाने वाले कानून पारित करा देते हैं जिनमें से ज्यादातर जनविरोधी रहे हैं। पिछले दशक भर से पता नहीं ऐसे कितने कानून भाजपा सरकार द्वारा पारित कराकर देश पर थोपे गये हैं जिन पर पहले चर्चा नहीं की गयी।लगता है कि संसद को इसी तरह से चलाने के निर्देश सम्भवतः मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से मिले हुए हैं। इस टास्क को कौन भली-भंति पूरा करता है- इसी के हिसाब से तय होगा कि अगला राष्ट्रपति कौन बनेगा। इस टास्क के साथ यह भी संदेश छिपा हुआ है कि संसद को पूरी तरह से अप्रासंगिक बना दिया जाये ताकि लोगों का लोकतंत्र से ही मोहभंग हो जाये और भाजपा तथा उसकी मातृ संस्था आरएसएस की मंशा के अनुरूप देश में मनुवादी व्यवस्था स्थापित की जा सके जिसके तहत शासन प्रणाली में लोगों की भागीदारी न हो। बिरला-धनखड़ की जोड़ी एक तरह से अपने-अपने सदनों को अपहृत कर मोदी-शाह के इसी मंसूबे को पूरा कर रही है।

देश के गिने-चुने कारोबारियों के पक्ष में काम करने वाली सरकार के लिये ऐसे ही सदन मुफ़ीद होते हैं।देश के सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवश्यक चर्चा को टालकर संसद को अप्रासंगिक बनाने के कारण ही संसद परिसर में कुछ ऐसे नज़ारे देखने को मिलते हैं जो कहने को अप्रिय लग सकते हैं परन्तु वे यह बतलाते हैं कि दोनों सदनों के भीतर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है। उन्हें बोलने के लिये कोई और मंच चाहिये। मोदी प्रेस कांफ्रेंस करते नहीं और सरकार समर्थक मीडिया विपक्ष की बात को नहीं छापता या दिखाता। छापता-दिखाता भी है तो तोड़-मरोड़कर या उतने हिस्से को ही जिससे सत्ता पक्ष को फायदा हो। ऐसे में यदि राज्यसभा सदस्य कल्याण बैनर्जी (तृणमूल कांग्रेस) धनखड़ की मिमिक्री करते हैं और उसका राहुल गांधी वीडियो बनाते हैं तो वह स्वाभाविक है; अथवा राहुल बतलाते हैं कि दूसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद ओम बिरला उनसे (राहुल से) तो तनकर मिलते हैं परन्तु मोदी से झुककर हाथ मिलाते हैं। इस सबके बावजूद यदि प्रतिपक्ष का मुंह बंद रखने पर बिरला-धनखड़ आमादा हैं तो विरोधी दलों के पास इसके अलावा कोई और चारा नहीं रह जाता कि वे मोदी व गौतम अदानी के मास्क पहनकर संसद परिसर में दोनों की दोस्ती को प्रतीकात्मक तरीके से अभिनीत करें। यह प्रहसन बतलाता है कि संसद ऐसी अप्रासंगिक हो गयी है कि अपनी बात कहने या उन पर होते अन्याय को दर्शाने के लिये निर्वाचित सांसदों को मिमिक्री का सहारा लेना पड़ रहा है।पार्टी के प्रति निष्ठा कहें या मोदी-शाह का डर; अथवा व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा- इन्हें देश व जनता के हितों से भी ऊपर रख दिया गया है। इसी के चलते एक ओर तो ओम बिरला थोक के भाव में विरोधी सदस्यों को निलम्बित करते हैं, तो वहीं धनखड़ राज्यसभा में राष्ट्रीय सुरक्षा पर नियम 267 के तहत नोटिस खारिज होने के बावजूद चर्चा के लिये सत्तारुढ़ दलों के सदस्यों को बोलने से रोकते हैं; लेकिन विपक्षी पार्टियों के सदस्यों का बोलना नामंजूर कर देते हैं। यही कारण है कि प्रेस के समक्ष दिग्विजय सिंह को कहना पड़ता है कि इतना पक्षपाती सभापति उन्होंने अपने जीवनकाल में कभी भी नहीं देखा।

संपादकीय

## लोकतंत्र और न्यायपालिका दोनों खतरे में

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव ने रविवार आठ दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान वे भाजपा के राजनैतिक एजेंडे और कट्टर हिंदुत्व की सोच को आगे बढ़ाते नजर आए। जस्टिस यादव का भाषण रविवार से ही सोशल मीडिया के जरिए सब ओर पहुंच चुका है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट तक इस भाषण को पहुंचने में शायद दो दिन लग गए। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार दोपहर को एक बयान जारी कर कहा कि उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर कुमार यादव के उस भाषण का संज्ञान लिया है। जिसे मीडिया ने प्रकाशित किया है। सुप्रीम कोर्ट ने बयान में कहा- %इलाहाबाद हाईकोर्ट से और विवरण मंगाया गया है और मामला विचाराधीन है।% वहीं देश के वरिष्ठ वकील, राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने कहा है कि उनकी कांग्रेस, सपा, माकपा आदि दलों के कुछ नेताओं से चर्चा हुई है और वे जस्टिस यादव के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी कर रहे हैं। कपिल सिब्बल ने इस मामले में प्रधानमंत्री और सत्तापक्ष का सहयोग मांगा है, साथ ही कहा है कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम को देखना चाहिए कि ऐसे लोग जज न बनें।अदालतों में बैठे लोग हिंदुत्व की पैरोकारी कर रहे हैं, यह बात संविधान की मर्यादा, न्यायपालिका की गरिमा और लोकतंत्र के तकाजों के खिलाफ जरूर है, लेकिन संघ के निर्देशों पर नरेन्द्र मोदी के बनाए नए भारत में यह चलन बढ़ता जा रहा है। इसका सार्वजनिक इजहार तो तभी हो चुका था जब पांच जजों की पीठ ने बाबरी मस्जिद तोड़ कर खाली की गई जमीन को हिंदू पक्ष के हवाले कर दिया और फिर राम मंदिर बनाने की पूरी व्यवस्था भी कर दी। बाबरी मस्जिद तोड़ना अपराध था, यह बात सुप्रीम कोर्ट के फैसले में आने के बावजूद अपराधी खुले घूम रहे हैं, सम्मानित हो रहे हैं, यह नए भारत का सच है। पांच जजों की पीठ में शामिल तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई अब राज्यसभा सांसद हैं। इसी तरह कलकत्ता हाईकोर्ट में जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने इस साल मार्च में अपनी अंतरात्मा की आवाज पर इस्तीफा दे दिया और फिर दो महीने बाद ही वे भाजपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने उतर गए। फिलहाल न्यायपालिका की साख इतनी बची है कि आसंदी पर बैठे लोगों ने पद पर बने रहते हुए चुनाव लड़ना शुरु नहीं किया है। हालांकि मोदी सरकार चाहेगी तो संविधान में संशोधन कर इसे भी मुमकिन करा देगी। आखिर देश ने मुख्य न्यायाधीश रहे डी वाय चंद्रचूड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक साथ गणेश आरती करती तस्वीरें देश ने देखी ही हैं और इस पर सवाल उठे तो पूर्व मुख्य न्यायाधीश को इसमें कुछ गलत भी नहीं लगा। बल्कि उन्होंने तो राम मंदिर पर दिए अपने फैसले के बारे में यह भी कहा है कि उन्होंने देवी प्रतिमा के सामने बैठकर इस पर मंथन किया।हाल के इन प्रसंगों के अलावा कई और ऐसे प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें न्यायाधीश मोर के आंसुओं और मोरनी के गर्भवती होने पर ज्ञान दे रहे हैं या घृणा भरे भाषण देने वालों के चेहरों के भाव पढ़ रहे हैं कि उन्होंने गुस्से से ऐसा कहा या मुस्कुराते हुए जहर उगला। ये तमाम उदाहरण यह समझने के लिए काफी हैं कि अब देश के तीसरे स्तंभ न्यायपालिका में भी ऑक्टोपस की तरह हिंदुत्व की भुजाएं दसों दिशाओं से बढ़ चुकी हैं। सत्ता और प्रशासन में बैठे लोगों से देश की उम्मीदें चुकती जा रही थीं, क्योंकि यहां से जो फैसले लिए जा रहे हैं, उनमें शक्तिसंपन्न, सवर्ण तबकों को ही तवज्जो मिलती है। जो गरीब हैं, वर्ण व्यवस्था में निचले क्रम पर हैं, या अल्पसंख्यक हैं, उनके हित के लिए खैरात की तरह कुछ योजनाएं चलाई जाती हैं, ताकि वे उसी में खुश रहें। अन्याय के इस माहौल में केवल अदालत से लोगों की उम्मीदें बंधी थीं कि यहां चाहे जितनी देर लगे लेकिन जाति, धर्म, धन, लिंग सबके भेद से परे उठकर इंसाफ हासिल होगा। लेकिन जस्टिस शेखर कुमार यादव के भाषण से उस उम्मीद पर एक गहरा प्रहार हुआ है।गौरतलब है कि विश्व हिन्दू परिषद के विधि प्रकोष्ठ (लीगल सेल) ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसमें जस्टिस शेखर यादव के अलावा इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक और मौजूदा जज जस्टिस दिनेश पाठक भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में वक्फ़ बोर्ड अधिनियम%, धर्मान्तरण-कारण एवं निवारण और समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता जैसे विषयों पर चर्चा हुई,.

# सीरियाई राष्ट्रपति बशर-अल-असद सत्ता से बेदखल, रूस और ईरान को बड़ा नुकसानङ्ग

**सीरियाई राष्ट्रपति बशर-अल-असद सत्ता से बेदखल, रूस और ईरान को बड़ा नुकसान**

एचटीएस को मूलरूप से 2013 में सीआईए के माध्यम से अमेरिकी प्रशासन द्वारा रूस समर्थित असद शासन को कमजोर करने की अमेरिकी रणनीति के रूप में वित्तपोषित किया गया था, ठीक उसी तरह जैसे अफगान युद्ध की शुरुआती अवधि में तालिबान को अमेरिकी सहायता दी गयी थी। लेकिन बाद के वर्षों में, अमेरिका ने अपनी प्रत्यक्ष सहायता वापस ले ली।

पहले से ही युद्ध से तबाह पश्चिम एशियाई क्षेत्र अब सीरियाई राष्ट्रपति बशर-अल-असद सरकार के सत्ता से बेदखल होने से भू-राजनीतिक उथल-पुथल के एक नये दौर में प्रवेश कर गया है। राष्ट्रपति रविवार को दमिश्क से भागकर मास्को चले गये हैं और उन्हें रूसी सरकार ने वहां शरण दे दी है। वर्ष 2000 से लेकर पच्चीस वर्षों तक रूसी सहायता से मज़बूती से शासन करने वाले सीरियाई बाथ पार्टी के नेता की हार राष्ट्रपति पुतिन के लिए एक बड़ी व्यक्तिगत हार है और पश्चिम एशिया में उनकी कूटनीति के लिए एक बड़ा झटका।वास्तव में, सत्तारूढ़ शासन को सहारा देने के लिए अरबों डॉलर खर्च करने के बाद यह एशिया से रूस की दूसरी बड़ी वापसी है। पहली घटना 1990 के दशक में हुई थी जब रूस ने अफगानिस्तान से हटने का फैसला किया था और डॉ. नजबुल्लाह सरकार को अफगान तालिबान के आगे बढ़ने के कारण मुश्किल में डाल दिया था। डॉ. नजबुल्लाह को फांसी पर लटका दिया गया था। इस तरह से असद भाग्यशाली रहे। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को कुछ दिन पहले ही मास्को भेज दिया था और अब मास्को भागकर अपनी जान बचाई।

8 दिसंबर रविवार को दमिश्क में जो हुआ, वह बांग्लादेश में 5 अगस्त को ढाका में हुए घटनाक्रम से कुछ हद तक मिलता-जुलता है, जब प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस डर से भारत भागना पड़ा था कि प्रदर्शनकारियों द्वारा उनकी हत्या कर दी जायेगी, जो उनके आधिकारिक आवास पर हमला करने जा रहे थे। उन्हें खुद उनके सेना प्रमुख ने जाने के लिए कहा था। उन्हें बांग्लादेश वायु सेना के विमान में जल्दबाजी में जाना पड़ा। अपदस्थ राष्ट्रपति असद ने जाने से पहले रक्तपात को रोकने के लिए शांतिपूर्ण संक्रमण का आह्वान किया। उनके प्रधानमंत्री ने वास्तव में विद्रोहियों का स्वागत किया और असद विरोधी नेताओं से शांतिपूर्ण तरीके से नयी सरकार बनाने का आह्वान किया।असद विरोधी विद्रोही कौन हैं और नये सीरिया के लिए उनका कार्यक्रम क्या है? यह एक बहुत ही जटिल प्रश्न है क्योंकि सरकार विरोधी गठबंधन इस्लामवादियों, क्षेत्रीय जनजातीय प्रमुखों के एक वर्ग और यहां तक कि कुछ तथाकथित समाजवादियों का एक मिश्रित संयोजन है। इसका मुख्य घटक हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) है जिसे तुर्की का समर्थन प्राप्त है और इस मुख्य समूह को सीरियाई राष्ट्रीय सेना कहा जाता है।



एचटीएस को मूलरूप से 2013 में सीआईए के माध्यम से अमेरिकी प्रशासन द्वारा रूस समर्थित असद शासन को कमजोर करने की अमेरिकी रणनीति के रूप में वित्तपोषित किया गया था, ठीक उसी तरह जैसे अफगान युद्ध की शुरुआती अवधि में तालिबान को अमेरिकी सहायता दी गयी थी। लेकिन बाद के वर्षों में, अमेरिका ने अपनी प्रत्यक्ष सहायता वापस ले ली, हालांकि अन्य तरीकों से, अमेरिकी एजेंसियों ने विद्रोहियों की मदद की। अमेरिका आधिकारिक तौर पर विद्रोहियों की मदद नहीं कर सका क्योंकि उन पर अल-कायदा से जुड़े इस्लामवादी होने का संदेह था।

फिर तुर्की केंद्र में आया और उसने असद विरोधी गठबंधन की मदद करना शुरू कर दिया। तुर्की की सीरियाई क्षेत्रों में सीमावर्ती क्षेत्रों में रुचि है। वर्तमान में, इसके सीमावर्ती क्षेत्र में लगभग 2.9 मिलियन सीरियाई शरणार्थी हैं। विद्रोही सरकार के आकार लेने की स्थिति में तुर्की उन्हें उनके वतन वापस भेजने में बहुत रुचि रखता है। एचटीएस विद्रोही पश्चिम एशियाई युद्ध में हर हितधारक को भ्रमित कर रहे हैं। नेताओं का कहना है कि अब उनका अल-कायदा से कोई संबंध नहीं है, लेकिन वे कट्टर इस्लामवादी हैं।राष्ट्रपति चुने गये डोनाल्ड ट्रंप, जो अब अमेरिकी विदेश नीति को निर्देशित कर रहे हैं, ने पेरिस में कहा कि अमेरिका को सीरियाई युद्ध में कोई दिलचस्पी नहीं है। वास्तव में वह सच नहीं बोल रहे थे। अमेरिका के हित निश्चित रूप से हैं, लेकिन अमेरिका पहले सीरियाई सरकार के एक वर्ग के साथ अपने संबंध स्थापित करना चाहेगा और फिर अपने फैसले पर आगे बढ़ेगा। अभी, शीर्ष पर बैठे इस्लामवादी अमेरिका और इजरायल दोनों के बहुत खिलाफ हैं। अमेरिकी एजेंसियां पीछे से काम कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे नये प्रशासन में कुछ ऐसे लोगों को ढूंढें जो उनके दबाव में कमजोर पड़ सकें

सकारात्मक घटनाक्रम है। पहले ही, इजरायल ने हिजबुल्लाह को बेअसर कर दिया है और लेबनान युद्धविराम घटते आतंकवादियों को वापसी करने में मदद नहीं करने वाला है। इस क्षेत्र में इजरायल का मुख्य मजबूत दुश्मन ईरान है। ईरान को झटका लगा है क्योंकि ईरानी सरकार ने राष्ट्रपति असद को बचाने में भारी मात्रा में धन लगाया है। ईरान का कमज़ोर होना इजरायल के लिए फ़ायदेमंद है। अगर 20 जनवरी को ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद हमास के साथ पूर्ण युद्धविराम का मुद्दा उठाया जाता है, तो इजराइल और ख़ास तौर पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ट्रंप के मुक़ाबले बेहतर सौदेबाज़ी की स्थिति में होंगे।

फ़िलहाल, एचटीएस नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी एक मान्यता प्राप्त आतंकवादी है और एचटीएस पर अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने भी प्रतिबंध लगा रखा है। जुलानी अंतरराष्ट्रीय मीडिया को इंटरव्यू देकर सुर्खियां बटोरना चाहता है। जब तक उस पर से आतंकवादी का टैग नहीं हटाया जाता, तब तक अमेरिका उसके साथ आधिकारिक तौर पर बातचीत नहीं कर सकता। सीरिया में 900 अमेरिकी सैनिक हैं। रूस के पास सीरियाई जलक्षेत्र में नौसैनिक अड्डे और कर्मी हैं। अमेरिका देखेगा कि रूस उन्हें वापस लेता है या नहीं। स्थिति इतनी अस्थिर है कि महाशक्तियां अभी कोई अंतिम फ़ैसला नहीं ले सकतीं। वे कुछ दिनों तक इंतज़ार करेंगे और देखेंगे कि नयी सीरियाई सरकार की प्रकृति क्या होगी।

लेकिन फ़िलहाल, तुर्की स्पष्ट विजेता है। तुर्की अपनी विदेश नीति को संतुलित करने के लिए चीन के अलावा अमेरिका और रूस दोनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। तुर्की ने नाटो का सदस्य होने के बावजूद ब्रिक्स में शामिल होने में रुचि दिखाई है। प्रधानमंत्री एर्डोगन के लिए, कूटनीतिक पहुंच के लिहाज से स्थिति काफी सकारात्मक है। तुर्की को पश्चिम एशिया में सहयोगी बनाने के लिए अमेरिका और रूस दोनों ही लुभायेंगे।

साथ ही, अगर सीरिया में क्षेत्रीय संघर्ष जारी रहता है, तो तुर्की के पास सीरियाई सीमा से सटे इलाकों में अपनी भौगोलिक सीमा का विस्तार करने की अच्छी संभावना है। तुर्की के नाटो सदस्यों में एचटीएस नेताओं के साथ बेहतर संबंध हैं। इसलिए उम्मीद है कि अगर मौजूदा शासक स्थिर होते हैं, तो अमेरिका तुर्की को और अधिक लुभाने के लिए संबंध स्थापित करेगा। लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि क्या सीरिया को अब स्थिर सरकार मिलेगी या गठबंधन के विभिन्न समूह सत्ता के लाभ के लिए लड़ाई शुरू कर देंगे।जहां तक भारत का सवाल है, हमारी सरकार ने अपदस्थ राष्ट्रपति असद के साथ हमेशा मैत्रीपूर्ण संबंध बनाये रखे हैं। सीरिया में बड़ी संख्या में भारतीय हैं, खासकर दमिश्क में। भारतीय विदेश मंत्रालय ने विपक्षी गठबंधन बलों को सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण और दमिश्क में सरकार के शीघ्र गठन का आह्वान किया है। राष्ट्रपति असद के अधीन सीरिया के साथ रणनीतिक संबंध रखने वाले चीन ने भी सीरिया में शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण का आह्वान किया है।

चीन ने सीरिया में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। पिछले साल, चीन की यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद, राष्ट्रपति असद ने सीरियाई सेना के जवानों को प्रशिक्षित करने के लिए अधिक चीनी सैन्य प्रशिक्षकों की मदद मांगी थी। इस तरह, एक छोटे से तरीके से, चीन की पहचान असद शासन से की जाती है। यही कारण है कि चीन भी इस्लामवादी एचटीएस की जीत से थोड़ा चिंतित है, हालांकि रूस द्वारा कुल समर्थन की तुलना में यह सहयोग बहुत कम है। इस तरह, तीनों बड़ी शक्तियां अमेरिका, रूस और चीन दमिश्क में संभावित घटनाक्रम से चिंतित हैं, हालांकि उन सभी ने असद के पतन के बाद सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण का आह्वान किया है।



# ठंड के मौसम में डैंड्रफ से हैं परेशान तो इन आसान उपाय को अपनाकर पाएं छुटकारा

ठंड के मौसम में डैंड्रफ होने की समस्या आम हो जाती है। ये सिर्फ हमारे बालों को नुकसान ही नहीं पहुंचाती बल्कि शर्मिंदा भी करती है। इसे दूर करने के लिए कैमिकल युक्त शैम्पू, कंडीशनर का ज्यादा इस्तेमाल करने के बजाय कुछ अन्य उपाय किए जाएं, तो बालों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है आइए जानते हैं कुछ टिप्स.

## नारियल का तेल

नारियल का तेल रूसी के लिए एक बेहतरीन उपाय है। नहाने से पहले 4-5 चम्मच नारियल के तेल से मालिश करें और 1-2 घंटे बाद बालों को धो लें। रातभर लगाकर भी छोड़ सकते हैं। इससे डैंड्रफ में राहत मिलती है। ऐसा शैम्पू भी इस्तेमाल कर सकते है जिसमें नारियल तेल हो।

शैम्पू करने से पहले डैंड्रफ को साफ करने के लिए नमक बहुत कारगर है। नमक को स्कैल्प पर डालकर हल्कें हाथों से रगड़ें इससे मृत त्वचा निकलने लगेगी। कुछ देर रगड़ने के बाद शैम्पू कर लें। आप पाएंगे कि डैंड्रफ पहले से काफी कम हो रहे है। जब भी शैम्पू करें इस प्रक्रिया को अपनाएं कुछ ही समय में डैंड्रफ से काफी हद तक छुटकारा मिल जाएगा।

## नींबू का रस

दो चम्मच नींबू के रस को अपने बालों के स्कैल्प पर रगड़कर इससे अच्छी तरह से मालिश करें। फिर एक कप पानी में एक नींबू का रस मिलाएं अब इस पानी से अपने बालों को साफ करें। ऐसा आप हफ्ते में 3 बार करें।

## नारियल और नींबू का रस

नारियल के तेल में एक चम्मच नींबू का रस डालकर इन्हें हल्का गर्म कर लें। अब इस तेल से अपने बालों की मसाज करें। फिर शैम्पू से अपने बालों को धो लें। ये प्रक्रिया आप हफ्ते में कम से कम 2 बार जरूर करें।



**शादी के बाद एक लड़की को अपने पति से ही नहीं बल्कि अपनी सास-ससुर से भी अच्छा तालमेल बनाने की जरूरत है। लेकिन तब क्या हो जब आप घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के चलते बिल्कुल भी समय नहीं निकाल पा रही हों।**

# कामकाजी महिलाओं को हमेशा रखना चाहिए इन बातों का ध्यान

वो जमाना गया जब महिलाएं घर की चार दीवारी में रहकर ही अपना पूरा जीवन काट देती थीं। आज की महिलाएं न केवल अपने अधिकारों को लेकर स्वतंत्र हैं बल्कि पुरुषों की तरह घर से बाहर निकल अपनी एक अलग पहचान बनाने में भी कामयाब हो रही हैं। हां, वो बात अलग है कि लाख-पढ़ी लिखी होने के बाद भी लड़कियों को ससुराल जैसी पारंपरिक भूमिकाओं से गुजरना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें न केवल अपने पति के दिल में जगह बनानी होती है बल्कि अपने सास-ससुर संग एक अच्छे रिश्ते की शुरूआत करना भी उन्हीं की जिम्मेदारी में से एक है। लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत कामकाजी महिलाओं के साथ है, जिन्हें हर पल इस बात की चिंता सताती रहती है कि घर और ऑफिस के बीच क्या वह अपनी संतुलन भूमिकाएं निभा भी पाएंगी या नहीं?
खैर, हम इस तर्क-वितर्क से किसी नतीजे पर पहुंचें उससे पहले आपको बता दें कि जहां कुछ महिलाओं ने एक संयुक्त परिवार में रहने के कई दोष बताएं हैं तो वहीं इसके विपरीत कई कामकाजी महिलाओं का ऐसा कहना है कि एक संयुक्त परिवार में रहना आपके लिए एक मजबूत समर्थन बन सकता है बशर्ते आपको काम और घर के बीच बैलेंस बनाना आता हो। ऐसे में अगर आप भी चाहती हैं कि कम समय में ही आप सभी की लाडली बन जाए तो आपको इन बातों का हमेशा ध्यान रखें।

## काम के साथ घर को भी प्राथमिकता

हम इस बात को अच्छे से समझते हैं कि एक लड़की के लिए उसका करियर कितना महत्व रखता है लेकिन शादी के बाद आपको यह भी समझना चाहिए कि अब आप अकेले नहीं है आपका अपना एक परिवार है, जिसके हिसाब से भी अब आपको चीजों को मैनेज करना होगा। शादी से पहले जहां घंटों-घंटों आप ऑफिस में काम करती थीं तो वहीं अब आपको अपने परिवार के लिए भी समय निकालना होगा साथ ही साथ घर खर्च के हिसाब से लेकर पार्टनर के माता-पिता की देखरेख करने तक आपको कई बातों को भी ध्यान रखना होगा।



## सुनें और समझें

अगर आप वाकई में चाहती हैं कि आप काम के साथ-साथ अपने परिवार की भी लाडली बनी रहीं तो सबसे पहले बातों को सुनने और समझने की आदत डालें। ऐसा करने से न केवल आप अपने सास-ससुर के मन की बातों को जान पाएंगी बल्कि वह भी आपके काम के महत्व को समझेंगे। यही नहीं, अपने परिवार के हर सदस्यों को जानने की कोशिश करें। यही नहीं, साथ ही साथ उन्हें यह भी बताएं कि घर की जिम्मेदारी को निभाने में आपके लिया क्या संभव है और क्या नहीं।

## पति से हो खुलकर बातचीत

किसी ने ठीक ही कहा है कि सबसे अच्छी शादी वह होती है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त हों। अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ प्यार करने से बेहतर कुछ भी नहीं है। ऐसे में कोशिश करें कि आप और आपके पति के बीच एक स्वस्थ दोस्ती का रिश्ता हो। इसके बाद आपको अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुद फर्क समझ आ जाएगा। वह न केवल आपको समझेंगे बल्कि आपको घर-परिवार की जिम्मेदारी का एहसास होगा।



# पहली मुलाकात में जानें एक-दूसरे को

**जब भी कपल्स एक-दूसरे से मिलने के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले जेहन में ये बात जरूर आती है कि आखिर पहली मुलाकात में हम बात क्या करेंगे? यही सवाल हमें परेशान करता रहता है और वैसे भी पहली-पहली मुलाकात तो बहुत खास होती है, जो हमेशा याद रहती है।**

लेकिन इस मुलाकात में हम एक-दूसरे से बात ही न कर पाएं या यूं कहें कि उस समय क्या बात करें? ये समझ ही न आए तो क्या करें? क्योंकि हमने आमतौर पर देखा है कि हमारे मन में बातें तो ढेरों रहती हैं, लेकिन पहली मुलाकात पर वे बातें जुबान पर आ ही नहीं पातीं और हम शांत बैठे रह जाते हैं। और यहां-वहां देखकर बस यही सोचते रह जाते हैं कि बातें करें तो क्या? आखिर क्या बातें फर्स्ट मीटिंग में करें? कैसे बातों से एक-दूसरे को समझने में आसानी हो सकती है? ऐसी कौन सी बातें हैं, जो आपके पार्टनर को बोर नहीं होने देंगी? आइए जानते हैं।
जब भी किसी के साथ पहली मुलाकात के लिए जाएं तो बातों की शुरुआत आप उनके प्रोफेशन से कर सकते हैं, क्योंकि अधिकतर लोगों को इसमें इंट्रेस्ट जरूर आता है। चाहे प्रोफेशन के बारे में गॉसिप अच्छी हो या बुरी, इस बारे में बात करना लोग काफी पसंद करते हैं। पार्टनर के फेवरेट एक्टर या एक्ट्रेस के बारे में आप पूछ सकते हैं या अभी रिसेंट उन्होंने कौन सी मूवी देखी है? इस बारे में भी आप बात कर सकते हैं। तारीफ किसको पसंद नहीं आती? जनाब तो कॉम्लीमेंट करना बिलकुल भी न भूलें। उन्हें नोटिस करें और उनकी तारीफ कीजिए। आप उनके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ कर सकते हैं। दोस्तों के बारे में बात करें, क्योंकि लड़का हो या लड़की-सभी को अपने दोस्तों के बारे में बात करना पसंद आता है। तो आप पूछ सकते हैं कि आपके फ्रेंड्स कैसे हैं? किस फ्रेंड्स से अपनी बातें शेयर करते हैं? इस तरह की बातें आपकी मुलाकात को और इंट्रेस्टिंग बनाएंगी। वीकेंड के बारे में पूछें कि उनके इस वीकेंड क्या प्लान हैं? यदि कोई प्लान नहीं हैं, तो आप प्लान कर सकते हैं जिससे कि एक-दूसरे को अच्छे से समझने के लिए और समय मिल सके। अगर बातें बोरिंग हो रही हैं तो आप हंसी-मजाक कर सकते हैं कि उनके साथ ऐसा वाकया कब हुआ, जब उनकी हंसी रुक ही नहीं रही थी। ऐसी कोई फनी बात, जो आपके साथ हुई हो तो वह बात भी आप उनसे शेयर कर सकते हैं।

# कुर्ते से लगें स्मार्ट

कुर्ते आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं, जितने पहले थे। बस, इसकी स्टाइल में थोड़ा बदलाव जरूर देखने को मिल रहा है। आजकल पाकिस्तानी सूट ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। लड़कियां जोधपुरी शैली के सलवार कुर्ते भी बनवाना पसंद करती हैं। ये कुर्ते ढीले-ढाले और कई रंगों में उपलब्ध होते हैं। आम तौर पर लोगों की राय है कि आज के आधुनिक युग में लड़कियां जींस आदि पहनना ही पसंद करतीं हैं और सलवार कुर्ते तथा अन्य पारंपरिक कपड़ों का चलन कम हो रहा है, लेकिन फैशन डिजाइनरों की राय इससे अलग है। उनका कहना है कि आज भी लड़कियां सलवार कमीज बनवाना पसंद करतीं हैं और अब तो इसमें रेट्रो फैशन की झलक भी देखने को मिल रही है। आजकल तो लड़कियां जींस के साथ भी लांग और शार्ट कुर्ते पसंद करतीं हैं। सलवार के साथ शार्ट कुर्ते या अनारकली स्टाइल के कुर्ते ज्यादा देखे जा रहे हैं। संगीता का कहना है कि कुर्ते को जींस, लेगिंस और जेगिंस, मतलब डेनिम स्टाइल की जींस की तरह दिखने वाली सलवार के साथ पहनने का फैशन काफी प्रचलन में है। केवल सलवार कमीज ही नहीं, दुल्हन के लहंगों में भी आधुनिकता और पारंपरिकता का मिश्रण देखने को मिल रहा है। सलवार कमीज का जादू कुछ और ही होता है। इस आउटफिट में थोड़ी सी तब्दीली करते ही इसे इंडो वेस्टर्न लुक दिया जा सकता है। आइए जानते हैं सलवार-कुर्ते से जुड़े कुछ टिप्स-



अगर आप अपनी हाइट थोड़ी ज्यादा दिखाना चाहती हैं, तो थोड़ा लंबा कुर्ता सिलवाएं। मसलन अगर आपकी हाइट 5 ′3 ′′ है तो आपको 47-48 इंच का कुर्ता सिलवाना चाहिए।
अगर आपके हाथ मोटे हैं और आप स्लीवलेस नहीं पहन सकती हैं, तो 5 इंच की स्लीव्स बनवा लें। इससे आपके हाथ का अतिरिक्त मांस भी छिप जाएगा और आपके हाथ दुबले दिखेंगे।
सलवार को बहुत सारे स्टाइल्स में पहना जा सकता है। इनका स्टाइल भी ट्रेंड के साथ बदलता रहता है। फिलहाल ढीली सलवार फैशन में है और शॉर्ट कुर्ते ने एक बार फिर एंट्री की है।



# क्या आप जानते हैं लेगिंग्स पहनने का सही तरीका

**जब भी कम्फर्ट की बात आती है तो सबसे पहले हम लेगिंग्स के बारे में सोचते हैं, क्योंकि लेगिंग्स काफी आरामदायक होती है। लेकिन इसे पहनने में हम कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं जिसके कारण हम हंसी के पात्र बन जाते हैं।**

क्या आप जानती हैं लेगिंग्स पहनने का सही तरीका? अगर हां तो यह बहुत बढ़िया बात है और यदि आपका जवाब ना है तो इस लेख को पढ़कर आप इस बारे में पूरी जानकारी पा सकते हैं।
हमने अक्सर ऐसी कुछ महिलाओं को देखा है, जो लेगिंग्स के साथ क्रॉप टॉप ट्राई कर लेती हैं। लेकिन यदि आप भी ऐसी गलती करती हैं तो इसे छोड़ दें, क्योंकि लेगिंग्स के साथ कभी भी क्रॉप टॉप नहीं पहना जाता। यह दिखने में बहुत भद्दा लगता है।
ये तो बात हुई क्रॉप टॉप कि लेकिन अगर आप छोटे टॉप पर लेगिंग्स पहनने का विचार कर रही हैं तो इसे बिलकुल भी ट्राई न करें, भले ही आप कितनी भी स्लीम ट्रीम क्यों न हों, पर छोटे टॉप के साथ लेगिंग्स की यह स्टाइल आप पर बिलकुल अच्छा नहीं लगेगी। आपको ऐसी अंडरवियर पहनना चाहिए जिसमें हेमलाइन लेगिंग्स के ऊपर नजर न आए। ऐसे लेगिंग्स पहनने में बहुत अजीब सा लगता और आप इसमें कम्फर्टेबल भी नहीं रह सकती हैं।
प्रिंटेड लेगिंग्स को न करें ट्राई
आप प्रिंटेड लेगिंग्स ट्राई न ही करें तो बेहतर है, क्योंकि ये पहनने में बिलकुल भी अच्छे नहीं लगते। इसलिए अगर आप लेगिंग्स लेने जा रही हैं, तो प्रिंटेड लेगिंग्स न ही लें तो बेहतर है।

# पाएं हाई हील्स की तकलीफ से छुटकारा

**अधिकतर लड़कियां हिल्स पहनना तो चाहती है, लेकिन उन्हें लगता है कि इसे पहनना काफी तकलीफभरा हो सकता है, लेकिन एक अच्छी और स्टाइलिश ड्रेस के साथ हिल्स काफी अच्छी लगती है पर पैरों की तकलीफ के कारण इसे नहीं चुनते हैं। लेकिन हम यहां आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे है जिन्हें अपनाकर आप हाई हिल्स में कंफर्टेबल हो सकती है हम ये नहीं कहते कि हिल्स में आप बहुत आरामदायक महसूस करेंगी लेकिन कुछ टिप्स को अपनाकर आप हाई हिल्स पहनने से होने वाली दिक्कतों से बच सकती हैं.तो आइए, जानते हैं कि हाई हील्स पहनने के दौरान होने वाली परेशानी को आप कैसे कम कर सकती हैं**

## सैंडिल के सही साइज का चुनाव करें

हील्स वाली सैंडिल में आपके पैर आगे की ओर पुश होते हैं, ऐसे में अपने लिए सही साइज की सैंडिल का चुनाव करें।

## अपना फुट टाइप पहचानें

सभी के फुट अलग-अलग होते हैं, किसी के पैर के पंजे चौड़े तो किसी के पतले होते हैं। अपने पंजे के अनुसार सैंडिल के आगे की डिजाइन चुनें, जिससे कि आपके पैर आगे से दबे नहीं।

## मोटी हील को प्राथमिकता दें

मोटी हील आपके पैरों को ज्यादा कवरेज और सपोर्ट देती हैं। इसे पहनने से आपकी एड़ियों पर कम दबाव पड़ेगा, जिससे पैरों में दर्द भी कम होगा।

## ब्रेक लें

पार्टी व किसी खास अवसर पर ही हाई हील्स पहनें। यदि इसके अलावा भी पहनें तो कभी-कभी फ्लेट चप्पल पहनें और अपने पैरों को थोड़ा ब्रेक दें।

## हील की पोजीशन का ख्याल रखें

आपके जूते ऐसे होने चाहिए जिसमें बॉडी का भार पंजों और हील दोनों पर रहे। वरना पंजो या फिर हील पर ज्यादा प्रेशर पड़ेगा। ऐसा होने पर पैरों में दर्द शुरू हो सकता है। इसलिए हील की पोजीशन का ख्याल जरूर रखें।



जानकारी

# कमजोरी दूर करेगा यह प्रोटीन पाउडर

## जानें घर पर प्रोटीन पाउडर बनाने का तरीका

आमतौर पर प्रोटीन पाउडर का इस्तेमाल जिम जाने वाले लोग और एथलीट्स ही ज्यादा करते हैं। इसका कारण ये है कि प्रोटीन मसल्स को बढ़ाते हैं और शरीर को गठीला बनाते हैं। मगर प्रोटीन की जरूरत तो हर किसी को होती है। सर्दी के मौसम में अगर आप रोजाना सुबह एक ग्लास दूध के साथ 2 चम्मच प्रोटीन पाउडर मिलाकर पीएं, तो आप दिनभर एनर्जी से भरे रहेंगे और आपकी सेहत भी दुरुस्त रहेगी। प्रोटीन हार्ट और लंग्स को भी स्वस्थ रखते हैं। इसके अलावा ये शरीर के पीएच स्तर को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। बाजार में उपलब्ध अधिकांश प्रोटीन पाउडर्स बहुत महंगे होते हैं और इनमें कई हानिकारक तत्वों के मिले होने के भी मामले पाए गए हैं। इसलिए आज हम आपको बता रहे हैं घर पर ही अपने और परिवार के सभी सदस्यों के लिए टेस्टी, सुरक्षित, शाकाहारी और हेल्दी प्रोटीन पाउडर बनाने का आसान तरीका।



1 ग्लास दूध में 2 चम्मच मिलाकर पीने से मिलेगा कमजोरी से छुटकारा

### प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए जरूरी सामग्री

■ प्रोटीन बेस ■ पौधों और फलों से प्राप्त प्रोटीन वाले बीज ■ एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स के लिए नट्स ■ फ्लेवर के लिए आपका मनपसंद भारतीय मसाला ■ प्रोटीन बेस

प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए आपको सबसे पहले प्रोटीन बेस की जरूरत होगी, जो आपको लोकल मार्केट या ऑनलाइन स्टोर पर आसानी से मिल जाएगा। सबसे सेफ और नैचुरल प्रोटीन बेस वो होते हैं, जिन्हें पौधों से प्राप्त किया जाता है। इसके लिए आप 2 में से कोई एक प्रोटीन पाउडर बेस चुन सकते हैं-

**स्पिरुलिना से बना प्रोटीन बेस:** इसमें 2 चम्मच स्पिरुलिना पाउडर में 8 ग्राम

**न्यूट्रीशनल यीस्ट प्रोटीन बेस:** इसमें भी 2 चम्मच बेस में लगभग 8 ग्राम प्रोटीन होता है।

बेस के बाद अब आपको कुछ अन्य चीजें इसमें मिलानी हैं।

### प्रोटीन से भरे बीज चुनें

बाजार में ऐसे ढेर सारे बीज उपलब्ध हैं, जिनमें प्रोटीन की मात्रा अच्छी होती है। प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए बीजों का इस्तेमाल करना बहुत अच्छा होता है। चूंकि बीज पौधों से प्राप्त होते हैं और पूरी तरह प्राकृतिक होते हैं, इसलिए ये पाउडर आपके घर के हर सदस्य के लिए सुरक्षित होता है। प्रोटीन पाउडर के लिए आप नीचे बताए गए बीजों में से 1 या 1 से ज्यादा बीज चुन सकते हैं। आमतौर पर 4-5 चम्मच बीज काफी होते हैं।

■ सूरजमुखी के बीज ■ चिया बीज ■ अलसी का बीज ■ कद्दू के बीज ■ ब्राउन राइस पाउडर

### नट्स से बढ़ाएं प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स की पावर

अपने प्रोटीन पाउडर को ज्यादा हेल्दी और टेस्टी बनाने के लिए आप इसमें नट्स को भी मिला सकते हैं। सभी नट्स जैसे- काजू, बादाम, अखरोट, पिस्ता, मूंगफली आदि में ढेर सारे एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स होते हैं, जो आपके शरीर को बीमारियों से बचाते हैं और हेल्दी रखते हैं। प्रोटीन पाउडर में आप अपने मनपसंद नट्स का पाउडर बनाकर मिला सकते हैं।

### अपना मनपसंद फ्लेवर मिलाएं

प्रोटीन पाउडर को टेस्टी बनाने के लिए आप इसमें अपना मनपसंद फ्लेवर भी मिला सकते हैं। मगर यहां अगर आप अच्छा और हेल्दी प्रोटीन पाउडर चाहते हैं तो आपको आर्टिफिशियल फ्लेवर नहीं, बल्कि घर पर ही मसालों और ड्राई फ्रूट्स से बने फ्लेवर्स मिलाने चाहिए, जैसे- तुलसी के सूखी पत्तियों का पाउडर, जीरा पाउडर, काली मिर्च का पाउडर, आर्गेनो पाउडर या हल्दी पाउडर आदि। ऊपर बताई गई सभी चीजों को मिलाएं और बस आपका प्रोटीन पाउडर तैयार है। इस प्रोटीन पाउडर को आप 3 साल के बच्चों से लेकर किसी भी उम्र तक के बुजुर्ग को दे सकते हैं। पौधों से प्राप्त चीजों से बना होने के कारण ये पूरी तरह सुरक्षित है।

# इम्यून सिस्टम रखें दुरुस्त बीमारियों से बचे रहेंगे



डॉक्टर अक्सर कहते हैं कि बीमारियां उन लोगों को ज्यादा निशाना बनाती हैं, जिनकी रोगों से लड़ने की ताकत कमजोर होती है। विज्ञान की भाषा में इसे रोग प्रतिरोधक क्षमता घटना या इम्यून सिस्टम कमजोर होना कहते हैं। व्यक्ति ऊपर से तंदुरुस्त नजर आ सकता है, फिर भी उसकी रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर हो सकती है। इसके उलट, किसी दुबले-पतले इन्सान का इम्यून सिस्टम मजबूत हो सकता है।

दरअसल, खून को शरीर में दौड़ाने वाली कोशिकाएं अन्य अंगों के साथ मिलकर बीमारियों से लड़ने की यह क्षमता (रोग प्रतिरोधक) हासिल करती हैं। शरीर में पैदा होने वाले कई हालात के साथ ही बाहरी कारण इस प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकते हैं। किसी बच्चे में जन्म से ऐसा हो सकता है या वो हवा-पानी (पर्यावरण) में पल-बढ़ रहा है, उसके बुरे असर के कारण भी ऐसा हो सकता है।

डॉ. आयुष पाण्डे के अनुसार, जिन बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होती है, वे बार-बार संक्रमण (इन्फेक्शन) का शिकार होते हैं और ये संक्रमण जल्दी दूर नहीं होते। यह रोगों से लड़ने की क्षमता ही है जिसके कारण कुछ बच्चों में सर्दी जुकाम जैसी बीमारियां जल्दी दूर हो जाती हैं और कुछ बच्चों में, यहां तक कि बड़ों में भी, लंबे समय तक बनी रहती है।

### इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ने के संकेत

■ भूख न लगना, पेट में दर्द होना, ऐंठन, बार-बार दस्त आना
■ बच्चों का सही शारीरिक विकास न हो पाना
■ बच्चों का दिमाग न चलना
■ शरीर में अंदरूनी सूजन
■ एनीमिया यानी खून की कमी होना

### रोगों से लड़ने की ताकत कम होने के कारण

■ एचआईवी, जिस वायरस से एड्स होता है
■ कुछ प्रकार के कैंसर
■ कुपोषण यानी भोजन में पोषक तत्वों की कमी
■ वायरल हेपेटाइटिस
■ कभी-कभी दवाओं के असर से भी यह ताकत कम हो जाती है।

### ऐसे बढ़ाई जा सकती है रोगों से लड़ने की ताकत

■ इम्यून सिस्टम सर्दी और फ्लू का कारण बनने वाले वायरस से बचाव करता है। ये आठ कदम आपके इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करने में मदद कर सकते हैं। यह आपको उन वायरस से लड़ने के लिए तैयार करते हैं।
■ खूब फल, सब्जियां और साबुत अनाज खाइए।
■ सप्ताह में जितने ज्यादा दिन हो सके, कम से कम 30 मिनट का कसरत करें।
■ पर्याप्त नींद लें।
■ जब-जब भी जरूरत हो, हाथ जरूर धोएं।
■ टीकाकरण कराएं। छोटे बच्चों को हर साल फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।
■ अपना वजन कंट्रोल रखें।
■ सिगरेट-शराब न पीएं।

### भोजन की थाली में छुपी है अच्छी सेहत

इम्यून सिस्टम (रोगों से लड़ने की ताकत) मजबूत करने का सबसे अच्छा और प्राकृतिक स्रोत है भोजन। आपकी थाली में सब्जियां और फल ज्यादा होने चाहिए। भारत में सरकार ने अपने 'मायप्लेट' प्रोग्राम के तहत दिशा-निर्देश जारी किए हैं और बताया है कि भोजन की आदर्श थाली कैसी होती है।

शरीर में किसी तरह की कमजोरी या असहजता महसूस होती है तो डॉक्टर को बताना चाहिए और उनसे यह भी जानना चाहिए कि क्या मरीज वह भोजन कर रहा है जिसमें उसके लिए जरूरी विटामिन और खनिज हो। अधिक खुराक न लें। बहुत ज्यादा सोना बुरा हो सकता है।

### तनाव कम करने की कोशिश करें



आज हर व्यक्ति को तरह-तरह के तनाव से जूझना पड़ रहा है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि इम्यून सिस्टम यानी रोगों से लड़ने की यही क्षमता तनाव दूर करने में मदद कर सकती है। इसलिए तनाव कम लें, खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रखें।

### तनाव दूर करने के लिए उठाएं ये कदम

■ पर्याप्त नींद लें।
■ खुद को रिलेक्स रखें यानी हर वक्त तनाव में न रहें। बीच-बीच में कुछ ऐसे काम करते रहें, जिसने सुकून महसूस हो जैसे कोई शॉर्ट फिल्म देखना या संगीत सुनना।
■ व्यायाम जरूर करें।
■ अपने लिए समय निकालें।
■ उन लोगों से मिलते-जुलते रहें, जिन्हें आप अपनी समस्याएं बताते हैं और सही समाधान मिलता है।
■ तनाव ज्यादा बढ़ जाए तो परेशान बने रहने के बजाए डॉक्टर से मिलें। काउंसिलिंग से कई तरह के तनाव दूर हो सकते हैं।

डॉ. गगन अग्रवाल बताते हैं कि जो मां अपने बच्चे को स्तनपान कराती है, उस बच्चे में रोगों से लड़ने की ताकत ज्यादा होती है। जिस घर में छोटे बच्चे हों, वहां साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। बच्चों को बाहर की चीजें खिलाने के बजाए घर की बनी पौष्टिक चीजें खिलाएं।

सेहत

# 87 प्रतिशत बच्चे बहुत ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं मोबाइल

## आंखों पर पड़ रहा है असर

बच्चों में स्क्रीन का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। पर सबसे खतरनाक बात ये है कि हमारे नवजात शिशु भी कंप्यूटर और मोबाइल जैसे उपकरणों के आदी हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार, आज बच्चे टीवी देखने या कंप्यूटर और मोबाइल उपकरणों का उपयोग करने में बहुत अधिक समय खर्च कर रहे हैं। ऐसा उन बच्चों में ज्यादा है, जो प्रेग्नेंसी के दौरान ज्यादा स्क्रीन से चिपकी रहती थीं। एक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 12 महीने की उम्र के बच्चे औसतन रोज 53 मिनट स्क्रीन पर खर्च कर रहे हैं, वहीं 3 साल की उम्र और इससे ज्यादा के बच्चे लगभग 150 मिनट से अधिक फोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल पर खर्च कर रहे हैं। अध्ययन के अनुसार इस तरह इन बच्चों में आगे चलकर कुछ बड़ी बीमारियों के शिकार होने की संभावनाएं ज्यादा है। आइए जानते हैं इस अध्ययन के बारे में-

### अध्ययन किस बारे में बात कर रहा है?



शोधकर्ताओं ने उल्लेख किया कि 8 वर्ष की आयु तक, बच्चों द्वारा किसी न किसी प्रकार के स्क्रीन पर समय बिताने की सबसे अधिक डाटा पाए गए हैं, जो इस बात का संकेत करते हैं कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में है। अध्ययन में अमेरिका की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (NIH) की वरिष्ठ लेखिका एडविना येंग ने कहा, 'हमारे नतीजे बताते हैं कि स्क्रीन की आदतें जल्दी शुरू होती हैं।' अल्बनी और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी लैंगोन मेडिकल सेंटर के विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने, अपस्टैट किड्स स्टडी के आंकड़ों का विश्लेषण किया है, जो मूल रूप से बांझपन के उपचार के बाद विकसित बच्चों के विकास के क्रम की जांच करना था।

### अनुसंधान में कदम

अध्ययन में हिस्सा लेने वाले लगभग 4,000 बच्चों की माताओं ने 12, 18, 24, 30 और 36 महीने की उम्र में अपने बच्चों की मीडिया की आदतों पर पूछे गए सवालों के जवाब दिए। उन्होंने इसी तरह के सवालों का जवाब दिया, जब बच्चे 7 और 8 साल के थे। अध्ययन ने जन्म के रिकॉर्ड और अन्य सर्वेक्षणों से माताओं और बच्चों पर अतिरिक्त जनसांख्यिकीय जानकारी संकलित की। वहीं इस शोध में अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए डिजिटल मीडिया एक्सपोजर से बचने की सिफारिश की। जहां ये संस्था बताती है कि 18 से 24 महीने के बच्चों को धीरे-धीरे स्क्रीन मीडिया की आदत ज्यादा जल्दी लग रही है, वहीं 2 से 5 साल की उम्र के बच्चों के लिए दिन में एक घंटे स्क्रीन पर खेलने के समय को कम करने की कोशिश करनी होगी।

वर्तमान अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने पाया कि कुल मिलाकर 87 प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं, जिनमें ये स्क्रीन का इस्तेमाल धीरे-धीरे बढ़ रहा है। हालांकि, जबकि स्क्रीनिंग समय 7 और 8 साल की उम्र तक के बच्चों में प्रति दिन 1.5 घंटे से कम है। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह कमी स्कूल से संबंधित गतिविधियों के समय से संबंधित है। शोधकर्ताओं ने बच्चों को दो समूहों में वर्गीकृत किया जो इस बात पर आधारित था कि उनकी औसत दैनिक स्क्रीन का समय 1 वर्ष से 3 वर्ष की आयु तक बढ़ गया है।

पहला समूह, जिसमें 73 प्रतिशत बच्चे औसतन 51 मिनट एक दिन का स्क्रीन पर बिताते थे। वहीं दूसरे समूह, जिसमें 27 प्रतिशत बच्चे दिन में लगभग 4 घंटे स्क्रीन पर खर्च करते हैं। वहीं माता-पिता की शिक्षा के उच्च स्तर दूसरे समूह में शामिल किए जाने की कम बाधाओं से जुड़े थे। यानी जिन बच्चों के मां-बाप जितने ज्यादा पढ़े-लिखे थे उतना ही उनके बच्चे स्क्रीन डिवाइस का इस्तेमाल कर रहे थे। वहीं कम पढ़े-लिखे मां-बाप के बच्चे इसका इस्तेमाल कम कर रहे थे। वहीं शोधकर्ताओं की मानें, तो लड़कों की तुलना में लड़कियों में स्क्रीन पर बिताने का समय कम था। वहीं इस तरह इन बच्चों को देखते हुए शोधकर्ताओं का कहना है कि मां-बार ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को स्क्रीन से दूर रखें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

## काकुरो पहेली - 2675




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 2674 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक कंजूस अपने खेत में जा रहा था. अचानक उसे कांटा चुभ गया. वह बड़ी बहादुरी से कांटा निकालते हुए बोला, 'ईश्वर तेरा लाख-लाख धन्यवाद है कि मैं जूते पहनकर नहीं आया वरना मेरे अच्छे जूते में सूराख हो जाता.'

एक किरायेदार ने मकान मालिक से शिकायत की कि 'जनाब ये आपका मकान कैसा है? दिन-रात चूहों की भागदौड़ देखने को मिलती है.'

मकान मालिक ने कहा- 'तो क्या आप दस रुपये में घुड़दौड़ देखना चाहते हैं?'

मालकिन: कितनी बार कहा है कि सुबह छह बजे दूध दिया करो.


दूधवाला: हम छह बजे दूध नहीं ला सकते. छह बजे नल में पानी भी नहीं आता.

एक साहब को खाने के बाद उंगलियां चाटने की आदत थी. एक बार एक दावत में उन्होंने उंगलियां चाटनी शुरू कर दीं, बाजू वाले साहब ने भी अपना हाथ आगे करके कहा-जरा इसे भी साफ कर दो.

जज जेबकतरे से-अच्छा बताओ तुमने भलाई का कोई काम किया?

जेबकतरे ने जवाब दिया-सर, हमीं लोगों के कारण पुलिस विभाग और अदालत में हजारों लोगों को राजी-रोटी का सहारा मिला है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2675



**बायें से दायें:-**

१. अक्षय खन्ना, करीना की प्रियदर्शन निर्देशित एक कॉमेडी फिल्म-४
३. 'झिलमिल सितारों का आँगन' गीत वाली धर्मेन्द्र, राखी की फिल्म-३,२
५. अजय, नाना, फरदीन, उर्मिला, रेखा की 'ये सर्द आहें' गीत वाली फिल्म-२
६. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला' गीत वाली फिल्म-४
१०. 'पर्दे में रहने दो' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा पारेख की फिल्म-३
१२. 'सीता और गीता' में संजीव के साथ वाली हेमामालिनी के पात्र का नाम-२
१३. 'शिकदुम शिकदुम' गीत वाली अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, ईशा देओल, रिमी सेन की फिल्म-२
१६. विकास भल्ला, काजोल की 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'आने वाला पल जाने' गीत वाली अमोल पालेकर, बिंदिया की फिल्म-४
२०. जैकी, मोहसिन खान, नीलम की 'एक तू ही मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'तेरा काम है जलना' गीत वाली राज कपूर और नर्गिस की फिल्म-२
२३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२४. सुदर्शन नाग निर्देशित सनी देओल, नीलम की १९९१ की एक फिल्म-३
२८. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'हम भूलेंगे' गीत वाली अमिताभ, अरशद, करिश्मा की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. शॉवरअली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
२. 'भागे रे मन' गीत वाली फिल्म-३
३. सनी, सलमान, करीश्मा, तब्बू की फिल्म-२
४. अमिताभ, दीपक, डिम्पल, करिश्मा की 'कभी खुशियों की' गीत वाली फिल्म-४
५. 'तेरे नाम' में सलमान की नायिका थी-३
७. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
९. 'जिंदगी इम्तिहान' गीत वाली अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
१०. नागार्जुन, अमला की एक फिल्म-२
११. सुनील शेट्टी, रवीना, करिश्मा, की फिल्म-३
१३. संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की 'बेनाम सा ये दर्द' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तुम ने दी आवाज' गीत वाली फिल्म-३
१५. सनी, अजय जडेजा, सेलिना की 'तुमको कितना है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'इस टूटे दिल' गीत वाली फिल्म-२
१७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला टैगोर की एक फिल्म-३
१८. 'अकेले ही अकेले चला' गीत वाली दिलीपकुमार, सायरा बानो की फिल्म-२
१९. आयूब खान, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. 'ऐ मेरी जिंदगी' गीत वाली जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
२२. राजकुमार, मीना की 'ठाड़े रहियो ओ बांके यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
२६. मनोज बाजपेयी, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
२७. 'कैसे कटे दिन' गीत वाली राजेश खन्ना, गोविंदा, जूही, माधवी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2674

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पि | या | का | घ | र | | ए | ल | ओ | सी |
| ता | श | | र | | घा | त | | म | |
| | ना | च | | चाँ | | श | खी | | फ |
| रे | | मे | हं | दी | | ज | | खा | की |
| श | मीं | ली | | सो | च | | श | | श |
| नी | | | ब | ना | र | सी | बा | बू | |
| | ग | द | र | | स | | ना | म | |
| बा | ज | | सा | थी | | मि | | | अं |
| जा | ल | | त | | दि | ल | का | श | जा |
| र | | माँ | | मि | ल | न | | | म |

## सूडोकु -2675


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2674 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 2675



**बाएँ से दाएँ**

1. छुट्टी,रजा-4
3. वध,आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल,अनूठा-3
8. अनाथ,बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार,सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में,दौरान-3
24. खुश,आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना,परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना,मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना,वचन तोड़ना-4
7. फिजूल,व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग,गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश,मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली - 2674 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | व | | न | या | | न | दी | | जी | वा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |

## बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए हस्तक्षेप करे केंद्र सरकार : ममता

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश में हिंसा प्रभावित अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने दिघा में कहा कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के उन अल्पसंख्यकों को वापस लाना चाहिए जो भारत लौटना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बांग्लादेश की स्थिति को लेकर कुछ समूह जानबूझकर फर्जी वीडियो फैला रहे हैं, ताकि सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न किया जा सके। उन्होंने कहा, हम बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षा चाहते हैं। केंद्र सरकार को कदम उठाना चाहिए और जो लोग भारत लौटना चाहते हैं, उन्हें वापस लाना चाहिए।उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू, जो लगभग आठ प्रतिशत हैं, पांच अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से हिंसा का शिकार हो रहे हैं। बांग्लादेश के करीब 50 जिलों में इन समुदायों पर हमले किए गए हैं। ममता बनर्जी इन दिनों दिघा के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां उन्होंने जगन्नाथ मंदिर के निर्माण कार्य की समीक्षा की।

## जब तक मां व मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित न कर लें, तब तक हर व्यक्ति अधूराः सीएम योगी

**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह भूमि भगवान राम के जन्म के हेतु का कारण है। प्रभु श्रीराम ने प्रेरणा दी कि व्यक्ति कितना भी बड़ा और यश-धनधान्य से परिपूर्ण न हो जाए, वह तब तक अधूरा है, जब तक मां और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित न कर ले। मां की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखते और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाते हुए गरीब छात्र भी अच्छी व आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सके, इसके लिए दोनों भाइयों ने मां के नाम पर कर्मा देवी समूह और पिता के नाम पर फॉर्मेसी कॉलेज स्थापित किया। उनका उद्देश्य था कि इसके जरिए हजारों बच्चे कर्मपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हुए सम्मान के साथ स्वावलंबन का जीवनयापन करें। एक व्यक्ति का स्वावलंबन समाज व राष्ट्र का स्वावलंबन होता है। सीएम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया। सीएम ने ओमनी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का बटन दबाकर शिलान्यास किया। सीएम ने सरोज सिंह व देवमंगल सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरोज सिंह जब मंदिर आती थी, तब कहती थीं कि एक दिन आप मुख्यमंत्री बनेंगे।

## कुछ ताकतें देश को खंडित करने और संस्थाओं को अपमानित करने का रच रहीं साजिश : उप राष्ट्रपति धनखड़

**जयपुर।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कुछ ऐसी ताकतें हैं जो भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रही हैं। देश को खंडित करने और देश की संस्थाओं को अपमानित करने का सुनियोजित षड्यंत्र हो रहा है। आम नागरिक की इसमें बड़ी भूमिका है। हमें ऐसी चीजों को न्यूट्रलाइज करना चाहिए। उन्होंने युवा वर्ग से आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही अधिकारों और कर्तव्यों का भी बोध रखें। उप राष्ट्रपति जयपुर में लघु उद्योग भारती के सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कौशल विकास केंद्र में पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। ग्रामीण विकास, लघु उद्योग, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से एक मजबूत आर्थिक और सामाजिक ढांचा तैयार किया जा रहा है। साथ ही कहा कि विकसित भारत 2047 अब केवल सपना नहीं, बल्कि एक सुनिश्चित लक्ष्य है। इसका मार्ग ग्रामीण परिप्रेक्ष्य, कुटीर और लघु उद्योग से होकर जाता है। चाहे जल हो, थल हो, आकाश हो या अंतरिक्ष, भारत हर क्षेत्र में बड़ी छलांग लगा रहा है।

## बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ रोकने के लिए समुद्री सीमा पर सुरक्षा कड़ी

**कोलकाता।** बांग्लादेश में चल रहे संकट के बीच अवैध घुसपैठ की आशंका को देखते हुए पश्चिम बंगाल की अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पर केंद्रीय और राज्य सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी कड़ी कर दी है। इन घुसपैठियों में भूमिगत संगठनों के सक्रिय सदस्य भी शामिल हो सकते हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने यह निर्णय हाल की दो घटनाओं के बाद लिया है। पहली घटना में दो बांग्लादेशी समुद्री जहाजों को अवैध रूप से भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश करने पर पकड़ा गया था। दूसरी घटना में खुफिया जानकारी मिली है कि कुछ आतंकवादी संगठन, विशेष रूप से हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी), पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में फिर से सक्रिय होने की कोशिश कर रहा हैं।खुफिया एजेंसियों ने मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों को इस संदर्भ में सबसे संवेदनशील माना है। ये दोनों जिले अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र हैं। इसके अलावा नदिया जिला भी निगरानी में है, जिसे पहले ही बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए भारतीय पहचान पत्र तैयार करने का केंद्र माना जा चुका है। खुफिया एजेंसियों ने पाया है कि हाल ही में हिज्ब-उत-तहरीर के दो सक्रिय सदस्य रिदवान मारुफ और सब्बीर अमीर वैध बांग्लादेशी पासपोर्ट लेकर छात्र बनकर पश्चिम बंगाल आए। उन्होंने मालदा और मुर्शिदाबाद में स्थानीय युवाओं से मुलाकात की।

# भ्रष्टाचार खत्म करने व पारदर्शिता लाने के लिए है वक्फ संशोधन बिल 2024: इंद्रेश कुमार

एजेंसी

**हिसार।** आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा है कि वक्फ बोर्ड में व्यापक भ्रष्टाचार है, जिसके कारण कई वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। मुस्लिम समुदाय में इस तरह की धारणा बन गई है कि वक्फ बोर्ड माफिया की तरह काम कर रहा है और यह भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। डॉ. इन्द्रेश कुमार यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डॉ. इंद्रेश कुमार यहां वक्फ संशोधन बिल 2024 को लेकर प्रदेशभर से आए वक्फ बोर्ड के किराएदारों तथा समाज के अन्य वर्ग की राय जानने के लिए आए थे। वरिष्ठ प्रचारक डॉ. कुमार ने कहा कि आजादी के बाद वक्फ को लेकर कांग्रेस राज में तीन बार संशोधन हुए हैं। उन सबके कारण वक्फ आज



वेलफेयर के बजाय माफिया का अड्डा बन गया है।उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन को लेकर आज विरोधी झूठ बोलकर भड़का रहे हैं कि सरकार संपत्तियों, कब्रिस्तानों की जमीनों पर कब्जा कर लेगी, जबकि बिल पारदर्शिता के लिए है ताकि वक्फ की संपत्ति और इनकम सभी के सामने आ सके। वक्फ संशोधन बिल को लेकर ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) बनाई गई। जेपीसी देशभर में बैठक कर रही है और वक्फ संशोधन बिल को लेकर देश की जनता की सुझाव लेने का काम कर रही है। जेपीसी को अपनी रिपोर्ट सौंपने का फरवरी 2025 का समय दिया गया है। जेपीसी अपनी रिपोर्ट तय समय पर देती है या एक बार फिर उसका समय बढ़ाया जाएगा अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल 2024 के मुख्य तीन उद्देश्य है। पहला वक्फ बोर्ड की जिम्मेदारी तय करना और उसके काम में पारदर्शिता लाना, दूसरा यह सुनिश्चित करना कि वे समुदाय की बेहतरी के लिए काम करे और तीसरा गैर मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति के जरिए सामुदायिक सौहार्द्र को बढ़ावा देना है। डॉ. कुमार ने कहा कि इस देश में जमीन के मामले में किसी भी विवाद का फैसला कोर्ट करती है, लेकिन जब बात वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की आती है तो वक्फ बोर्ड ही ऐसी संपत्तियों का फैसला करती है। अगर वक्फ बोर्ड आपके खिलाफ फैसला दे देता है तो उसे ही अंतिम माना जाता है और ऐसे में कई संपत्तियों पर गलत ढंग से कब्जा किया जाता है।

## सुखबीर बादल ने मुक्तसर साहिब में की सेवा, बर्तन किए साफ



एजेंसी

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह के आदेशों के बाद धार्मिक सजा भुगत रहे शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल मुक्तसर साहिब के गुरुद्वारा श्री टूटी गंढी साहिब पहुंचे। यहां वह दो दिन अपनी धार्मिक सजा भुगतेंगे। सुखबीर बादल नीले रंग का चोला पहनकर पहले गुरुद्वारा साहिब के मुख्य गेट पर चौकीदार बनकर बैठे। इसके बाद उन्होंने एक घंटे कीर्तन सुना और तत्पश्चात बर्तन साफ करने की सेवा निभाई। इस बीच बीती चार दिसंबर को सुखबीर बादल पर गोली चलाने वाले नारायण सिंह चौड़ा को पुलिस ने फिर से अमृतसर की अदालत में पेश किया। पुलिस ने अदालत से आठ दिन की रिमांड की मांग की। पुलिस ने कहा कि चौड़ा के कई कट्टरपंथियों के साथ संबंध हैं। इस मामले में कई तरह की बरामदगियां हो सकती हैं। इस केस में कई अन्यों का हाथ होने का भी संकेत मिल रहा है। अदालत ने चौड़ा की तीन दिन की रिमांड बढ़ा दी।

## महाकुम्भ में क्राउड कंट्रोल के लिए योगी सरकार की खास प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस मेले में रहेगी तैनात

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में क्राउड कंट्रोल के लिए योगी सरकार की खास प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस मेले में तैनात रहेगी। महाकुम्भ में जल और थल दोनों स्थानों में उत्तर प्रदेश की प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस करोड़ों श्रद्धालुओं की राह सुगम करने के लिए खास ट्रेंड है। पुलिस के जवान जहां पैदल नही पहुंच पाएंगे, वहां माउंटेड पुलिस जाकर श्रद्धालुओं की राह आसान करेगी। इसके लिए 130 घोड़े और 166 पुलिस कर्मी व स्टाफ तैनात किये गए है। इसमें भारतीय ब्रीड के घोड़ों के साथ अमेरिकन और इंग्लैंड ब्रीड के घोड़े भी महाकुम्भ में भीड़ नियंत्रण का काम करेंगे। मेले की ड्यूटी में तैनात घोड़ों के डाइट का और उनकी चिकित्सकीय सुविधा का खास ध्यान रखा जा रहा।

प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए माउंटेड पुलिस की भूमिका अहम होगी। भीड़ नियंत्रण और कठिन क्षेत्रों में गश्त के लिए माउंटेड पुलिस का उपयोग कुशलता और प्रभावशीलता का प्रतीक है। इनके मजबूत प्रशिक्षण और शानदार घोड़ों की सहायता से, कुम्भ मेला पुलिस बल न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि कुम्भ के विशाल आयोजन को सुचारू और व्यवस्थित बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। घुड़सवार पुलिस की मौजूदगी भीड़ में अनुशासन बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुरक्षा का भरोसा देने का काम करेगी। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि घोड़ों को विशेष तरीके से ट्रेंड किया गया है। घोड़ों को मुरादाबाद और सीतापुर ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षित किया गया है। महाकुम्भ को देखते हुए माउंटेड पुलिस को खास ट्रेनिंग कराई गई है, जिससे ये



श्रद्धालुओं को किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचा सकें, बल्कि भीड़ को नियंत्रित करते हुए उनके लिए सुगम राह बनाएं। माउंटेड पुलिस थल के साथ ही पानी मे भी जाकर क्राउड मैनेजमेंट करने में दक्ष है। घुड़सवार पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक प्रेम बाबू ने बताया कि महाकुम्भ मेले के लिए सेना से अमेरिकन बाम ब्लड, इंग्लैंड का थ्रो नस्ल का घोड़ा खरीदा गया है। इसके अलावा भारतीय नस्ल के घोड़े भी है।

## गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को करारा कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे।जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी



किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा।

मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

# लखनऊ के गोसाईगंज की सिद्धांशी को थी जन्मजात क्लब फुट की समस्या

### आरबीएसके योजना के तहत मिली नई जिंदगी, 6 साल में 1028 मरीजों का हुआ सफल इलाज

एजेंसी

**लखनऊ।** गोसाईगंज के निवासी कमल और दुलारी के लिए पांच साल पहले का समय बहुत खास था, जब उनके घर में पहली बार बच्ची सिद्धांशी का जन्म हुआ। परिवार में खुशियां छा गईं, लेकिन खुशी के इस पल में एक गहरी चिंता भी शामिल थी। नर्स ने बताया कि सिद्धांशी के दोनों पैर मुड़े हुए हैं, जिससे परिवार में एक नया संकट आ खड़ा हुआ। इस घबराहट भरे समय में, गोसाईगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के चिकित्सक ने उन्हें ढांढस बंधाया और सिद्धांशी का इलाज राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके)



की टीम से करवाने की सलाह दी।आरबीएसके की टीम ने बच्ची का चेकअप किया और बताया कि वह पूरी तरह से ठीक हो सकती है, लेकिन इसका इलाज लंबा होगा। परिवार की सहमति से, बच्ची का संपर्क अनुष्का फाउंडेशन की टीम से किया गया। यहीं से सिद्धांशी के इलाज की यात्रा की शुरुआत हुई। आज, पांच साल बाद, सिद्धांशी न सिर्फ चलती है, बल्कि दौड़ती भी है। इस सुधार से खुश होकर कमल और दुलारी कहते हैं कि उनके इलाज में एक भी पैसा नहीं लगा और यह सरकार की एक बेहतरीन योजना का परिणाम है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी बताते हैं कि क्लब फुट एक जन्मजात दोष है, जो 800 नवजातों में से एक को प्रभावित करता है। इस दोष के कारण बच्चे के पैरों की हड्डियाँ असामान्य रूप से मुड़ी होती हैं। पूरे देश में हर साल करीब 33,000 बच्चे इस दोष के साथ पैदा होते हैं। प्रदेश में आरबीएसके के साथ मिलकर अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट (एएफईसी) भी इस पर काम कर रहा है। यह संस्था 2018 से सक्रिय है और अब तक 1028 बच्चों का सफल इलाज कर चुकी है। वर्तमान में 13,000 बच्चों का इलाज चल रहा है। एएफईसी ने कोटक एसेट मैनेजमेंट के सीएसआर इनिशिएटिव और एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में क्लब फुट का निशुल्क इलाज किया है।

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट



एजेंसी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेन्द्र फडणवीस की यह पहली नई दिल्ली की यात्रा है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन द्वारा 288 सीटों में से 230 सीटें जीतने के बाद 85 दिसंबर को फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि शिंदे और राकांपा नेता अजित पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

# ' निस्वार्थ भाव से कर्म करें, सफलता आवश्य मिलेगी'

एजेंसी

**चंडीगढ़।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कहा कि 5161 साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से पूरे विश्व को गीता का उपदेश दिया। इन उपदेशों में कर्म करने और फल की इच्छा ना रखने का संदेश वैज्ञानिक दृष्टि से भी सही है।

कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो मनुष्य फल की इच्छा रखकर कार्य करता है, वह हमेशा परेशान रहता है और जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से कर्म करता है, वह व्यक्ति हमेशा सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को धारण करके युवा पीढ़ी को अपने जीवन में बड़ा




लक्ष्य निर्धारित करने का प्रयास करना चाहिए और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए । केन्द्रीय मंत्री ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के कर्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत हजारों साल से ऋषि-मुनियों की पावन धरा रही है और ऋषि-मुनियों ने हमेशा पूरी दुनिया की चिंता की है। इन संतों ने सबको अपना माना और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। गीता जयंती समारोह में निमंत्रण के लिए उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने देशवासियों को गीता जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गीता जयंती के पावन पर्व पर विश्व के 45 देश और भारत में 4 हजार केंद्रों के साथ-साथ हरियाणा के सभी जिलों के लगभग 1 करोड़ 50 लाख लोग आज वैश्विक गीता पाठ और 1 मिनट एक साथ-गीता पाठ के साथ जुड़े। सरकार के प्रयासों के चलते आज गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बड़ा स्वरूप मिला है और इस महोत्सव के तहत विदेशों में भी कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर, डीआरजी के दो जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुनगा के वन क्षेत्र में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। इस दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया, जिसमें डीआरजी के दो जवान घायल हो गए। दोनों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवानों- मंगलू कुड़ियम और योगेश्वर सोरी का इलाज बीजापुर जिला अस्पताल में जारी है। दोनों जवानो की स्थिति सामान्य है।

## डीआरआई ने मुंबई एयरपोर्ट पर 12.5 किलोग्राम सोना बरामद किया, 6 गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर बीती रात तस्करी का 12.5 किलोग्राम सोना बरामद किया है। बरामद सोने की कीमत 9.95 करोड़ रुपये आंकी गई है। पिछले दो दिनों में मुंबई एयरपोर्ट पर 36 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया गया है। इन मामलों की गहन छानबीन जारी है।

डीआरआई सूत्रों ने बताया कि मंगलवार की रात को मुंबई एयरपोर्ट पर विदेश से तस्करी का सोना आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर डीआरआई की टीम मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। विदेश से आए दो संदिग्ध यात्रियों को रोक कर टीम ने उनके सामान की तलाशी ली। इन दोनों के सामान में आठ थैलियों में मोम के रूप में सोने की धूल की 24 अंडाकार गेंदें मिलीं। जांच के बाद 9.95 करोड़ रुपये मूल्य का 12.5 किलोग्राम सोना सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत बरामद कर लिया गया। इस कार्रवाई में पता चला कि एयरपोर्ट के फूड कोर्ट में कार्यरत तीन कर्मचारी तस्करी के सोने को एयरपोर्ट से सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास कर रहे थे। डीआरआई की टीम ने इन तीन कर्मचारियों के साथ विदेश से आए दो यात्रियों को और



एक रिसीवर को गिरफ्तार कर लिया है। डीआरआई सूत्रों ने बताया कि मुंबई एयरपोर्ट पर पिछले दो दिनों में लगभग 36 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया गया है। इन मामलों की गहन छानबीन जारी है।

## शीतलहर से कांपा पूरा राजस्थान, चूरू व सीकर में जमी बर्फ

एजेंसी

**जयपुर।** प्रदेश में चल रही शीतलहर से आठ शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। फतेहपुर में कल रात माइनस एक डिग्री के साथ सबसे सर्द रात रही। बाल्टी में का पानी बर्फ बन गया। शीतलहर से चलते चूरू और सीकर में रात में कारों पर बर्फ की हल्की परत जम गई। तेज सर्दी से शेखावाटी का जनजीवन प्रभावित नजर आया। शीतलहर से कई स्थानों पर पाला पड़ने की भी सूचना है। राज्य में 12 व 13 दिसंबर को कोल्ड वेब को लेकर अलर्ट जारी किया है। जयपुर मौसम विभाग के अनुसार पिलानी, सीकर, चूरू, फतेहपुर, संगरिया, सिरोही , करौली और माउंट आबू में रात का पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया। वहीं प्रदेश के 21 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। प्रदेश में शीतलहर चलने से सुबह-शाम ठंड लोगों को परेशान करने लगी है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने 12 और 13 दिसंबर को 15-15 जिलों में कोल्ड वेब का प्रभाव रहने की संभावना लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। 14 दिसंबर से राजस्थान में शीतलहर का प्रकोप कम होने की संभावना जताई है। इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान माइनस में चला गया। कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर में माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। तापमान में गिरावट के कारण खुले आसमान के नीचे पानी की बूंदें जम जा रही हैं। खेतों की बाउंड्री पर तारों और बाहर बर्तनों में बर्फ जम गई। सर्दी से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव का सहारा लेते हुए नजर आ रहे हैं। सीकर में भी पारा एक डिग्री पर पहुंच गया।

राज्य में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। राज्य में कुछ स्थानों पर शीत दिन दर्ज किये गये तथा एक दो जगह पर अतिशीत लहर व कहीं कहीं शीत लहर दर्ज की गई। आगामी 48 घंटे के दौरान उत्तर हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। आगामी 4-5 दिन राज्य में कुछ स्थानों पर शीत लहर चलने की संभावना है। शीतलहर से जयपुर में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू हो गया। भी जयपुर में दिनभर मध्यम गति की हवाएं चलीं। जयपुर के रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जयपुर के आस-पास के ग्रामीण इलाकों में सुबह हल्का कोहरा नजर आया।

## एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया स्कैमर्स से बचाएगा महाकुम्भ साइबर थाना

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी योगी आदित्यनाथ सरकार पहली बार इतने व्यापक स्तर पर महाआयोजन का डिजिटलीकरण करने जा रही है। डिजिटलाइजेशन के साथ साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए भी व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए मेला क्षेत्र में साइबर थाने की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर लोगों को झांसा देना संभव नहीं हो पाएगा। खास बात ये है कि इस बार देश विदेश से इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बुलाई गई है। यहां प्रदेश के चुनिंदा साइबर एक्सपर्ट्स पहुंच चुके हैं, जो 45 करोड़ श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ 2025 को अब तक का सबसे भव्य और दिव्य आयोजन बनाने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। मेला के दौरान यहां 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिनकी सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में एक एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर मेले के अधिकारी विशेष ध्यान दे रहे हैं। यही नहीं, उन्हें साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम महाकुम्भनगर बुला ली गई है। महाकुम्भनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी बताते हैं कि फेक और डार्क वेबसाइट और सोशल मीडिया के शातिरों से श्रद्धालुओं की हर तरह से हिफाजत करने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए पूरे प्रदेश के अनुभवी अफसरों को यहां महाकुम्भनगर में बुलाया गया है। आते ही साइबर सेल के एक्सपर्ट अपनी पोजिशन ले चुके हैं। सबसे खास बात यह है कि महाकुम्भ में एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं किया जा सकेगा।

# बर्फबारी का मजा लूटना चाहते हैं तो, पटनीटॉप हैं आपके लिए पर्फेक्ट



पटनीटॉप-सनासर (जम्मू कश्मीर)। चारों ओर बिछी हुई बर्फ की सफेद चादर, देवदार तथा चीड़ के पेड़ों से गिरते बर्फ के टुकड़े सच में यहां आने वालों को नई दुनिया का आभास देते हैं। जिधर नजर दौड़ाएं, बस बर्फ ही बर्फ दिखती है और उस पर दिखते हैं बर्फ के खेलों का आनंद उठाते हुए लोग, जो देश के विभिन्न भागों से आए थे। यह है पटनीटॉप का प्रसिद्ध और मनमोहक पर्यटन स्थल जहां सिर्फ गर्मियां ही नहीं बल्कि सर्दियां भी मनोहारी होती हैं।

जम्मू से 108 किमी दूर पटनीटॉप का रमणीय और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थल समुद्रतल से 6400 फुट की ऊंचाई पर है। लंबे लंबे चीड़ और देवदार के पेड़ हर उस शख्स को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं जो प्रकृतिप्रेमी हैं। साल भर इसकी खूबसूरत ढलानों पर जमी रहने वाली बर्फ भी पर्यटकों को अपनी ओर खींच लेने की शक्ति रखती है।

जम्मू पर्यटन विभाग पटनीटॉप में बर्फ के खेलों का मजा आने वाले पर्यटकों को देने के लिए अगले कुछ दिनों में 'स्कीइंग फैस्टिवल' आयोजित करने जा रहा है। जम्मू क्षेत्र में यह अपने किस्म का वार्षिक स्कीइंग फेस्टिवल होता है जिसमें पर्यटकों को स्कीइंग तो सिखाई ही जाती है और साथ ही पर्यटक बर्फ के खेलों का आनंद भी लूटते हैं।

जब कश्मीर में आतंकी घटनाओं ने देश-विदेश के पर्यटकों को गुलमर्ग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल से मुख मोड़ने पर विवश किया तो उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश के बर्फीले क्षेत्र बर्फ के खेलों के विकल्प के रूप में उभर कर सामने आए थे। अब जम्मू क्षेत्र के 'पहलगाम' के रूप में जाने जाना वाला पटनीटॉप नए और महत्वपूर्ण बर्फ के पर्यटन स्थल के रूप में पूरी तरह से उभर चुका है।


पहलगाम के उपरांत पटनीटॉप को स्कीइंग स्थल के रूप में ख्याति प्राप्त करवाने में पर्यटन विभाग के जम्मू विंग का अच्छा खासा सहयोग रहा है। विभाग की मेहनत ही है कि आज पटनीटॉप में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग करने वालों की भीड़ लगी रहती है। स्कीइंग के लिए तो पटनीटॉप की सबसे ऊंची पहाड़ी पर बनी छोटी और बड़ी स्लोपों के साथ ही पटनीटॉप के साथ लगते नथाटाप क्षेत्र को भी इस्तेमाल में लाया जा रहा है। जो आप ही खूबसूरती की एक मिसाल है। पर्यटन विभाग की ओर से अन्य स्लोपों की तलाश तथा उनका विकास किया जा रहा है ताकि स्कीइंग के लिए आने वालों की भीड़ से निपटा जा सके।

आने वाले सभी लोगों को बर्फ के खेलों का आनंद उठाने का अवसर उपलब्ध नहीं हो पाता क्योंकि स्कीइंग साल में सिर्फ सर्दियों के अढ़ाई महीनों में ही होती है। हिमाचल में यह सिर्फ दो महीने होती है पर पटनीटॉप व नत्थाटाप में यह कभी-कभी 3 महीनों तक होती रहती है क्योंकि बर्फ पिघलती नहीं है।

ऐसा भी नहीं है कि स्कीइंग न कर पाने वालों को पटनीटॉप आकर निराश होना पड़ता हो बल्कि कई बार लोग बर्फ पर फिसलने वाली लकड़ी की स्लेज का मजा लूटते हैं। कुछ लोग बर्फ के पुतले बना बर्फ के अन्य खेलों में लिप्त होते हैं। यह सब कुछ साल के सिर्फ अढ़ाई महीनों के दौरान ही इसलिए होता है क्योंकि बर्फ इसी दौरान रहती है और गर्मियों में पटनीटॉप आने वाले इन नजारों तथा अनुभवों से वंचित रहते हैं।

गर्मियों में आने वालों को निराशा होती हो ऐसा भी नहीं है क्योंकि गर्मियों में पटनीटॉप आने का अपना ही अलग लुत्फ है जो कश्मीर के मुकाबले का है। ऐसा इसलिए है क्योंकि समुद्रतल से जितनी ऊंचाई पर पटनीटॉप स्थित है उससे कम ऊंचाई पर श्रीनगर शहर है।

कश्मीर का मुकाबला करने वाले इस अनछुए पर्यटनस्थल पटनीटॉप में बर्फ के खेलों का एक रोचक पहलू यह है कि इसका आनंद उठाने वालों में अधिकतर वे लोग हैं जो पटनीटॉप से करीब अढ़ाई घंटों की यात्रा की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल माता वैष्णो देवी की गुफा के दर्शनार्थ आते हैं। आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार पटनीटॉप आने वाले पर्यटकों में 80 प्रतिशत वैष्णो देवी के तीर्थयात्री ही हैं।



# सबसे आकर्षक और बेहद खूबसूरत होती हैं इन जगहों की शाम

सुबह और शाम दिन के दो ऐसे प्रहर होते हैं, जब हमें जिंदगी के प्रति एक अलग सा लगाव महसूस होता है। हम में से कई लोग अपनी शाम पहाड़ो के बीच तो कोई नदी किनारे बीताना पसंद करता हैं। हममें से ज्यादातर लोग इन पलों को सुकून से प्रकृति के बीच महसूस करना चाहते हैं। आइए, आज उन चुनिंदा जगहों के बारे में जानते हैं, जहां की शाम बेइंतहा खूबसूरत होती है। हैं कुछ ऐसी जगहों के बारे में जहां पर आप अपनी शाम बीता सकते हैं और वाकइ में इन जगहों की शाम का नाज़ारा काफी सुंदर और देखने लायक होता हैं। तो आई जानते हैं इन जगहों के बारे में –

**बनारस –** वाराणसी शहर में लोग आध्यात्मिक उपचार की तलाश में आते हैं और गंगा यहां सबसे सुंदर अनुभव प्रदान करती है। गंगा नदी के किनारे बैठे उगते सूरज का नजारा आपको गदगद कर देगा। अगर आप सुबह जल्दी उठ सकते हैं तो नाव की सवारी भी कर सकते हैं। वैसे वाराणसी को महाकाल की नगरी भी कहा जाता है। यहां विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर स्थित है।

**राधानगर बीच, अंडमान –** अंडमान में स्थित हैवलॉक द्वीप की शाम बहुत ही खूबसूरत होती है। यह सनसेट प्वाइंट प्राकृतिक सौंदर्य के कारण दुनियाभर में लोकप्रिय है। हैवलॉक द्वीप हनीमून के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है। पूरे एशिया में सबसे बेस्ट सनसेट प्वाइंट माना जाता है। यहां पर जाने का सही समय अक्टूबर से अप्रेल के बीच का हैं।

**टाइगर हिल –** यह सूर्योदय देखने के लिए सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। दार्जिलिंग आने वाले पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण रहता है। टाइगर हिल राजसी माउंट कंचनजंगा, और प्रतिष्ठित माउंट एवरेस्ट के मनोहारी दृश्य भी दिखाती है। अपनी शाम को यादगार बनाने के लिए यहां से अच्छी जगह और कोई नहीं हैं। दार्जिलिंग जाने वाले पर्यटकों के लिए यह एक बहुत बड़ा आकर्षण हैं।

**नंदी हिल्स –** यहां पर आप वादियों के बीच लाल रंग के आसमान का लुत्फ उठा सकते हैं। अगर आपको एकांत पसंद करने वाले व्यक्ति हैं तो यह जगह आपके लिए एकदम सही हैँ। अगर आप यहां जाना चाहते हैं तो आप उसके लिए अक्टूबर से जून में जा सकते हैं।

**उमियम लेक –** भारत के उत्तर पूर्व में स्थित यह झील सबसे शानदार स्थानों में से एक है। यह शिलांग से लगभग 15 किमी दूर स्थित है। जैसे ही सूरज उगता है और पहली किरणें झील के पानी को छूती हैं, आपको एहसास होगा कि आप किसी और दुनिया में आ गए हों।



# नए साल पर इन जगहों पर घूमें, बजट भी नहीं बिगड़ेगा

नए साल का स्वागत करने के लिए अधिकतर लोग घूमने का प्लान बनाते हैं। लेकिन साथ ही उनके मन में यह भी होता है कि नए साल का स्वागत करने के चक्कर में कहीं उनका बजट ना बिगड़ जाए। कई बार तो लोग इस वजह से अपने घूमने का प्लान भी कैंसिल कर देते हैं। अगर आपको भी लगता है कि नए साल में घूमने पर आपका बजट बिगड़ जाएगा तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको ऐसी कुछ जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां आप बजट में रहते हुए नए साल का स्वागत कर सकते हैं...

**गोवा**

नए साल पर घूमने की बात हो और गोवा का नाम ना आए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। वैसे तो आप गोवा कभी भी घूमने जा सकते हैं, लेकिन नए साल का जश्न गोवा में एक बेहद ही अलग तरह से मनाया जाता है। अगर आप यहां गए हैं तो बोहेमियन बीच पार्टी से लेकर नाइट क्लब इवेंट्स में जाएं। दिसंबर के आखिरी दिनों में गोवा में पार्टी का दौर चालू रहता है, ऐसे में आप यहां जमकर मस्ती कर सकते हैं। अगर आप गोवा में न्यू ईयर सेलिब्रेशन करने का मन बना रहे हैं, तो टीटो क्लब, मैम्बो कैफे व बोट क्रूज पार्टी को एन्जॉय करें। अगर आप पहले से ही पैकेज बुक करवाते हैं तो आपको हर व्यक्ति का लगभग पांच से सात हजार रूपए खर्च आएगा।

**ऊटी**

अगर आप शोर-शराबे से दूर एक शांत जगह पर रहकर नए साल का स्वागत करना चाहते हैं तो आपको ऊटी जाना चाहिए। आप यहां पर आकर टी फैक्टी और म्यूजियम, बोटिंग, बोटेनिकल गार्डन में जाएं। साथ ही नए साल की फील लेने के लिए आप सड़कों पर निकल जाएं। वहां पर आतिशबाजी का माहौल देखकर आपके मन को यकीनन काफी अच्छा लगेगा। अगर आप यहां जा रहे हैं तो आपका खर्च सात से आठ हजार रूपए प्रति व्यक्ति आएगा।

**पांडिचेरी**

समुद्र तटों पर बाइक चलाने से लेकर छत पर बने कैफे में घूमने तक पॉन्डिचेरी आपको नए साल में एक अलग ही अनुभव महसूस कराएगा। खासतौर से, अगर आपका बजट काफी कम है और आप किसी बेहतरीन जगह पर घूमना चाहते हैं तो पांडिचेरी यकीनन आपकी जरूरत को पूरा करेगा। अगर आप वहां जा रहे हैं तो श्री अरबिंदो आश्रम, प्रोमेनेड बीच, हेरिटेज वॉक, विइट फ्रेंच कॉलोनी जाएं। यहां पर आपका प्रति व्यक्ति खर्च लगभग चार से पांच हजार आएगा।



# आप भी हैं कैंपिंग के शौकीन तो जरूर जाएं इन बेहतरीन जगहों पर

क्या आपको हैं कैंपिंग करने का शौक और आप खोज रहे हैं कोई ऐसी जगह जगहां पर आप आराम से और शांत वातावरण में कैंपिंग कर पाएं तो आज हम आपके लिए लाएं है कुछ ऐसी जगहों के बारे में जहां पर आप आराम से और शांत वातावरण में कैंपिंग कर सकते हैं। नेश्नल पार्क से प्राइवेट ग्राउंड तक यह हैं कुछ बहुत ही बेहतर जगह कैंपिंग करने के लिए। तो आईए जानते हैं इन जगहों के बारे में –

अलास्का-यह सबसे मशहूर और सबसे बेहतरीन कैंपिंग ग्राउंड्स में से एक हैं। यह जगह अलास्का के कूपर लैंडिंग में स्थित हैं। यह तीन कैंपसाइट लूप प्रदान करता है, जिनमें से एक झील पर है। यह वन्यजीवों के अवलोकन के लिए एक आदर्श स्थल है, जिसमें लायनक्स, भालू, गिलहरी और लॉन शामिल हैं। यहां पर जाने का सही समय मई से सितंबर का हैं।

अरिज़ोना-ग्रैंड कैन्यन-यह एक ऐसी कैंपिंग साइट हैं जो कि यहां के पर्यटकों के बीच काफी मशहूर हैं। यहां पर हर साल कई पर्यटक कैंपिंग करने आते हैं। रात के समय यहां का नज़ारा देखने लायक होता हैं। अगर आप यहां पर कैंपिंग का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो मार्च से मई और सितंबर से नवंबर आपके लिए एकदम सही समय हैं।

अर्कांसस-पेटिट जीन स्टेट पार्क-यह पार्क अर्कांसस का पहला स्टेट पार्क हैं। यह जगह अपने पर्यटकों के 125 कैंपिंग साइट्स प्रदान करती हैं। यह जगह परिवार के साथ जाने के लिए काफी अच्छी हैं। यहां पर आपको मछली पकड़ना, स्विमिंग पूल, प्लेगाउंड, टेनिस और बास्केटबॉल कोर्ट और वॉटर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां उपलब्ध कराई जाती हैं। यहां पर और भी कई खूबसूरत जगह भी हैं। यहां पर जाने का सही समय अक्टूबर से नवंबर क बीच का हैं।

कैलिफोर्निया-योसेमाइट नेशनल पार्क-वैसे तो कैलिफोर्निया में घूमने के लिए कई सारे नेश्नल पार्क्सहैं लेकिन यह पार्क कैलिफोर्निया का सबसे मशहूर पीर्क हैं। बता दें कि इस पार्क को यूनेस्कों की सूची में भी शामिल किया गया हैं। यहां पर आपकोसिकोइया के पेड़ और झरनों क बीच अपना समय बीताने का मौका मिलेगा। आपको यहां पर कैंपिंग करने के लिए पहले से ही रिसर्वेशन करना हेगा। अगर आप यहां पर कैंपिंग करने जाना चाहते हैं तो आपको मई से अक्टूबर और नवंबर से दिसंबर क बीच जाना चाहिए।

मिनेसोटा-स्प्लिट रॉक लाइटहाउस स्टेट पार्क-यहां पर आपको काफी सारे पर्यटक मिल जाएंगे यह कैंपिंग करने वाले पर्यटकों के लिए एक बहुत ही पसंदीदा स्थल हैं। इसलिए अगर आप यहां पर कैंपिंग के लिए जाना चाहते हैं तो आप अपने लिए पहले से ही रिसर्वेशन कर लें। यहां कई पर्यटक कैंपिंग के साथ साथ हाइकिंग और फिशिंग भी करने आते हैं। यहां पर जाने का सही समय जून से अगस्त के बीच का हैं।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले ब्रिस्बेन पहुंची भारतीय टीम

एजेंसी

**ब्रिस्बेन।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के तीसरे टेस्ट मैच से पहले ब्रिस्बेन पहुंच गई। पांच मैचों की सीरीज में दोनों टीमें एक-एक टेस्ट जीतकर बराबरी पर हैं। ट्रैविस हेड के घरेलू मैदान पर शानदार शतक और मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सीरीज का तीसरा मैच शनिवार से प्रतिष्ठित गाबा में शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने टीम इंडिया के एडिलेड से ब्रिस्बेन की यात्रा की एक क्लिप साझा की है। टीम तीसरे टेस्ट मैच में शक्तिशाली ऑस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ने के लिए उत्साहित है और आराम के मूड में है।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: नंबर वन बल्लेबाज बने हैरी ब्रूक, गेंदबाजों में बुमराह शीर्ष पर बरकरार

**नई दिल्ली।** हैरी ब्रूक ने जो रूट को पछाड़कर नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं गेंदबाजों की सूची में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बने हुए हैं।आईसीसी ने एक बयान में कहा, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बदलाव हुआ है, जबकि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के सितारों ने अद्यतन सूची में बड़ी बढ़त हासिल की है। पिछले हफ्ते वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने आठवें टेस्ट शतक के दम पर ब्रूक ने रूट को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया, इंग्लैंड के दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अब रैंकिंग में रूट पर एक अंक की बढ़त बना ली है। ब्रूक के कुल 898 रेटिंग अंक हैं, जबकि रूट के 897 अंक हैं। रूट ने इस साल जुलाई में न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था और अपने शानदार करियर में कुल नौ बार पहले स्थान पर रहे हैं। ब्रूक ने बेसिन रिजर्व में ब्लैक कैप्स पर इंग्लैंड की 323 रनों की प्रभावशाली जीत के दौरान 123 और 55 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टार ट्रैविस हेड छह पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर और दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पूर्व नंबर 1 रैंक वाले बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज दिनेश चांदीमल (दो पायदान ऊपर 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरिन (15 पायदान ऊपर 23वें स्थान पर) भी टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में ऊपर चढ़े हैं।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : वेंकटेश अय्यर के हरफनमौला प्रदर्शन से मध्य प्रदेश सेमीफाइनल में

**अलूर (कर्नाटक)।** हरप्रीत सिंह और वेंकटेश अय्यर की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत मध्य प्रदेश ने अलूर में सौराष्ट्र को चार गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर 2010-11 के बाद पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में मध्य प्रदेश ने 19.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वेंकटेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाए, इसके अलावा उन्होंने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। दूसरी तरफ हरप्रीत ने नौ गेंदों पर आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 22 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मध्य प्रदेश के लिए अर्पित गौड़ (29 गेंदों पर 42 रन), सुभ्रांशु सेनापति (16 गेंदों पर 24 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (18 गेंदों पर 28 रन) ने भी मध्य प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, सौराष्ट्र के लिए चिराग जानी ने 45 गेंदों पर नाबाद 80 रन बनाए। जानी ने अपनी पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने सौराष्ट्र के लिए आखिरी तीन ओवरों में 45 रन जोड़े। एक समय 36 गेंदों पर 54 रन बनाने वाले गोहिल ने 18वें ओवर से दो चौके और एक छक्का लगाया।

## ऋषि सिंह ने की शानदार बल्लेबाजी, टाइम्स आफ इंडिया ने हिंदुस्तान टाइम्स को हराया

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच फहीम (3 विकेट) की अगुवाई में धारदार गेंदबाजी से इलेक्ट्रानिक मीडिया एकादश ने एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग में मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश को सात विकेट से हराते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर खेली जा रही लीग में दूसरे मैच में मैन ऑफ द मैच ऋषि सिंह सेंगर (60 रन, 2 विकेट) के आलराउंड खेल के बदौलत टाइम्स आफ इंडिया ने हिंदुस्तान टाइम्स को 33 रन से हराया।पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस जीत के बाद पूल ए में 3 मैचों में 3 जीत के चलते 6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसी पूल से इलेक्ट्रानिक मीडिया 3 मैचों में 2 जीत के चलते 4 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। पहले मैच में मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.2 ओवर में 55 रन ही बना सका।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने भारत को 83 रन से हराया

एजेंसी

**पर्थ ।** ऐनाबेल सदरलैंड (110 रन और एक विकेट) और एश्ली गार्डनर (50 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और कप्तान तालिया मैक्ग्रा (नाबाद 56) की अर्धशतकीय पारियों के बाद दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 83 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज भी जीत ली। ऐनाबेल सदरलैंड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया के 299 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 16 रन के स्कोर पर ऋचा घोष (दो) का विकेट गवां दिया। हालांकि इसके बाद स्मृत मंधाना और हरलीन देओल के बीच दूसरे विकेट के लिये 118 रनों की साझेदारी हुई। 28वे ओवर में अलाना किंग ने अपनी ही गेंद पर हरलीन देओल (39) को कैच कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (12), जेमिमाह रॉड्रिग्स



(16), मिन्नू मनी (आठ), अरुंधति रेड्डी (पांच), तितास साधु (तीन) रन बनाकर आउट हुई। स्मृति मंधाना एक छोर थामे खड़ी रही और उन्होंने (105) रनों की शतकीय पारी खेली। मंधाना ने अपनी शतकीय पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण 28वें ओवर से सक्रिय हुआ और उसने भारतीय टीम की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। भारत की पूरी टीम 45.1 ओवर 215 रन पर सिमट गई। भारत के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।ऑस्ट्रेलिया की ओर से एश्ली गार्डनर ने पांच विकेट लिये। मेगन शूट और अलाना किंग को दो-दो विकेट मिले। ऐनाबेल सदरलैंड ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए फीबी लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 58 रन जोड़े। 11वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने जॉर्जिया वॉल (26) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर की चौथे गेंद पर अरुंधति ने फीबी लिचफील्ड (25) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 15वें ओवर में अरुंधति ने एलिस पेरी (चार) को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। बेथ मूनी (10) भी अरुंधति का शिकार बनी। इसके बाद ऐनाबेल सदरलैंड और एश्ली गार्डनर की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 34वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने एश्ली गार्डनर (50) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एश्ली गार्डनर के जाने के बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने ऐनाबेल सदरलैंड का बखूबी साथ निभाया। आखिरी ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड 95 गेंदों में (110) रन बनाकर रनआउट हुई।

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप 2024 : 13वें राउंड के बाद डिंग लिरेन ने गुकेश को बराबरी पर रोका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर भारत के डी. गुकेश ने सिंगापुर



के रिज़ॉर्ट वर्ल्ड सेंटोसा में चल रहे विश्व शतरंज चैम्पियनशिप 2024 में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन चीनी ग्रैंड मास्टर ने अपना सर्वश्रेष्ठ रक्षात्मक खेल दिखाया और 13वें गेम में गुकेश को बराबरी पर रोक दिया। 13 राउंड के बाद स्कोरलाइन 6.5-6.5 से बराबर है और इस चैम्पियनशिप में केवल एक और गेम शेष है।गुकेश ने d4 से शुरुआत की और डिंग ने फ्रेंच डिफेंस गेम खेलने के लिए e6 से जवाब दिया।इससे पहले सोमवार को, डिंग ने गुकेश को सफेद मोहरों से हराया जिससे उन्हें विश्व चैम्पियनशिप श्रृंखला में बराबरी हासिल करने में मदद मिली।डिंग के पास गुरुवार को आखिरी बार सफेद मोहरे होंगे। यदि चैंपियनशिप 14 राउंड के बाद टाई हो जाती है, तो यह गेम टाई-ब्रेक में छोटे समय के प्रारूप में चली जाएगी।

## दिल्ली, उप्र को 19 रनों से हराकर एसएमएटी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**बेंगलुरु।** अनुज रावत (नाबाद 73), प्रियांश आर्य (44), यश ढुल (42) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश को 19 रनों से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 45 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। करण शर्मा (एक), आर्यन जुयाल (11) और नीतीश राणा (दो) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद प्रियम गर्ग के साथ रिंकू सिंह ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वे ओवर में प्रिंस यादव ने रिंकू सिंह (10) को विकेटकीपर अनुज के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। उत्तर प्रदेश को जीत की ओर ले जा रहे प्रियम गर्ग को 12वें ओवर में समरजीत सिंह ने अपना शिकार बना लिया। प्रियम गर्ग ने 34 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुये (54)रनों की पारी खेली। 14वें ओवर में प्रिंस यादव ने समीर रिजवी (26)



को आउट कर दिल्ली को छठी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में हर्ष त्यागी ने विपराज निगम (सात) को आउट कर उत्तरप्रदेश को संकट में डाल दिया। आठवां विकेट शिवम मावी (चार) का गिरा। आखिरी ओवरों में कप्तान भुवनेश्वर कुमार और मोहसिन खान ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया। 19वें ओवर में आयुष बदोनी ने भुवनेश्वर कुमार (20) को आउट कर इस आतिशबाजी का अंत किया। मोहसिन खान 18 रन बनाकर नाबाद रहे। उत्तर प्रदेश की टीम 20ओवर में 174 रन पर ढ़ेर हो गई। दिल्ली ने 19 रनों से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दिल्ली की ओर से प्रिंस यादव ने तीन विकेट लिये। आयुष बदोनी, सुयश शर्मा को दो-दो विकेट मिले। इशांत शर्मा, सिमरजीत सिंह, और हर्ष त्यागी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां उत्तर प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद को रोमांचक मुकाबले में विश्व नंबर वन जोड़ी से मिली हार

एजेंसी

**हांगझोउ ।** त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी को ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 में महिला युगल के अपने पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। आज यहां चीन के हांगझोउ में पहली बार इस टूर्नामेंट में खेल रही भारतीय जोड़ी को टोक्यो ओलंपिक 2024 की रजत पदक लियू शेंग शु और तन निंग से 22-20, 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

बैडमिंटन रैंकिंग में 13वें पायदान पर काबिज त्रिशा और गायत्री ने विश्व नंबर वन चीनी जोड़ी के खिलाफ शुरुआती गेम में 13-8 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद जल्द ही 19-19 से स्कोर बराबरी पर हो गया, लेकिन भारतीय जोड़ी ने पहले गेम को 22-20 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी करीबी टक्कर देखने को मिली, लेकिन एक बार फिर चीनी जोड़ी ने अपनी बढ़त 17-12 तक बढ़ा दी। हालांकि भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए 18-18 से बराबरी



की। इस बार चीनी जोड़ी ने दबाव में अच्छा खेल दिखाया और 22-20 से जीत हासिल की और मैच निर्णायक गेम में पहुंचा। तीसरे गेम में लियू शेंग शु और तन निंग ने अपनी अनुभव का फायदा उठाया और एक समय स्कोर 11-5 हो गया। इस बार त्रिशा और गायत्री की वापसी की कोशिशें नाकाम रहीं और चीनी जोड़ी ने अंतिम गेम 21-14 से जीतकर मैच अपने नाम कर किया।त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद 2024 के बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में गुरुवार को मलेशिया की पर्ली तन और थिनाह मुरलिथरन के खिलाफ खेलेंगी।

## दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को 11 रनों से शिकस्त दी

एजेंसी

**डरबन।** जॉर्ज लिंडे (48 रन और चार विकेट) के हरफनमौल प्रदर्शन और डेविड मिलर (82) रनों की आतिशी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 11 रनों से शिकस्त दी। जॉर्ज लिंडे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

दक्षिण अफ्रीका के 183 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने बाबर आजम (शून्य) का विकेट तीसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद सईम अयूब ने कप्तान मोहम्मद रिजवान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में ऐंडिले सिमेलाने ने सईम अयूब (31) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 10वें ओवर मे लिंडे ने उस्मान खान (नौ) को आउट किया। तय्यब ताहिर (18), शाहीन शाह अफरीदी (नौ), इरफान



खान (एक) और अब्बास अफरीदी (शून्य) पर आउट हुये। हालांकि कप्तान मोहम्मद रिजवान एक छोर थामे खड़े रहे। 20वें ओवर में वेना मफाका ने मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। रिजवान ने 62 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुये (74) रनों की पारी खेली। हारिस रउफ (दो) और सुफियान मकीम (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 172 रन ही बना सकी और 11 रनों से मैच हार गई। वेस्टइंडीज की ओर से जॉर्ज लिंडे ने 21 रन देकर चार विकेट लिये। वेना मफाका को दो विकेट मिले। ऑटनील बार्टमैन और ऐंडिले सिमेलाने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड मिलर (82) और जॉर्ज लिंडे (48) रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 183रन का स्कोर खड़ा किया। कप्तान हाइनरिक क्लासन (12) और वेना मफाका (नाबाद (12) रनों का योगदान दिया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट झटके। अब्बास अफरीदी को दो विकेट मिले। सुफियान मकीम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मुरादाबाद के रोल बॉल के तीन खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश टीम में चयन

एजेंसी

**मुरादाबाद।** जिला रोल बॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि जिला रोल बॉल के तीन खिलाड़ियों का मिनी सब जूनियर अंडर 11 और जूनियर अंडर 17 राष्ट्रीय स्तरीय नॉर्थ जोन रोल बॉल प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम में चयन हुआ है। यह तीनों चयनित खिलाड़ी 13 दिसम्बर को मुरादाबाद से देहरादून के लिए रवाना होंगे। शाहवेज़ अली ने आगे बताया कि 13 से 15 नवम्बर तक उत्तराखंड रोल बॉल संघ द्वारा देहरादून में स्थित परेड ग्राउंड स्टेडियम में मिनी सब जूनियर अंडर 11 और जूनियर अंडर 17 राष्ट्रीय नॉर्थ जोन रोल बॉल प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। जिसमें देश भर के टॉप आठ राज्यों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और उत्तराखंड की टीमें प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद की तीन बालिका खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश टीम में चयन हुआ है।

जिसमें अंडर 11 बालिका वर्ग में आर एस डी स्पोर्ट्स एकेडमी की पीहू सिंघल और मुदीता का चयन हुआ है व अंडर 17 बालिका वर्ग में सिद्धि खुराना का चयन हुआ है।इस अवसर पर आर एस डी स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक डॉ विनोद कुमार, डॉ जी कुमार, डॉ अजय शर्मा, डॉ गरिमा शर्मा सहित सभी ने तीनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उसका मनोबल बढ़ाया।

## एचआईएल जैसी लीग में खेलने का सपना देखा करती थी: वंदना कटारिया

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम में करीब 15 साल के कठिन सफर के बाद, वंदना कटारिया इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने की कगार पर हैं क्योंकि वह अगले साल की शुरुआत में उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए मैदान में उतरने के लिए खुद को तैयार कर रही हैं।वंदना ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हमारे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि महिला एचआईएल आखिरकार शुरू हो रही है। शिविर में उत्साह है क्योंकि सभी खिलाड़ी इस अनुभव का आनंद लेने और उच्च स्तर पर हॉकी खेलने के लिए उत्सुक हैं। हम सभी उम्मीद कर रहे हैं कि महिला एचआईएल एक बड़ी सफलता होगी और पुरुषों की एचआईएल जितनी ही चर्चा बटोरेगी। और हम बेहद उत्साहित हैं और इसे संभव बनाने के लिए हॉकी इंडिया का जितना धन्यवाद करें, कम है।वंदना भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए



317 मैच खेल चुकी हैं और इस दौरान उन्होंने 158 गोल किए हैं। वह उस टीम का भी अहम हिस्सा थीं, जिसने तमाम मुश्किलों के बावजूद टोक्यो 2022 ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल किया। फिर भी, एचआईएल में खेलने के विचार ने उनके अंदर जोश भर दिया और वंदना इसका श्रेय एचआईएल के भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर पड़ने वाले प्रभाव को देती हैं।वंदना ने बताया, पिछले संस्करणों में, पुरुष टीम को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ घुलने-मिलने, उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने का मौका मिला और जैसा कि सभी देख सकते हैं, इससे टीम को काफी मदद मिली है और वे अब लगातार पदक जीत रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इस साल जब महिला एचआईएल चार टीमों के साथ शुरू होगी, तो भी यही प्रभाव होगा। यह उन खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा अवसर होगा, जो राष्ट्रीय शिविर में अपनी क्षमता दिखाने और विभिन्न कोचों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने में विफल रहे। इससे भारतीय महिला हॉकी टीम में आने वाली प्रतिभाओं के बेल्ट को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

## स्नूकर : मेरठ के शाहजेब सैफी ने लखनऊ के अशर को दी मात

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ के अक्षय कुमार ने तनुज कोहली मेमोरियल नॉर्थ इंडिया ओपन स्नूकर टूर्नामेंट के चौथे दौर में बेहतरीन खेल दिखाया और जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यूपीबीएसए (उत्तर प्रदेश बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन) के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट के चौथे दौर में लखनऊ के तिग्मांशु सिंह, कंकन शम्सी व अशर अबरार को हार मिली। पिछले साल यूपी स्टेट चैंपियन रहे मेरठ के शाहज़ेब सैफी ने लखनऊ के अशर अबरार के खिलाफ 4-0 से शानदार जीत दर्ज की।6 रेड स्नूकर में भारत के पूर्व नंबर 1 लखनऊ के अक्षय कुमार ने देहरादून के रोहित गर्ब्याल को रोमांचक मैच में 4-3 से शिकस्त दी। इस रोमांचक मैच में दोनों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट रणनीतिक गेमप्ले दिखाते हुए मैच को रोमांचक निर्णायक फ्रेम में में पहुंचा दिया। अक्षय ने अंतिम क्षणों में अक्षय कड़ी टक्कर देते हुए जीत दर्ज की। पिछले साल यूपी स्टेट चैंपियन रहे मेरठ के शाहज़ेब सैफी ने लखनऊ के अशर अबरार के खिलाफ 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। शाहज़ेब ने रोमांचक मुकाबले में शुरू से ही पकड़ बना ली और लगातार 3 फ्रेम हासिल किए। उन्हांने और तीसरे फ्रेम में 122 अंकों का टूर्नामेंट का पहला शतकीय ब्रेक लगाया। उनके सामने वापसी की कवायद में अशर ने बढ़िया रणनीति से शाहज़ेब को मुश्किल में डाल दिया। हालांकि शाहज़ेब ने संयम के साथ दबदबा बनाते हुए सटीकता का प्रदर्शन किया और मैच को जीत लिया। वहीं पूर्व 6 रेड स्नूकर विश्व चैंपियन व इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के लक्ष्मण रावत ने लखनऊ के तिग्मांशु सिंह को 4-0 से हराया।

## वेस्टइंडीज ने बंगलादेश को सात विकेट से हराया

एजेंसी

**बासटेयर।** जेडेन सील्स (चार विकेट) के बाद ब्रैंडन किंग (89),एविन लुइस (49) और केसी कार्टी (45) रनों शानदार प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को सात विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।228 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए ब्रैंडन किंग और एविन लुइस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 109 रन जोड़े। 21वें ओवर में रिशाद हुसैन ने एविन लुइस (49) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट ब्रैंडन किंग (89) के रूप में गिरा। उन्हें 29वें ओवर में नाहिद राणा ने बोल्ड आउट किया। 197 के स्कोर पर केसी कार्टी (45) वेस्टइंडीज की ओर से आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। कप्तान शे होप (नाबाद17) और शरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 24)ने 36.5 ओवर में तीन विकेट पर 230 रन बनाकर बंगलादेश पर सात विकेट से जीत दर्ज



की।बंगलादेश की ओर से नाहिद राणा, रिशाद हुसैन और अफिफ हुसैन ध्रुबो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम ने महमुदउल्लाह (62),तंजिद हसन (46), तनजीम हसन साकिब (45), अफिफहुसैन ध्रुबो (24) और शोरिफुल इस्लाम (15) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश की पूरी टीम 45.5 ओवर में 227 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स ने चार विकेट लिये। गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले। मार्किनो मिंडले, रोमारियो शेफर्ड, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विदर्भ को छह विकेट से हराकर मुंबई पहुंचा एसएमएटी के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**बेंगलुरु ।** अजिंक्य रहाणे (84), पृथ्वी शॉ (49), सूर्यांश हेगड़े (नाबाद 36) और शिवम दुबे (नाबाद 37) की आतिशी पारियों की मदद से मुंबई ने विदर्भ को छह विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई की पृथ्वी शॉ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 83 रन जोड़े। सातवें ओवर में दिपेश परवानी ने पृथ्वी शॉ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। पृथ्वी शॉ ने 26 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (49) रन बनाये। नौवें ओवर में यश ठाकुर ने शतक की ओर बढ़ रहे अजिंक्य रहाणे को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अजिंक्य रहाणे ने 45 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुये (84)रनों की तूफानी पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर (पांच) और सूर्यकुमार यादव (10) रन बनाकर आउट हुये। शिवम दुबे ने 22 गेंदों में (नाबाद 37) और सूर्यांश हेगड़े ने 12 गेंदों में (नाबाद 36) रनों की पारी खेलते हुए अपनी टीम को 19.2 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर छह विकेट से जीत दिला दी। विदर्भ की ओर से दिपेश परवानी ने दो विकेट लिये। हर्ष दुबे और यश ठाकुर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां मुम्बई



ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ के लिए अथर्व तायडे और करुण नायर की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। छठे ओवर में अथर्व अनकोलेकर ने करूण नायर को बोल्ड कर मुंबई को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में तनुष कोटियान ने पार्थ रेखड़े (एक) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अपूर्व वानखड़े ने अथर्व तायडे के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे।

15वें ओवर में अथर्व अनकोलेकर ने अथर्व तायडे को पगबाधा आउट किया। अर्थव तायडे ने 41 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (66) रन बनाये। 17वें में सूर्यांश हेगड़े ने अपूर्व वानखड़े को बोल्ड कर दिया। अपूर्व वानखड़े ने 33 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए (51) रनों की पारी खेली। कप्तान जितेश शर्मा (11), मंदार महाले (13) रन बनाकर आउट हुये। शुभम दुबे 19 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रन पर नाबाद रहे। विदर्भ ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 221 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

मुम्बई की ओर से अथर्व अनकोलेकर और सूर्यांश हेगड़े ने दो-दो विकेट लिये। तनुष कोटियान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



# न आलिया भट्ट

## न दीपिका.... बॉलीवुड की वो 2 FLOP एक्ट्रेस, 2024 में जिन्हें दुनियाभर के लोग करते रहे गूगल पर सर्च!



गूगल पर हर सेकंड लोग कुछ न कुछ सर्च करते रहते हैं. इसमें फिल्में, लोग, सीरीज और मैच समेत कई चीजें शामिल हैं. गूगल साल के एंड में कैटेगरी वाइस अलग-अलग लिस्ट जारी करता है. 2024 की लिस्ट आ गई है. जहां भारत में सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली फिल्म 'स्त्री 2' बनी, तो वहीं दूसरी ओर दुनियाभर में जिन 10 लोगों को सबसे ज्यादा सर्च किया गया है, उसमें दो बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हैं.जिन दो एक्ट्रेस ने मोस्ट सर्च टॉप 10 ग्लोबल पर्सनालिटी में जगह बनाई है, वो हिना खान और निमरत कौर हैं. यह दोनों ही नाम इस साल खूब सुर्खियां बटोर चुके हैं. जहां हिना खान अपनी बीमारी कैंसर की वजह से सर्च होती रहीं, तो निमरत कौर को सर्च करने की वजह अभिषेक बच्चन बने.

**गूगल की ग्लोबल सर्च लिस्ट में हिना**

टीवी का पॉपुलर चेहरा हिना खान लाइमलाइट में रहती हैं. ब्रेस्ट कैंसर की गंभीर बीमारी से जंग लड़ रहीं हिना खान अक्सर फैन्स को अपना हेल्थ अपडेट देती रहती हैं. पर अब उनके लिए एक गुड न्यूज आई है. दरअसल दुनियाभर में जिन सेलेब्स को 2024 गूगल में सर्च किया गया, उसमें से एक हिना भी हैं. कुछ वक्त पहले ही उन्होंने बेस्ट कैंसर की शॉकिंग न्यूज फैन्स को दी थी. अब ट्रीटमेंट, उसके साइड इफेक्ट्स से जुड़ी जानकारी लोगों तक पहुंचाती हैं.कुल मिलाकर हिना खान कैंसर से जंग लड़ने के साथ ही लोगों को जागरूक कर रही हैं. वहीं अपने पॉजिटिव एटिट्यूड से सबका ध्यान खींचा है. कई टीवी शोज कर चुकी हैं. एक्ट्रेस को कुछ वेब सीरीज में भी देखा गया था. पर जिस बॉलीवुड फिल्म में वो नजर आईं, वो फ्लॉप हो गई थी.

**निमरत कौर हुई सबसे ज्यादा सर्च**

पिछले लंबे वक्त से बॉलीवुड एक्ट्रेस निमरत कौर भी काफी सुर्खियां बटोर चुकी हैं. इसकी वजह न तो कोई फिल्म या वेब सीरीज है, न ही शादी. निमरत कौर का नाम अभिषेक बच्चन से जुड़ रहा है. ऐसी अफवाहें थीं कि दोनों डेट कर रहे हैं. वहीं रेडिट पर तो लोग यहां तक कहने लगे थे कि निमरत की वजह से वो ऐश्वर्या राय को छोड़ रहे हैं. हालांकि, दोनों की तरफ से इस अफवाह पर कभी कोई रिएक्शन नहीं दिया गया है.निमरत कौर जिन भी फिल्मों में दिखी हैं, वो फ्लॉप रही हैं. हालांकि, निमरत कौर और अभिषेक बच्चन फिल्म 'दसवीं' में नजर आ चुके हैं. चर्चा में आने के बाद दोनों की फिल्म की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगी थी.

## अविनाश मिश्रा बने नए 'टाइम गॉड', मदद के लिए आगे आए रजत दलाल



'बिग बॉस 18' के घर में नॉमिनेशन के टास्क के बाद 'टाइम गॉड' टास्क का ऐलान किया गया. नए 'टाइम गॉड' के लिए बिग बॉस के घर में एक दिलचस्प टास्क हुआ और इस टास्क के तहत अविनाश मिश्रा, चुम दरांग, श्रुतिका राज और रजत दलाल 'टाइम गॉड' के लिए नए दावेदार बन गए. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अविनाश मिश्रा सलमान खान के शो के नए 'टाइम गॉड' बन गए हैं. लेकिन उनके 'टाइम गॉड' बनने के पीछे रजत दलाल का बहुत बड़ा हाथ है. अगर रजत दलाल मदद न करते तो अविनाश मिश्रा की जगह चुम दरांग बिग बॉस के घर की 'टाइम गॉड' बनतीं.'टाइम गॉड' की टास्क में 4 दावेदारों को एक बर्तन में पानी लेकर गोल-गोल घूमना था. जिसके बर्तन में आखिर तक पानी बचेगा, उसे बिग बॉस 'टाइम गॉड' बनाने वाले थे. चुम दरांग, श्रुतिका राज, रजत दलाल और अविनाश मिश्रा के बीच चल रहे इस टास्क में सबसे पहले श्रुतिका राज को 'टाइम गॉड' की दावेदारी से बाहर किया गया. श्रुतिका के बाद सभी घरवालों ने मिलकर रजत दलाल को टास्क से बाहर करने की कोशिश की और वो इस कोशिश में कामयाब भी हो गए. रजत दलाल के बाहर होने के बाद चुम दरांग और अविनाश मिश्रा में आखिरी मुकाबला हुआ.

**अविनाश बने 'टाइम गॉड'**

अविनाश और चुम के बीच हो रहे इस मुकाबले में चुम दरांग जीतने वाली थीं. लेकिन रजत दलाल ने अचानक अविनाश मिश्रा का साथ देने का फैसला लिया और इस वजह से चुम सलमान खान के शो के 'टाइम गॉड' टास्क से बाहर हो गईं. आखिरकार बिग बॉस की तरफ से अविनाश मिश्रा को नया 'टाइम गॉड' घोषित कर दिया गया. अविनाश के 'टाइम गॉड' होने का सीधा फायदा उनके दोस्त विवियन डीसेना, ईशा सिंह और तेजिंदर सिंह बग्गा को होने वाला है. यानी इस हफ्ते भी करणवीर मेहरा, शिल्पा शिरोडकर और चुम दरांग का ग्रुप अविनाश के निशाने पर होगा.

**विवियन और अविनाश में हुई दोस्ती**

हाल ही में बिग बॉस के घर में हुए नॉमिनेशन टास्क में अविनाश मिश्रा ने विवियन डीसेना को नॉमिनेट किया था. उनका उठाया हुआ ये कदम देखकर उम्मीद की जा रही थी कि विवियन और उनकी दोस्ती टूट जाएगी. लेकिन दोनों की दोस्ती अब भी बरकरार है.

## 'सेक्रेड गेम्स' की इस एक्ट्रेस ने कास्टिंग काउच पर किया बड़ा खुलासा, बोलीं- अगर आप स्टारकिड हैं तो....



कास्टिंग काउच हिंदी सिनेमा का ऐसा सच है, जिसके बारे में लगभग हर स्टार बात कर चुका है. फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के इरादे से जो लड़कियां आती हैं वो अक्सर इसकी शिकार होती हैं. सिर्फ अभिनेत्रियां ही नहीं कास्टिंग काउच का शिकार कई एक्टर्स भी हो चुके हैं. 2018 के आस-पास जब बॉलीवुड में मीटू कैंपेन चला तो कई सितारों ने कास्टिंग काउच की कहानी शेयर की और अब इसपर एलनाज नौरोजी ने भी बड़ा खुलासा किया है.एलनाज नौरोजी ने हाल ही में फिल्मी ज्ञान को इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने कास्टिंग काउच पर होने वाली इंडस्ट्री की सच्चाई बताई है. कौन इसका शिकार हो सकता है और कौन नहीं हो सकता, एक्ट्रेस ने बेबाकी से इसपर अपनी राय रखी है.

**कास्टिंग काउच पर क्या बोलीं एलनाज नौरोजी ?**

फिल्मी ज्ञान के इंटरव्यू में एलनाज से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी कास्टिंग काउच फेस किया है ? इसपर एक्ट्रेस ने कहा, 'हांञ्कास्टिंग काउच तो सब फेस करते हैं. अगर आप बॉलीवुड इंडस्ट्री से हैं या कोई स्टारकिड हैं तो ये आपके साथ नहीं होगा. वैसे मुझे नहीं पता है उनके साथ ऐसा होता है या नहीं मैं बस अपनी राय रख रही हूं.एक्ट्रेस इस पर आगे कहती हैं, 'अगर आप करियर के शुरुआती दिनों में हैं या इंडस्ट्री में नए हैं तो ये सबकुछ होता है.' इसके बाद एक्ट्रेस से पूछा गया कि आपने इससे डील कैसे किया ? क्या आपको डर नहीं लगा ? इस पर एक्ट्रेस कहती हैं, 'हां..शुरू में तो मैं डर गई थी, लेकिन फिर सोचा इसे कैसे हैंडल कर सकते हैं.'

**कास्टिंग काउच को कैसे रोक सकते हैं ?**

एलनाज ने इसी इंटरव्यू में आगे कहा, 'बस इतना कर सकते हैं कि उनसे दोबारा नहीं मिलेंगे, उनके साथ काम नहीं करेंगे और कुछ नहीं कर सकते. जब आपका इंडस्ट्री में कोई न हो, खासकर मेरा कोई नहीं था. मैं अकेली थी, इसलिए मुझे खुद हैंडल करना पड़ा और मैंने किया. बस मैं अपनी बता सकती हूं, लेकिन हर किसी की सिचुएशन अलग होती है. 'एक्ट्रेस से पूछा गया कि कास्टिंग काउच अभी भी होता है ? इसपर एक्ट्रेस ने कहा, 'ये हमेशा से होता आया है लेकिन मीटू कैंपेन के बाद से शायद इसमें काफी कमी आई है. मैं भी ये जानना चाहती हूं कि नए लोगों के साथ ऐसा हो रहा है या नहीं क्योंकि ये बहुत ही इंट्रेस्टिंग है. मुझे ज्यादा नहीं पता है इस बारे में फिलहाल तो मैं कुछ नहीं कह सकती.'



### बिग बॉस 13 विनर

# सिद्धार्थ शुक्ला

## की अचानक मौत कैसे हुई थी? मां ने किया था

सालों पहले टीवी का एक सितारा आसमान में खो गया, लेकिन फैंस आज भी उसे याद करते हैं. उस सितारे का नाम सिद्धार्थ शुक्ला था, जिन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से फैंस का दिल जीता और फैंस ने उन्हें हमेशा कामयाब बनाया, लेकिन कम उम्र में जिंदगी की लड़ाई सिद्धार्थ हार गए, जिनके जाने की वजह साफतौर पर सामने आई, लेकिन फिर भी जो डाय हार्ट फैंस हैं, वो आज भी यकीन नहीं कर पाते कि सिद्धार्थ अब इस दुनिया में नहीं.सिद्धार्थ शुक्ला अपनी मां और बहन के बेहद करीब थे और उनकी याद में मां-बहन ने एक शांति पाठ रखवाया था. सिद्धार्थ शुक्ला की प्रार्थना सभा के बाद उनकी मां रीता शुक्ला ने मीडिया को सिद्धार्थ के जाने की वजह बताई थी. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ शुक्ला का जाना किसकी इच्छा थी.

**सिद्धार्थ शुक्ला का शुरुआती करियर**

12 दिसंबर 1980 को सिद्धार्थ का जन्म मुंबई में हुआ था. सिद्धार्थ के पिता सिविल इंजीनियर थे जो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी रैंक पर काम करते थे. वहीं सिद्धार्थ की मां रीता शुक्ला हाउसवाइफ रहीं और ब्रह्मकुमारीज से जुड़ी हैं. 6 साल की उम्र में सिद्धार्थ ने अपने पिता को खो दिया था और उनकी मां के ऊपर सिद्धार्थ के साथ उनकी बड़ी बहन की जिम्मेदारी आई. सिद्धार्थ ने इंटीरियर डिजाइनर में बैचलर्स की पढ़ाई की और साथ ही मॉडलिंग भी करते थे.

सिद्धार्थ टेनिस और फुटबॉल अच्छे से खेलना जानते थे और अंडर 19 फुटबॉल क्लब का हिस्सा भी रहे. इंटीरियर डिजाइनर के तौर पर सिद्धार्थ ने कुछ साल काम भी किया, लेकिन फिर 2004 में ग्लैड्रैग्स मैनहंट एंड मेगामॉडल कॉन्टेस्ट में रनरअप बने. सिद्धार्थ पहली बार इला अरुण के म्यूजिक वीडियो 'रेशम का रुमाल' में नजर आए थे.2005 में सिद्धार्थ ने वर्ल्ड्स बेस्ट मॉडल कॉन्टेस्ट में भारत को रिप्रेजेंट किया था. इसके बाद सिद्धार्थ ने कई ब्रांड्स के लिए विज्ञापन भी किए. बतौर एक्टर सिद्धार्थ को पहला मौका 'बाबुल का आंगन छूटे ना' (2008) में मिला. इसके बाद सिद्धार्थ ने कई टीवी सीरियल किए, लेकिन इन्हें पहचान 'बालिका वधु' 2012 से मिली. इसी के बाद सिद्धार्थ को पहली फिल्म हम्टी शर्मा की दुल्हनिया (2014) मिली, जिसमें सिद्धार्थ ने अहम रोल निभाया था.

**'बिग बॉस 13' के बाद बढ़ा था सिद्धार्थ शुक्ला का स्टारडम**

2019 में 'बिग बॉस 13' आया, जिसमें सिद्धार्थ ने बतौर कंटेस्टेंट एंट्री ली थी और बाहर विनर बनकर आए थे. बिग बॉस 13 की ट्रॉफी के साथ सिद्धार्थ के साथ शहनाज गिल भी थीं, जिनके साथ वो रिलेशनशिप में थे. इसके बाद सिद्धार्थ ने एकता कपूर की सुपरहिट वेब सीरीज 'ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल' के सीजन 3 में बतौर लीड एक्टर काम किया.